आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26 सूर्यास्त 06.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083 **

रविवार, 10 मई 2026, वर्ष 7, अंक 165, पृष्ठ 16+4 मूल्य 6 रुपये




श्रम सुधार : देश में लागू होगा चार नई संहिताओं वाला कानून-10



हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट-10



ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय-11



तीरंदाजी विश्व कप में साहिल जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना-12


OUR TOPPER NEET - 2026
EXPECTED MARKS



661 / 720
BUSHRA ANSARI

OUR TOP SELECTIONS IN NEET 2025




NEET - 2027 RANKERS BATCH
(FOR STUDENTS SECURING 500+ MARKS IN NEET - 2026)
STARTING FROM 11 MAY 2026
(Class Size of 30 Students Only)

OUR TOP PERFORMERS IN JEE MAIN - 2026













OUR DEDICATED FACULTY PANEL



PHYSICS BY
VISHAL VARSHNEY SIR
(B.Tech. IIT Kanpur)



CHEMISTRY BY
VIPUL GOVIL SIR
(B.Tech. IIT Dhanbad)



MATHS BY
SUDHIR PANDEY SIR
(M.Sc. IIT Roorkee)



BIOLOGY BY
OMENDRA YADAV SIR
(M.Sc.)

ADMISSION OPEN

1 Year Target Course
For Students appeared in Class 12
: towards :
IIT-JEE & NEET

Pre-Foundation Course
For Students of Class 9 & 10
: towards :
IIT-JEE & NEET

Foundation Course
For Students of Class 11
4 Days Course JEE MAIN / NEET
5 Days Course JEE ADVANCED

MEDIIT
EDUCATIONAL INSTITUTE
149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516 www.mediitbareilly.com

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

# ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS (intake - 250) - Through NEET | (10+2 PCB) | 4½+1 Year |
| 02 | MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET | MBBS | 3 Year |
| 03 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 05 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 07 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 09 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 10 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | BDS (intake - 100) - Throught NEET | (10+2 PCB) | 4+1 Year |
| 11 | MDS (intake - 38) Through MDS NEET | BDS | 3 Year |
| 12 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 13 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 14 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 15 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 17 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 18 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 19 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 20 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 21 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 22 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 25 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 26 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 27 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 28 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 29 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 30 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 31 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 32 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 33 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 34 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

### Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

| | | | |
|---|---|---|---|
| 77 | BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60) | Through NEET (10+2 PCB) | 4½+1 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# उत्तराखंड बॉर्डर पर रोकीं महिलाएं, कांग्रेस नेता चौकी में नजरबंद

## जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम-एसपी से मुलाकात करने की थी तैयारी, सुबह से सख्त रहे बंदोबस्त

**बूंदीभूड़ बवाल**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खोलने के विरोध पर जमा हुए ग्रामीणों और पुलिस प्रशासनिक टीम के बीच हुए बवाल का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। महिलाओं और ग्रामीणों पर आबकारी निरीक्षण की ओर से की गई कार्रवाई के खिलाफ डीएम-एसपी से मुलाकात करने के लिए बसों में भरकर गांव की महिलाओं को जिला मुख्यालय लाया जा रहा था, लेकिन पहले से अलर्ट पुलिस ने उत्तराखंड सीमावर्ती कस्बा मझोला में रोक लिया। वहीं, कांग्रेस नेता भी असम चौराहा पर रोक पुलिस चौकी में बैठा लिए गए। हालांकि घायल कुछ महिलाओं को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चकमा देकर पुलिस लाइन पहुंच गए और सहायक पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र दिलाते हुए लाठीचार्ज करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। फिलहाल सहायक पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दिनभर भारी पुलिस बल कचहरी पहुंचने वाले रास्तों पर मुस्तैद रहा।

बता दें कि करीब दो माह से कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ गांव में पहली बार आवंटित की गई शराब की दुकानों को लेकर ग्रामीण खासकर महिलाएं विरोध कर रही थी। तीन बार एसडीएम, डीएम से शिकायत भी कर चुकी थी। सात मई को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन और आबकारी की टीम गांव पहुंची और दुकान को खुलवाया जा रहा था। इसी दौरान महिलाओं ने पहुंचकर विरोध कर दिया और बवाल हो गया था। तहसीलदार समेत पांच टीम के पांच घायल हुए, जबकि महिलाओं को भी चोटें आई थी। इस मामले में माधोटांडा थाने में आबकारी निरीक्षक की ओर से 58 लोगों के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज है। ग्रामीणों की ओर से भी शिकायत पत्र एसपी को भेजा गया था, लेकिन उनकी कार्रवाई अभी नहीं हो सकी है। इधर, कांग्रेस नेताओं ने इस मुद्दे को उठाया है। शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं दो बसों में सवार होकर पीलीभीत डीएम-एसपी से मुलाकात करने के लिए आ रही थी। कांग्रेस के नेताओं की अगुवाई में मुलाकात होनी थी। ऐसे में विरोध प्रदर्शन की सुगबुगाहट को देखते हुए सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार को असम चौराहा के पास पहुंचते ही सुनगढ़ी पुलिस ने रोक लिया। तीखी बहस हुई और फिर उन्हें असम रोड पुलिस चौकी पर बैठाकर एक तरह से नजरबंद कर लिया गया।

वहीं, दो बसों में सवार महिलाओं को उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला में रोक लिया। पहले पुलिस उन्हें वहीं, से वापस करने का प्रयास करती रही, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इसे लेकर विरोध किया तो बाद में उन्हें वही बैठा लिया गया। अधिकारियों से कांग्रेस नेता की बात कराई गई। इसी बीच कचहरी तिराहा समेत कई चौराहों पर पुलिस बल तैनात कर निगरानी बरती जा रही थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, जिला महासचिव नरेश शुक्ला की अगुवाई में घटना में चोटिल महिलाओं को साथ कार में बिठाकर पुलिस लाइन पहुंच गए।

वहां मौजूद सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल से मुलाकात कर महिलाओं क ओर से तहसीलदार समेत अन्य टीम में शामिल अफसर कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर शिकायत पत्र सौंपा गया। उधर, लंबी वार्ता के बाद कुमुद गंगवार समेत उनके साथ के अन्य कांग्रेस नेता भी पुलिस के साथ मझोला पहुंचे और वहीं, महिलाओं से मुलाकात कराई गई। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। जिस पर बमुश्किल महिलाओं को वापस भेजी जा सकी और पुलिस ने राहत महसूस की। वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को भी घायल महिलाओं के साथ मुलाकात के दौरान शिकायत पत्र सौंपा। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने बताया कि कुछ महिलाओं ने आकर शिकायत पत्र दिया है। इसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।


उत्तराखंड सीमावर्ती पर कस्बा मझोला में बस से उतारकर एक प्लाट पर बैठाई गईं बूंदीभूड़ गांव की महिलाएं।


मझोला सीमा पर बूंदीभूड़ गांव की महिलाओं को रोकने के लिए तैनात की गई पुलिस।


पुलिस लाइन में शिकायत करने पहुंची घायल युवती व महिलाएं। ● अमृत विचार


असम रोड पुलिस चौकी पर रोके गए कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार।

### किसी कीमत पर नहीं खुलने देंगे दुकान

इस घटना के बाद कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की गई और दूसरा पक्ष भी रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग कर रहा है। मगर, विवाद की मूल जड़ शराब की दुकान को लेकर अभी कोई नतीजा नहीं निकल सका है। दुकान अभी भी बंद हैं। उनको कहीं और शिफ्ट करने को लेकर चिंतन किए जाने की चचाएं भी तेज हैं। वहीं, पुलिस लाइन पहुंची घायल महिलाओं ने भी अपनी पूर्व की मांग को जारी रखा। उन्होंने कहा कि वह तो सिर्फ शराब की दुकान गांव में न खुलने का विरोध कर रही हैं। आसपास के किसी अन्य गांव में जगह देखकर दुकानें खोल दी जाए, इसका कोई विरोध नहीं होगा। मगर ये भी साफ कहा कि अब इतना सब होने के बाद तो शराब की दुकान गांव में नहीं खुलने दी जाएगी, फिर चाहे संघर्ष में जान चली जाए या जेल जाना पड़े।


सहायक पुलिस अधीक्षक से घटना को लेकर मांग पंत्र देते भाकपा मोल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### तहसीलदार ने पहले चलाई लाठी, फिर हुआ बवाल

पुलिस एफआईआर दर्ज कर विवेचना कर रही है। तनाव को देखते हुए अभी गिरफ्तारी को लेकर प्रयास नहीं किए गए हैं। वहीं, माहौल अचानक कैसे उपद्रव में तब्दील हो गया। इसे लेकर भी जांच चल रही है। ग्रामीण महिलाओं की मानें तो वह तो सिर्फ शराब की दुकान का विरोध कर रही थी। लाठी चार्ज में घायल कक्षा दस की छात्रा शीतल का आरोप है कि शराब की दुकान खुलने के बाद उसी के भीतर लोग जाम छलका रहे थे। उसको भी तहसीलदार ने ही सबसे पहले डंडा मारा, जिसके बाद बवाल की शुरुआत हुई। आरोप लगाया कि तीन लोगों ने उसे दुकान के भीतर पीटा और बाहर फेंका। इसके बाद अन्य महिलाओं पर लाठी भांजी गई, तब जाकर माहौल पूरी तरह से बिगड़ गया था। उनका कहना है कि महिलाओं ने शराब की बोतलें जरूर फेंकी लेकिन किसी अफसर कर्मचारी से मारपीट नहीं की थी।

### पट्टे की जमीन पर बनाई दुकान, उसे भी दे दिया किराये पर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा का कहना है कि ग्रामीणों को भी चोट आई है। उनका भी मुदकमा दर्ज किया जाए। कहा कि जिस जगह पर दुकान बनी है, वह एक ग्रामीण को पट्टे पर दी गई थी। उस पर खेती करनी चाहिए थी, लेकिन उस पर दुकानें बनाई गई। उसके बाद पट्टे की जगह पर बनाई गई दुकानों को शराब के ठेकेदारों को लीज पर दे दिया गया, जोकि नियमानुसार गलत है। मगर, इन सब बातों पर प्रशासन जांच ही नहीं कराना चाहता है। उन्होंने तहसीलदार की भूमिका पर भी संदेह जताते हुए जांच कराकर कार्रवाईकी मांग की है। उन्होंने ये भी कहा कि जिला मुख्यालय आने के लिए निकली महिलाओं को बार्डर पर रोक लिया गया और हमारे संगठन के नेता नजरबंद कर लिए गए। ऐसा पहले से ही आभास था, इसलिए कुछ घायल महिलाओं को अगल रखा गया था, जिनको सहायक पुलिस अधीक्षक से मिलवाया है। निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिला है।

### भाकपा माले ने भी तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

घटना के बाद भाकपा माले के नेताओं ने बूंदीभूड़ गांव पहुंचकर शुक्रवार को ग्रामीणों से मुलाकात की थी। जिसके बाद शनिवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें महज शराब की दुकान का विरोध करने पर महिलाओं पर लाठीचार्ज करने की निंदा की गई। मांग की गई कि बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान का आवंटन निरस्त किया जाए। महिलओं व अन्य ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर वापस ली जाए। लाठीचार्ज करने वाले पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। इस मौके पर जिला प्रभारी अफरोज आलम, किशनलाल, शम्स विकास आदि थे। सभी ने मंझोला पहुंचकर भी गांव की महिलाओं से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### सीओ-कोतवाल ने लगाई चौपाल

शनिवार दोपहर बाद बूंदीभूड़ गांव में हालात सामान्य करने के लिए भी प्रयास किए गए। सीओ पूरनपुर डॉ. प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और चौपाल लगाई। सभी ने तहसीलदार कलीनगर के द्वारा लाठी चलाने से ही माहौल खराब होने की बात कही। अफसरों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने बताया कि ग्रामीणों और पुलिस के बीच मध्यस्ता कराते हुए वार्ता कराई गई है। जिसमें सीओ पूरनपुर, इंसपेक्टर माधोटांडा द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को समाप्त करने, किसी की गिरफ्तारी न करने का आश्वासन दिया गया हैं। शराब की दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कराने की भी मांग इस दौरान रखी गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026,
समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
● HB ● TLC ● DLC ● Platelets ● S. Urea ● S.Creatinine ● PCV ● MCV ● MCHC ● S.Uric Acid ● S.ca ● S.Bilirubin ● S. Protein ● SGOT ● SGPT ● S.ALP ● RBS ● BMD ● PEFT
डा. विनय गंगवार
एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएँ 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली।

# बच्चों ने गतिविधियों से सीखा विज्ञान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में स्पर्श वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान कार्यशाला आयोजित की गई। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि विज्ञान सिखाने और समझने का विषय है,रटने का नहीं। विद्यार्थियों को अनेक प्रयोग करके दिखाए गए।

निहित सिद्धांतों पर चर्चा की गईं। प्रकाश कीं चाल, ध्वनि कीं चाल का व्यवहारिक उपयोग , प्रकाश का वर्ण विक्षेपण , मापन,प्रतिक्रिया समय,वायुदाब,ऊर्जा, संतुलन, गुरुत्व केंद्र आदि को छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जाना और समझा। परिचर्चा में प्रदर्शन के आधार पर शुभ मिश्रा को किशोर वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रतीक, हुसैन, अक्षिता मिश्रा, प्रइशा, सृष्टि, वासु मालिक, दृष्टांत, अभिषेक रावत, प्रधानाचार्य आरके सक्सेना, हरीश वर्मा आदि मौजूद रहे।


विज्ञान के बारे में जानकारी देते लक्ष्मीकांत शर्मा।

# फायर सेफ्टी को लेकर किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में फायर सेफ्टी वीक 2026 के तहत शनिवार को जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

फायर सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का संचालन फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. पंकज केशवानी ने किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया संबंधी ज्ञान को बढ़ावा देना रहा। फायर सेफ्टी से जुड़े विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया।

डॉ. शिखा सक्सेना ने फायर सेफ्टी वीक के तहत एक तकनीकी वेबिनार का आयोजन भी किया गया।

जिसमें अग्नि सुरक्षा के वैज्ञानिक, तकनीकी एवं संस्थागत पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। फायर सेफ्टी को लेकर प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि फायर सेफ्टी वीक के तहत आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों, फैकल्टी एवं स्वास्थ्यकर्मियों में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करना और आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति सजगता बढ़ाना है।

## न्यूज डायरी



### मदर्स डे पर हुईं प्रतियोगिताएं माताओं ने भी दिखाया दम

पीलीभीत, अमृत विचार : माधोटांडा रोड पर स्थित स्प्रिंगडेल कॉलेज में मदर्स डे मनाया गया। इसकी शुरुआत निर्देशिका सरोज जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द को छात्र अभिषेक, छात्रा ईरम द्वारा कार्ड देकर कराई गई। माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन, खेल एवं प्रतियोगिता कराई गई। आराध्या, नीतू, आरुशी, एकाग्रता, गौरी, आकाश, पवनीत ने हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा सुन्दर नृत्य प्रस्तुति दी। गौरी, कृतवी, राजनंदनी, आरुषि, आराध्या, मिगल, मनकीरत आदि की प्रस्तुति सराही गई। प्रश्नोत्तरी में विजयी रही माता सुशीला देवी, खुमी त्यागी, हर्शिता जैन को भी सम्मानित किया गया। सलाद प्रतियोगिता में भालिनी सहाय प्रथम, रति द्वितीय और आरती गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। नेल पेंटिंग में मीना गंगवार प्रथम रही। नृत्य में हिना सक्सेना, भवेता गौर और मोनी हितेशी विजेता रही। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने सभी का आभार जताया। संचालन छात्रा सहजवीर और अदिति ने किया।

### प्रतियोगिता में बच्चों संग माताओं ने भी दिखाई प्रतिभा



**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में मदर्स डे पर कई कार्यक्रम हुए। इसकी शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कराई गई। माताओं को टीका लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने मां के लिए कविता, गीत सुना मंत्रमुग्ध कर दिया। माताओं ने भी अपने आंख के तारों के लिए गीत कविताएं गाई। अंडे की खाली क्रेट से हास्यास्पद चेहरे बनाना ,आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी मां को पहचानना, बच्चों को अपनी मां के बारे में पांच पंक्तियां लिखें ..आदि खेल हुए। काव्यांश की मां प्रथम, नवदीप की मां द्वितीय और वर्ण की मां तृतीय रहीं। विद्यार्थियों ने कार्ड और उपहार बनाकर भेंट किए। संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने आभार प्रकट किया। प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा कि मां का प्रेम ,त्याग और आशीर्वाद हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। संचालन जायबा फातिमा और तजमीन फातिमा ने किया। प्रधानाचार्या जया घोष, ऋतिक सिंह,कृपांशी ,प्रिंसी,स्तुति , आकांक्षा, अपाला आदि मौजूद रहे।



### बच्चों ने माताओं के स्नेह के लिए प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

पीलीभीत, अमृत विचार : बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में प्री-सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने माताओं के स्नेह के लिए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने कार्ड मेकिंग व क्रॉफ्ट व गीत संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। स्कूल चेयरमैन आरके धवन, निदेशिका चारु धवन ने बच्चों को शुमकामनाएं दी। अपनी मां के प्रति प्रेम व स्नेह के लिए जागरूक किया। मदर्स डे का महत्व बताया गया। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में उत्साह दिखा।

### बच्चों के साथ रैंपवॉक कर उत्साहित दिखीं माताएं



**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में मदर्स-डे मनाया गया। माताओं का स्वागत फूलों का ब्रेसलेट पहनाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेड मिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलित करके कराई। बच्चों ने अपनी माता के लिए हस्त निर्मित कार्ड बनाए, माताओं ने अनुभव साझा कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। चॉकलेट बुके प्रतियोगिता में सलोनी वार्ष्णेय प्रथम, अपूर्वा सक्सेना द्वितीय और गरिमा अग्रवाल तृतीय रहीं। पेपर आउटफिट में भावना भसीन एवं रितिका भसीन प्रथम, समीक्षा अग्रवाल एवं लक्ष्मी चौधरी द्वितीय, तेजकुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। टियारा मेकिंग में सृष्टि अग्रवाल प्रथम, काव्या अगनानी द्वितीय, माही गुप्ता और पूनम राठौर तृतीय रहीं। डांस में गुरप्रीत कौर प्रथम, शुभि बंसल द्वितीय और आयुषि सिंह तृतीय रहीं। म्यूजिकल फन में नेहा अग्रवाल, अंशी, समीक्षा अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल ने अच्छा प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। बच्चों संग माताओं ने रैंप वॉक भी किया। जिसमें गुरप्रीत कौर, समीक्षा अग्रवाल एवं पूजा अरोरा प्रथम स्थान, आंचल आनंद, महक सैनी ,अनुप्रिया अग्रवाल द्वितीय और सिमरनजीत कौर तृतीय रहीं। विजेता-उपविजेता सम्मानित किए गए।

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.26
सूर्यास्त 06.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी, 03:06 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083 **
रविवार, 10 मई 2026, वर्ष 7, अंक 165, पृष्ठ 16+4 ■ मूल्य 6 रुपये





श्रम सुधार : देश में लागू होगा चार नई संहिताओं वाला कानून-10



हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट-10



ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय-11



तीरंदाजी विश्व कप में साहिल जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना-12




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बांहें फैलाए आपका इंतजार कर रहा है रूमी गेट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## न्यूज ब्रीफ

### नड्डा, सैनी विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए गुवाहाटी पहुंचे

**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को होने वाली भाजपा विधायक दल की बैठक की निगरानी के लिए शनिवार शाम को असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। इस बैठक में असम के अगले मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा। भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक रविवार सुबह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बैठक कर नए नेता का चुनाव करेंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में लगातार तीसरी बार दो-तिहाई बहुमत के साथ जीत हासिल की है।

### राहगीरों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ तीन आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में लोगों को चाकू की नोक पर लूटने से पहले उन्हें काबू में करने के लिए गला कसने की तकनीक का इस्तेमाल करने वाले तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 30 अप्रैल को पुल पहाड़गंज के पास हुई, जब पीड़ित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। आरोपी ने उसे रोका और उसकी गर्दन पकड़कर गला कसने के बाद चाकू की नोक पर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग के खुलासे और एक सूचना के आधार पर शेष आरोपियों को शीला सिनेमा के पास से पकड़ा गया।

### क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े धनशोधन मामले में क्रिप्टो हैकर श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकि समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 10 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 20 अप्रैल को छापेमारी की थी। इसके तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हारिस के पुत्रों मोहम्मद हारिस नलापड़ व उमर फारूक नलापड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के. रहमान खान के पोते आकिब खान समेत अन्य आरोपियों के विभिन्न परिसर पर छापेमारी की गई।

# बंगाल में अब शुभेंदु सरकार

## मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, 5 विधायक बने मंत्री सफल कार्यकाल के लिए मोदी ने दी शुभकामनाएं

## जनादेश के सम्मान में प्रधानमंत्री मंच पर हुए नत मस्तक, 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छुए

**पहली बार सत्ता में भाजपा**

कोलकाता, एजेंसी

शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति ने एक ऐतिहासिक करवट ली और राज्य में पहली बार भाजपा ने सत्ता संभाली। स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथग्रहण का गवाह बना। शपथ समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे।

जय श्री राम के उद्घोष, ढोल की थाप और लहराते भगवा झंडों के बीच राज्यपाल आरएन रवि ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर पहुंचने के बाद जनादेश के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए लोगों की ओर मुख करके घुटनों के बल झुककर जैसे ही हाथ जोड़े और मंच पर नत मस्तक हुए, ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र भाजपा के हजारों समर्थकों ने जोरदार नारों और तालियों से उनका स्वागत किया। भवानीपुर और नंदीग्राम, दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल करने वाले तथा भाजपा के आक्रामक चुनाव अभियान का चेहरा बनकर उभरे अधिकारी ने सबसे पहले शपथ ली। उनके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने मंत्री के रूप में शपथ ली।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निशीथ प्रामाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह छह सदस्यीय मंत्रिमंडल सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार के बाकी मंत्रियों को सोमवार को राजभवन में शपथ दिलाए जाने की संभावना है। नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक भी उसी दिन हो सकती है। मंत्रियों के विभागों की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कभी वाम दलों का वैचारिक गढ़ माना जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस ने भी इसे अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के प्रमुख मंच के रूप में इस्तेमाल किया। भाजपा खेमे ने इसे 'डबल इंजन' सरकार के तहत 'सोनार बांग्ला' की शुरुआत के रूप में पेश किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे। राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ और पूर्वी भारत में भाजपा ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी चुनावी सफलता हासिसल की।



### शुभेंदु के शपथ लेने के बाद मां गायत्री अधिकारी बोलीं-आरजी की पीड़िता को न्याय दिलाएं नए मुख्यमंत्री

**कांठी।** नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मां गायत्री अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह चाहती हैं कि उनका बेटा आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए काम करे। शुभेंदु की मां गायत्री और पिता शिशिर अधिकारी ने कहा कि बंगाल के लोग राज्य में पहली भाजपा सरकार की उनके बेटे के बागडोर संभालने से उनसे भी ज्यादा खुश हैं। अपने बेटे के मुख्यमंत्री बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए गायत्री ने कहा, मैं उनसे कहूंगी कि वह अत्याचारों का सामना करने वाले सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। पीड़िता, जो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु थी, के साथ 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी के दौरान बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। उसकी मां रत्ना देबनाथ ने पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता है।



## 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अब होगा सिद्ध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ /कोलकाता

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ ही विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बंगाल सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान के अमृतकाल में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और शुभेंदु अधिकारी के ऊर्जावान नेतृत्व में 'सोनार बांग्ला' का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा। उन्होंने कामना की कि नया कार्यकाल बंगाल की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का स्वर्णिम अध्याय बने। योगी ने बंगाल सरकार के नवनिर्वाचित मंत्रियों को भी बधाई दी और कहा कि वे जन-सेवा को सर्वोपरि रखकर 'सोनार बांग्ला' के गौरव को पुनर्स्थापित करेंगे। उन्होंने माँ काली से सभी के सफल और लोककल्याणकारी कार्यकाल की प्रार्थना की।

- कहा- बंगाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक उत्थान का अमृतकाल शुरू

### शुभेंदु को पहनाया भगवा अंगवस्त्र

समारोह के दौरान योगी ने नवनिर्वाचित सीएम शुभेंदु को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही, मंत्री की शपथ लेने वाले दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किर्तनिया, क्षुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक को भी बधाई दी। गौरतलब है कि चुनाव प्रचार के दौरान शुभेंदु ने भी एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया था।

# लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि होंगे अगले सीडीएस

नई दिल्ली, एजेंसी



लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) नियुक्त किया गया है और उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती उस महत्वाकांक्षी 'थिएटराइजेशन' योजना को लागू करने की होगी, जिसका मकसद तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत ले. जनरल सुब्रमणि को पाकिस्तान और चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना उपप्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर सहित दो कोर की कमान संभालने का गौरव भी प्राप्त है। सेना की पूर्वी कमान के पूर्व कमांडर जनरल चौहान ने सितंबर 2022 में देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला था। पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु के नौ महीने बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सुब्रमणि ने 40 से अधिक वर्षों के अपने सैन्य करियर में विभिन्न भौगोलिक और अभियानगत परिस्थितियों में कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े तमाम दायित्व निभाए हैं।

### वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को शनिवार को भारत का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे जो 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। स्वामीनाथन फिलहाल पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। नौसेना प्रमुख के रूप में उनका ध्यान सैन्यबल के जारी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित रहने की संभावना है। फ्लैग ऑफिसर एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।



## सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 17 परिसरों की तलाशी ली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कामर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड - तथा उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों के संबंध में मुंबई में 17 परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, ये तलाशी उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में की जा रही है जिनके खातों का उपयोग बैंक कोषों के हेरफेर के लिए किया गया था। कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।



सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी का वारंट जारी करवाया था। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन मामलों में बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुए कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया, तलाशी से यह भी पता चला कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

# विजय आज लेंगे शपथ, वीसीके आईयूएमएल ने दिया समर्थन

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु में टीवीके की सरकार**

तमिलनाडु में नयी सरकार के गठन को लेकर अनिश्चितता खत्म करते हुए विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) ने शनिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। इसके बाद टीवीके नेता विजय ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से फिर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने विजय के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह रविवार सुबह 10 बजे तय किया है।

विजय का समर्थन करने से जुड़े वीसीके के निर्णय के कुछ ही देर बाद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक और सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को समर्थन दे दिया। आईयूएमएल के दो विधायक हैं। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हो गया, जो तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से दो अधिक है। नयी सरकार के गठन को लेकर लगाई जा रही अटकलों और अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए, टीवीके नेता अधव अर्जुन ने बताया कि वीसीके ने उनकी पार्टी को समर्थन दिया है। वीसीके के वरिष्ठ नेता वन्नी अरसु, जो पार्टी के विधायक दल के नेता भी हैं, ने राज्यपाल को संबोधित पत्र में टीवीके को समर्थन देने की घोषणा की है।




चेन्नई में राज्यपाल के साथ टीवीके प्रमुख विजय।

- टीवीके के पास संख्या बल बढ़कर 120 हुआ राज्यपाल ने सरकार बनाने का दिया निमंत्रण

# पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा धनशोधन के मामले में गिरफ्तार

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

ईडी ने शनिवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई मंत्री और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं के खिलाफ दर्ज धनशोधन के नए मामले में की गई। अधिकारियों ने बताया कि संजीव अरोड़ा को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया।

इससे पहले शनिवार सुबह से अरोड़ा के सरकारी आवास समेत उनसे जुड़े 17 परिसरों पर छापेमारी की गई थी। अरोड़ा को शनिवार को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी विस्तृत पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगा। ईडी ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर भारत में पांच परिसर पर छापेमारी की। छापेमारी में दिल्ली के दो परिसर और गुरुग्राम के उद्योग विहार में स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड नामक कंपनी का परिसर भी शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज करने के बाद ये छापेमारी शुरू की। ईडी ने 17 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत अरोड़ा और उनसे जुड़ी इकाइयों के परिसरों पर छापे मारे थे। अरोड़ा (62) लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक मकसद पूरे करने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।



- ईडी ने की कार्रवाई, अरोड़ा व उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापे मारे

**तैयारी** | मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, दोपहर 3 :30 बजे राजभवन में होगा समारोह, कई मंत्रियों के विभागों में भी फेरबदल संभव

# यूपी मंत्रिमंडल विस्तार आज, छह नए चेहरे ले सकते हैं शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से चल रही अटकलों पर रविवार को विराम लग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार रविवार 10 मई को किया जाएगा।

राजभवन में दोपहर 3:30 बजे आयोजित समारोह में छह नए नेताओं को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव की संभावना है। मंत्रिमंडल विस्तार से एक दिन पहले शनिवार शाम मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंपी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल आनन्दीबेन को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा भी भेंट की। जन भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद कल राज्यपाल और सीएम लोकभवन में देखेंगे फिल्म कृष्णावतारम।पूरे मंत्रिमंडल के साथ देखेंगे फ़िल्म । सभी मंत्रियों को भेजी गई सूचना।



लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### प्रदेश में फिलहाल 54 मंत्री, छह पद थे रिक्त

छह मंत्रियों के शपथ लेने के साथ ही उप्र मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल 60 सदस्य हो जाएंगे। वर्तमान में 54 मंत्री कार्यरत हैं। सूत्रों के अनुसार जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी के नाम प्रमुख हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि शपथ ग्रहण से ठीक पहले ही होगी।

### जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश

मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछड़ा, दलित, महिला और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों का चयन किया गया है।

### संगठन में भी बदलाव के संकेत

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार के साथ-साथ संगठन स्तर पर भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा आगामी चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए सरकार और संगठन दोनों में संतुलन साधने की तैयारी में है।

## शहर में आज

- पूरनपुर के स्वामी एजुकेशनल महाविद्यालय में जिला प्रशिक्षण वर्ग सुबह 10 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ पर हवन व गोष्ठी सुबह 07 बजे से।
- समस्त पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- आर्य समाज मंदिर बिलसंडा में स्वास्थ्य कैंप सुबह 10 .30 बजे से।

# नशे की सौदेबाजी के बीच छापा

## पुलिस ने ग्राम अकबरगंज के पास से की धरपकड़, 1.20 लाख गोलियां बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जहानाबाद पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

- तीन आरोपी गिरफ्तार
- एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** सूचना पर ग्राम अकबरगंज के पास छापा मारकर जहानाबाद पुलिस ने अवैध तरीके से नशीली गोलियों की सौदेबाजी करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अल्प्राजोलम की 1.20 लाख गोलियां बरामद की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई पुलिस बल के साथ शुक्रवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौश्रान सूचना मिली कि ग्राम अकबरगंज स्थित गीता पेट्रोल पंप के आगे सड़क किनारे एक सफेद और एक ग्रे रंग की कार खड़ी हुई है। सफेद रंग की कार के पास तीन व्यक्ति खड़े हैं। उनके पास एक भरे हुए कार्टन में रखे डिब्बे हैं और रुपये के लेनदेन को लेकर बातचीत कर रहे हैं। संदिग्ध गतिविधियां बताए जाने पर पुलिस टीम ने आनन-फानन में छापा मारा। पुलिस के पहुंचते ही दो व्यक्ति ग्रे रंग की कार में जाकर बैठ गए, जबकि तीसरा व्यक्ति कार्टून लेकर सफेद कार में रखने लगा। पुलिस ने उनसे सवाल जवाब किए तो दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने चेकिंग की और फिर नशीली-अवैध अल्प्राजोलम की 1.20 लाख टेबलेट बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों मूल रूप से राजस्थान के मोहन नगर पुनायता रोडके रहने वाले लखविंदर सिंह, पलिया लखीमपुर के ग्राम टेहरा सेरी निवासी ओमकार मिश्रा और अमरिया क्षेत्र के ग्राम करगैना निवासी फुरकान को पकड़ लिया। दवाईयों के साथ ही दो कार, 54550 रुपये, तीन मोबाइल, 08 एटीएम कार्ड आदि भी कब्जे में ले लिए गए।

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई और फिर शनिवार को जेल भेज दिया है। बता दें कि आरोपी लखविंदर हाल में पलिया लखीमपुर खीरी के अफीमी पुरवा इलाके में रह रहा था।

> गश्त के दौरान एक सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान तीन आरोपियों को पकड़ा है। उनके पास से नशीली गोलियां बरामद हुई है। ये दवा बिना चिकित्सक के पर्चे के नहीं मिल सकती है। एफआईआर दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया। इस मामले में गहनता से अभी पड़ताल करा रहे हैं।
> – **नताशा गोयल**, सीओ सदर

### लखीमपुर से आई खेप अमरिया के युवक को 50 हजार में बेची

पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने गहनता से पूछताछ की। इस दौश्रान कुछ अधिक जानकारी तो पुलिस अभी भी नहीं जुटा सकी। इतना जरूर सामने आया कि अल्प्राजोलम (नशीली गोलियां) उसने फुरकान को पचास हजार रुपये में बेची थी। दोनों के बीच सौदा भी तय हो चुका था और जाने वाले थे कि पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

## पत्नी से विवाद के बाद फंदे से लटककर दी जान

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पत्नी से हुए विवाद के बाद गुलैंदा गौटिया के एक युवक ने फंदे स लटककर अपनी जान दे दी।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलैदा गौंटिया निवासी बबलू पुत्र रोशनलाल सात मई को अपनी ससुराल पुवायां शाहजहांपुर के ग्राम बड़ागांव गए थे। वहां पर ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बताते हैं कि इसके अलावा फोन पर भी पत्नी किरन से कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते बबलू ने ऊपर वाले कमरे में जाकर कुंडे के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर उससे लटककर जान दे दी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पत्नी से हुए विवाद में खुदकुशी करने की बात निकलकर आ रही है। फिलहाल जांच करा रहे हैं।

# नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 760 किग्रा अखरोट बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया पुलिस ने एसओजी की मदद से पकड़ा, दो आरोपी भेजे जेल

**अमृत विचार :** नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही अखरोट की खेप को एसओजी की मदद से न्यूरिया पुलिस ने पकड़ लिया। दो आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े। आरोपियों के पास से 760 किलोग्राम अखरोट बरामद हुए। रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान न्यूरिया पुलिस एसओजी की मदद से तस्करी रोकने के लिए निगरानी में थी। इस बीच नौ मई को एउक सूचना के बाद चेकिंग कराई गई। जिसके बाद पुलिस ने कार सवार लोगों को मझोला-धनकुमा मार्ग पर भुजिया मजार के पास से पकड़ लिया।

उनके पास से 58 बोरी में 760 किग्रा अखरोट बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के थाना झनकईया क्षेत्र के ग्राम मेलाघाट निवासी गगन यादच पुत्र भृगुरासन और माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया निवासी नफीस खां पुत्र शफीक बताया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की।

जिसमें उन्होंने बताया कि वह नेपाल से अवैध रूप से तस्करी कर अखरोट लाए थे। एक आरोपी खटीमा के इस्लामनगर निवासी अफरोज पुत्र अल्लन खां पुलिस को चकमा देकर भाग गया, उसके बारे में जानकारी जुटा पुलिस धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि आरोपी नेपाल से सस्ते दामों पर बिना कस्टम ड्यूटी के अवैध रूप से अखरोट एवं अन्य सामान लाकर यहां महंगे दामों में बेचते हैं। पकड़ी गई दोनों कारों को ई-चालान ऐप के माध्यम से चेक किया गया, जिसमें वाहनों की नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर का इंजन एवं चेसिस नंबर से मिलान नहीं हो सका। इस पर भी कार्रवाई की गई है। दोनों को रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचा-कारतूस बरामद, एक पकड़ा

बीसलपुर, अमृत विचार : कोतवाली में तैनात दरोगा मोहित सिंह ने गश्त के दौरान ग्राम चुटकुला जाने वाले मार्ग से ग्राम अखोला निवासी ओमप्रकाश पुत्र प्यारेलाल को पकड़ा। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### एसपी के आदेश पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

दियोरियाकलां, अमृत विचार : एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें दियोरियाकलां निवासी सखावत खान पुत्र सलमतुल्ला खान ने बताया कि ग्राम मीरपुर रतनपुर निवासी लाखन लाल उर्फ गुड्डू सफाई कर्मी है। उसने पुत्र वरुण और बिजली विभाग के संविदा कर्मी उज्जवल कश्यप संग मिलकर बिजली बिल निपटाने के नाम पर ठगी की। पीड़ित समेत 16 लोगों के बिल निपटाने के लिए 1.34 लाख रुपये ऑनलाइन लिए। इसके अलावा 2.13 लाख रुपये नकद समेत कुल 3.47 लाख रुपये लिए। मगर, किसी का बिल नहीं जमा किया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मियाद पूरी..कब्जा नहीं छोड़ा, शिकायत

दियोरियाकलां, अमृत विचार : कोतवाली में दी गई तहरीर में दियोरियाकलां निवासी रिंकू पुत्र रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी तीन बीघा जमीन 14 अप्रैल 2023 को दो साल छह महीने के लिए 29 हजार रुपये में गिरवी रखी थी। जिसकी समय सीमा अक्टूबर 2025 में पूरी हो गई लेकिन कब्जेदार जमीन से कब्जा नहीं छोड़ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वगणना कार्य में नहीं किया सहयोग 13 पंचायत सहायकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्व-गणना अभियान में लापरवाही बरतने पर विभिन्न ब्लाकों के 13 पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ ने जारी नोटिस में तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

जनपद में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना अभियान चलाया जा रहा है। स्व-गणना अभियान को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से कर्मचारियों को स्वगणना के अंतर्गत रोजाना 10 परिवारों की स्व-गणना कराने एवं पंचायत सहायको को प्रतिदिन 50 परिवारो की स्वगणना कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीपीआरओ रोहित भारती द्वारा इस कार्य की रोजाना समीक्षा भी की जा रही है। बीते शुक्रवार को समीक्षा के दौरान तीन पंचायत सचिवों द्वारा स्व-गणना कार्य में लापरवाही बरतने जाने पर सभी का एक दिन का वेतन रोका गया है। इधर समीक्षा के दौरान विभिन्न ब्लाकों के आठ पंचायत सहायकों द्वारा स्व-गणना कार्य में सहयोग न करने का मामला सामने आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद डीपीआरओ रोहित भारती की ओर से मरौरी ब्लाक के पंचायत सहायक उमेश कुमार, नूर बी, गायत्री देवी, जगदीश प्रसाद, हरेंद्र कुमार, पूरनपुर ब्लाक की साध्वी मिश्रा, राहुल कुमार, बीसलपुर ब्लाक की गुलशन बी, मुनासिव रजा, सर्वेश कुमार, प्रेमपाल, कामिनी और राहुल कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## लोक अदालत में 163708 वादों का निस्तारण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय पीलीभीत, ग्राम न्यायालय पूरनपुर और ब्राहय न्यायालय बीसलपुर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के 163708 (एक लाख तिरेसठ हजार सात सौ आठ) वाद का निस्तारण कर 76716631 (सात करोड़ सड़सठ लाख सोलह हजार छह सौ इकतीस) रुपये की धनराशि के समझौते किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अरुण क्रांति यशोदस की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया कि जिला न्यायालय में लंबित 3394, बैंक ऋण संबंधित 507, श्रम वाद 13, उपभोक्ता फोरम से संबंधित 02 एवं अन्य मुकदमों का निस्तारण किया गया।

# दियूरा में अब मादा तेंदुआ की दहशत, कैमरा ट्रेप लगाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीटीआर में पिंजड़े से छलांग लगाता तेंदुआ।

- डीटीआर के एक्सपर्ट के परीक्षण में रेस्क्यू किया गया तेंदुआ निकला स्वस्थ
- शासन के निर्देश पर तेंदुआ को शुक्रवार देर शाम पीटीआर में किया गया रिहा

**अमृत विचार :** दियूरा गांव में पांच ग्रामीणों को घायल करने वाला तेंदुआ भले की पकड़ लिया गया हो, मगर क्षेत्र में अभी भी तेंदुओं की दहशत बरकरार है। दरअसल, संबंधित क्षेत्र में एक मादा तेंदुआ होने की बात कहीं जा रही है। ऐसे में अब कैमरा ट्रेप लगाकर निगरानी शुरू की गई है। वहीं रेस्क्यू किए गए तेंदुआ को भी स्वास्थ्य परीक्षण के बाद शुक्रवार देर शाम पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ दिया गया।

गजरौला क्षेत्र के गांव दियूरा में बीते शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहे किसानों पर एक तेंदुआ ने हमला कर दिया था। हमले में पांच ग्रामीण घायल हो गए थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर खासी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। वन विभाग की टीम के मौके पर न पहुंचने से गुस्साएं ग्रामीणों ने खुद की मोर्चा संभालते हुए गन्ने के खेत की घेराबंदी कर हमलावर तेंदुआ को दबोच लिया था और उसके पैर अंगोछे से बांध दिए थे।

बाद में पहुंची वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से आक्रोशित भीड़ से घिरे तेंदुआ को बमुश्किल रेस्क्यू किया था। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इधर घटना वाले दिन घटनास्थल पर एक अन्य मादा तेंदुआ भी होने की बात सामने आई थी।

> रेस्क्यू किए गए तेंदुआ का दुधवा के पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया था। तेंदुआ स्वस्थ पाया गया। उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद तेंदुआ को पीटीआर में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। दियूरा में एक अन्य तेंदुआ होने की बात सामने आई है। संबंधित क्षेत्र में कैमरा ट्रेप लगाकर निगरानी की जा रही है।
> – **भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग।

जिसके बाद वचन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा घटनास्थल वाले क्षेत्र में 04 कैमरा ट्रेप लगाकर निगरानी शुरू की गई है। वहीं रेस्क्यू किए गए तेंदुआ के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व से एक्सपर्ट को बुलाया गया था।

शुक्रवार दोपहर बाद दुधवा के एक्सपर्ट डॉ. मोहम्मद तलहा ने माला रेंज पहुंचकर पिंजड़े में कैद तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया था। वन अफसरों के मुताबिक स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। शासन के निर्देश के बाद रेस्क्यू किए गए तेदुआ को शुक्रवार देर शाम वन अफसरों की देखरेख में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ दिया गया।

# 24 घंटे में अस्पताल में चार नवजात की बीमारी से मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो नवजात मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में थे भर्ती, दो को किया था रेफर
- किसी नवजात का वजन था बेहद कम, कोई जन्म लेन के बाद भी नहीं रोया

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में 24 घंटे के भीतर चार नवजातों की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के साथ परिवारों को भी झकझोर दिया। जन्म लेते ही जिंदगी से जंग लड़ रहे इन मासूमों में किसी का वजन बेहद कम था, कोई जन्म के बाद रो नहीं सका, तो किसी की श्वास नली में जन्मजात विकृति थी। दो नवजात मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में भर्ती थे, जबकि दो बच्चों को हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया था। तमाम प्रयासों के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके।

बता दें कि पीलीभीत की दो प्रसूताओं को शुक्रवार दोपहर प्रसव के लिए महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात ऑपरेशन के जरिए दोनों की डिलीवरी कराई गई। एक नवजात अत्यधिक कम वजन के कारण गंभीर हालत में था। वहीं दूसरे नवजात को जन्म के दौरान सांस लेने में दिक्कत हुई। चिकित्सकों के मुताबिक नवजात की श्वास नली में अवरोध था, जिसके चलते उसे तत्काल एसएनसीयू रेफर किया गया, लेकिन भर्ती से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। उधर, बरेली की प्रियंका अपने सात दिन के नवजात को लेकर तीन दिन पहले मेडिकल कॉलेज पहुंची थीं। एसएनसीयू डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि बच्चा पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती रहा था। जांच के दौरान नवजात में गंभीर जन्मजात विकार सामने आया।

जिससे ट्रेकियो-इसोफेजियल एनोमली माना जा रहा था, जिसमें भोजन नली और श्वास नली का विकास सामान्य रूप से नहीं हो पाता। इस कारण दूध सीधे फेफड़ों में जा रहा था और संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा था। हालत नाजुक होने पर बच्चे को लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन परिजनों ने आर्थिक और अन्य कारणों से जाने में असमर्थता जताई। देर रात उसकी भी मौत हो गई। एक अन्य मामला ललौरीखेड़ा पीएचसी से रेफर होकर आई रीना के नवजात का रहा। पांच दिन पहले प्रसव के बाद बच्चा रोया नहीं था।

डॉक्टरों के अनुसार जन्म के बाद नवजात का न रोना शरीर में ऑक्सीजन की कमी और श्वसन तंत्र के ठीक से काम न करने का संकेत माना जाता है। गंभीर हालत में उसे एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि चार नवजात की मौत का मामला संज्ञान में आया है। चारों नवजात गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे। इनमें दो एसएनसीयू में भर्ती थे।

जबकि दो महिला अस्पताल में देर रात जन्मे थे।

# तीसरी बार पेश हुआ पीड़ित, सीओ ने विवेचक को किया तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कहा- दोनों पक्षों को भी साक्ष्य के साथ लाया जाए साथ
- धोखाधड़ी कर जमीन को बेचने से जुड़ा है मामला

**अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर न्यूरिया थाने में 15 अगस्त 2024 को शहर के मोहल्ला कुंवरगढ़ के निवासी नीरज मिश्रा पुत्र स्वर्गीय वीरेश कुमार की ओर से धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

इसमें कैलाशनगर डाकखाना नवाबगंज बरेली के प्रदीप कुमार सूरी, ग्राम भिंडारा मझोला के गोपाल, देवीदास, गुलड़िया भिंडारा की सीमा विश्वास, शांति राय, चमेली देवी, लवली और पकड़िया विजयपुर गांव की उर्मिला देवी कुल आठ आरोपी बनाए गए थे। बताया था कि उसके पिता वीरेश कुमार, राजेश कुमार और सुरेश कुमार तीन भाई थे। उनकी भूमि की देखरेख के लिए मुख्तारनामा प्रदीप कुामर सूरी और मुशीलाल के पक्ष में किया गया था। जब उक्त लोगों ने संपत्ति खुर्द-बुर्द करनी चाही तो पिता वीरेश कुमार ने भी पंद्रह मई 2013 को इसे निरस्त करा दिया था। पिता वीरेश कुमार की मृत्यु छह जनवरी 2018 को हुई और फिर वारिसान के तौर पर पीड़ित व परिवार के अन्य लोगों के नाम वारिस के तौर पर कागजात में आ गए थे। 2023 में उक्त भूमि पर काम कराने पहुंचे तो पता चला कि इस जमीन को प्रदीप सूरी ने दूसरों को बेच दिया है।

आरोप है कि प्रदीप सूरी ने खुद को वीरेश कुमार का मुख्तारेआम बताकर जमीन बेची, जबकि मुख्तारनामा 2013 में ही खंडित हो चुका था। पूर्व विवेचक ने एफआईआर लगाई तो वादी ने एसपी से शिकायत की थी। अब पुनः विवेचना चल रही है। आईजीआरएस पर हुई शिकायत के बाद भी रफ्तार नहीं बढ़ी। आरोप है कि विवेचक द्वारा उनके साक्ष्य को नाकाफी बताया जा रहा है जबकि दूसरे पक्ष को साक्ष्य बिना ही क्लीनचिट दी जा रही है। सीओ सदर नताशा गोयल के समक्ष पेश होकर पीड़ित नीरज मिश्रा ने गुहार लगाई। लंबे समय से विवेचना लंबित होने को लेकर सीओ सदर ने नाराजगी जताई। विवेचक मझोला चौकी इंचार्ज को दोनों पक्षों को लेकर साक्ष्य समेत बुलाया है।

### रंजिश में ग्रामीण से की मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मुकदमे की रंजिश को लेकर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। घर में घुसकर हमला किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुर्रासकतपुर निवासी राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने साले के लड़के की शादी में सपरिवार ग्राम कटकवारा थाना बरखेड़ा गए थे। घर पर उसकी नाबालिक पुत्री कुमारी शिव रानी घर पर अकेली थी। दो मई की रात भुता बरेली के ग्राम डंडिया नवाजिशअली निवासी नन्हेंलाल पुत्र लालता प्रसाद उर्फ पप्पू, साबेपुर गांव के रामनाथ दो अज्ञात लोगों के साथ घर में घुस आए। इसके बाद मारपीट की गई। पूर्व से चल रही मुकदमे की रंजिश में हमला किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### हादसें में दो लोग घायल

**पीलीभीत,अमृत विचार :** बरखेड़ा के ग्राम लखनऊ कलां निवासी कामता प्रसाद ने तहरीर में बताया 30 अप्रैल को उसका पुत्र विशाल गांव के ही रामपाल के साथ बाइक से पीलीभीत से बरखेड़ा जा रहा था। बीसलपुर मार्ग पर ग्राम सड़िया के पास सड़िया निवासी शिवसिंह ने बाइक से टक्कर मार दी। जिससे उनका पुत्र और रामपाल घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।




# पालिका-गांधी स्टेडियम में लगे कैंप, पोर्टल पर दर्ज की स्वगणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांधी स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर भरवाए गए स्वगणना फार्म। ● अमृत विचार



नगर पालिका में स्वगणना से संबंधित जानकारी लेते सभासद व पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

- गांधी सभागार में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में व्यापारियों को स्वगणना का दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत संचालित स्व-गणना अभियान के तीसरे दिन शनिवार को जनपद में भारी उत्साह देखने को मिला। गांधी स्टेडियम से लेकर पालिका कार्यालयों में कैंपों के जरिए व्यापारियों, खिलाड़ियों समेत पालिका कर्मियों ने डिजिटल पोर्टल पर अपने स्वगणना फार्म भरकर जिम्मेदारी निभाई।

जनपद में जनगणना 2027 के तहत बीते 07 मई से लेकर 21 मई तक स्वगणना अभियान चलाया जा रहा है। स्वगणना अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए अपने अधीनस्थों एवं कर्मियों के स्वगणना फार्म भरवाने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। वीडियो और तकनीकी विशेषज्ञों के माध्यम से व्यापारियों को स्व-गणना फॉर्म भरने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद व्यापारियों ने पोर्टल पर अपनी सूचनाएं दर्ज कीं। डीएम ने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे न केवल अपना बल्कि अपने पड़ोसियों और रिश्तेदारों का भी फॉर्म भरवाएं। यहां एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर भी मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के गांधी स्टेडियम स्थित खेल कार्यालय में भी कैंप लगाकर खिलाड़ियों और युवाओं को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मेराज हुसैन, एआर कोऑपरेटिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह और जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी की।

मास्टर ट्रेनर आशुतोष और विशाल ने खिलाड़ियों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी। नगर पालिका परिषद पीलीभीत में भी स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर सभासदों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ईओ संजीव कुमार की मौजूदगी में फील्ड ट्रेनर राकेश मित्तल एवं गुलशन ने सभासदों व पालिका कर्मियों को स्व-गणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और ऑनलाइन माध्यम से गणना करने के तरीके समझाए।

जिसके बाद सभासदों व पालिका कर्मियों ने मौके पर अपने स्वगणना फार्म भरे। साथ ही पालिका परिसर में बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर स्व-गणना पूरी करने के बाद सभासदों ने सेल्फी लेकर जागरूकता अभियान में सहभागिता दिखाई।

जिला सूचना कार्यालय में जिला सूचना अधिकारी मुशाहिद अली के नेतृत्व में मीडिया कर्मियों ने स्व-गणना पोर्टल पर डेटा दर्ज कराया। सूचना अधिकारी ने मीडिया कर्मियों को डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तार से समझाया।

### बरखेड़ा में एसडीएम ने एचएलबी प्वाइंटों का किया निरीक्षण, कार्यों का लिया जायजा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एसडीएम/ईओ नगर पंचायत बरखेड़ा नागेंद्र पांडेय द्वारा कस्बे में जनगणना एचएलबी प्वाइंट एवं स्वगणना कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के साथ आमजन को स्व-जनगणना के लिए जागरूक किए जाने के निर्देश दिए गए। कहा कि जनगणना कार्य शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए। साथ ही आमजन को ऑनलाइन/स्व-जनगणना प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक लोग स्व-जनगणना में प्रतिभाग कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में साइकिल सवार घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दौलापुर निवासी रामसरन पुत्र सालिकराम शनिवार सुबह घर से साइकिल पर सवार होकर पीलीभीत दवा लेने जा रहे थे। पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर गांव पौटाकलां के पास पहुचते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिसमें वह घायज हो गए। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### हादसे में युवक घायल सीएचसी में भर्ती

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** वार्ड नंबर एक कुंदनपुर निवासी कृष्णा पुत्र राकेश कुमार शुक्रवार देर शाम को बाइक से कस्बे में गोपी कॉलोनी की तरफ गए थे। इस बीच चार पहिया वाहन के चालक ने कट मारा और बचने के लिए बाइक के ब्रेक लगाए। जिसमें बाइक गिर गई और वह घायल हो गए। उसे सीएचसी भर्ती कराया गया।

### सामूहिक विवाह और भंडारा 11 को

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने बताया कि कस्बा स्थित राजकीय आईटीआई कॉलेज के पास सिद्धबाबा मढ़ी पर उनके द्वारा आठवां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा। इसमें 11 आर्थिक रुप से कमजोर परिवार की कन्याओं की शादी कराई जाएगी। उसी दिन विशाल भंडारा होगा।

### युवती से छेड़छाड़ एफआईआर दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ मई की दोपहर 12 बले उसकी भतीजी सरकारी नल पर पानी पीने गई थी। इस दौरान रिश्तेदारी में गांव में रह रहा पुवायां का अरविंद पहुंचा और भतीजी को पकड़कर छेड़छाड़ की। शोर पर पत्नी पहुंची और बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुलिया में मिले गोवंश के अवशेष

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** ग्राम पिपरिया मझरा के नजदीक पुलिया के नीचे गोवंश के अवशेष मिले। घटना शनिवार की है। इसकी सूचना मिलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदौरिया, जितिन गुप्ता, अर्जुन, विपिन, सोनू, गगन मिश्रा आदि कार्यकर्ता पहुंच गए। अवशेष मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक तहरीर दी।

# 35 दिन शेष, नालों की तलीझाड़ सफाई पर सकंट

## कई दिन पहले हो चुका टेंडर, वर्क ऑर्डर भी जारी, अभी तक सफाई शुरू तक नहीं, नालों में गंदगी का अंबार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मानसून से पहले ही बेमौसम बारिश से सड़कों पर जलभराव आगे की चिंता बढ़ा चुका है। ड्रेनेज सिस्टम के साथ ही चोक नालों को मुख्य वजह माना जा रहा है, लेकिन उनकी तलीझाड़ सफाई कराने के लिए टेंडर के बाद भी देरी बरकरार है। अभी तक काम भी शुरू नहीं कराया जा सका है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण तरीके से महज 35 दिन में कैसे नालों की तलीझाड़ सफाई हो सकेगी।

शहर में 27 वार्ड, 49 मोहल्ले और 21 कॉलोनियां हैं। इसके अलावा हाईवे और प्रमुख बाजारों का इलाका भी है। क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नौ बड़े समेत कुल 34 नाले हैं। हर साल मानसून से पहले इन नालों की तलीझाड़ सफाई कराने और चोक होने पर तत्काल सफाई का दावा किया जाता है, मगर हकीकत हर बार दावों से उलट नजर आती है। इस बार पालिका ने नाला सफाई के लिए करीब 35 लाख रुपये का बजट तय किया। काम जल्द पूरा कराने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं।

> पालिका की ओर से इस बार 34 नालों का टेंडर किया गया है। इस बार काम जल्दी निपटाने के लिए दो फर्मों को टेंडर दिया गया है। काम शुरू कराने के लिए कहा गया है। मानसून से पहले नाला सफाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं। शेष नाले पालिका स्वयं संसाधनों से कराएगी। – **संजीव कुमार**, ईओ नगरपालिका पीलीभीत

वर्कऑर्डर जारी हुए भी कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन नालों में अब तक सफाई की मशीनें और श्रमिक उतर नहीं सके हैं। आलम ये हैं कि बड़े नाले तक सिल्ट और कूड़े से पटे पड़े हैं। कई जगह पानी की निकासी पूरी तरह थमी हुई है। अभी बीते दिनों तेज बारिश हुई तो सड़कें जलमग्न भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की सुस्ती कम नहीं हुई।

हर साल बारिश के बाद जलभराव की तस्वीरें सुर्खियां बनती हैं। बाजारों में घुटनों तक पानी भर जाता है, दुकानदारों का कारोबार प्रभावित होता है और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। पॉश कॉलोनियां भी इससे अछूती नहीं है। शहर के प्रमुख नालों की हकीकत बद से बदतर बनी हुई है।




### गदंगी से चोक पड़ा नाला, दुर्गंध से मोहल्लेवासी परेशान

शहर के दुधिया मंदिर को जाने वाले मार्ग पर कुम्हारों वाली पुलिया पर नाला बना हुआ है। इन दिनों नाला गदंगी से पटा है। ऐसा लग रहा है कि नाले में गंदगी की चादर बिछा दी गई हो। चोक होने की वजह से जल निकासी की समस्या बनी हुई है। जबकि पालिका अपने स्तर से भी नाला सफाई कराने की बात कहती है। वहां पॉलिथीन का अंबार लगा हुआ है। पॉलिथीन जमा होने के कारण वह पुलिया आदि में जाकर फंस गई है, जोकि जल निकासी के लिए बाधा बन रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाला सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाई जाती है। हर बार बारिश में परेशान होते हैं। दुर्गंध से निकलना भी दूभर है।




### नाले में गंदगी समाई हल्की बारिश में बाढ़ जैसे हालात

बिजली घर तिराहा के पास नाला बना हुआ है। मोहल्ला नखासा, मेन बाजार, लाल रोड, मदीनाशाह समेत विभिन्न इलाकों का पानी इसमें गिरता है। इस नाले को साफ करने की जहमत नहीं उठाई जा सकी है। नाला गंदगी से पटा है। आबादी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। जबकि यह नाला मेन बाजार को कवर करता है। अभी हाल में हुई बारिश में भी जलभराव हो गया था। व्यापारियों का कहना है कि माह में दो बार अगर नाले की पॉलिथीन और कचरे को निकाल दिया जाए तो जलभराव की समस्या न बने। इसके अलावा इस नाले का एक भाग मोहल्ला नखासा के भीतर से गुजरता है। जो पॉलिथीन और तमाम कचरे से पटा है। पानी की निकासी भी बंद है।

# विहिप-बजरंग दल की पूर्णागिरि सीमा यात्रा शुरू



पूर्णागिरि सीमा यात्रा की शुरुआत के मौके पर जमा हुए विहिप पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से पूर्णागिरि सीमा यात्रा की शुरुआत शनिवार से कर दी गई। सनातन जागरण और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा का संदेश दिया गया।

जिला अध्यक्ष अमरीश मिश्रा, जिला मंत्री प्रवीन मोहन, जिला संयोजक परविंदर सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता जमा हुए। विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, प्रांत मंत्री अनुज, संगठन मंत्री राजेश सिंह ने नारियल फोड़कर और भगवा ध्वज दिखाकर शुरुआत कराइए। अतिथियों का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ रही लव जिहाद, लैंड जिहाद एवं धर्मांतरण जैसी घटनाओं के प्रति समाज और प्रशासन को जागरूक करना है। साथ ही युवाओं में सनातन संस्कृति, शौर्य, साहस और धर्म रक्षा की भावना को मजबूत करना भी यात्रा का उद्देश्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे गांवों एवं कॉलोनियों में लगातार लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने एवं हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया है। करीब एक हजार बाइक और 20 कारों के काफिले रैली में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष गुलड़िया भिंडारा निशांत प्रताप सिंह ने विद्या मंदिर परिसर में यात्रियों के लिए भोजन और विश्राम की व्यवस्था कराई।

# जिला संयोजक चुने गए दिग्विजय आर्य




बैठक में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत,

- विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में हुई बैठक

**अमृत विचार :** विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को पूर्व छात्रों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के प्रांत संयोजक रविकांत चावला ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन, चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा और पूर्व छात्रों के पंजीयन अभियान की योजना बनाना रहा।

सर्वसम्मति से दिग्विजय आर्य को जिला संयोजक चुना गया। साथ ही वीरेंद्र पाल सिंह जिला सह संयोजक, पूरनपुर नगर संयोजक कार्तिक, बीसलपुर नगर संयोजक सुरजीत सिंह चुने गए।

प्रांत सह संयोजक शिवेंद्र गौतम ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की और सभी से जुटने का आग्रह किया।

इस मौके पर प्रांत सह संयोजक उत्कर्ष गर्ग, प्रधानाचार्य सुभाष बाजपेई, अंशुमन तिवारी, अरविंद वर्मा, मोहनलाल गंगवार, अशोक कुमार, अंकित सक्सेना, सुरेश सिंह, डॉ. विशाल देव, राघव मनचंदा, मयंक श्रीवास्तव, अजय सिंह, निखिल पांडे, गौरीश कुमार, विनीत अग्रवाल, भगत सिंह, राजकुमार, भरत सिंह वर्मा, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# बालिका हॉकी चैंपियनशिप में एसपीएस स्कूल प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** खेल और प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से हॉकी एसोसिएशन द्वारा शनिवार को गांधी स्टेडियम में सेविन साइड जिला स्तरीय अंडर-19 बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बीएसए रोशनी सिंह ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके कराई। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों में ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर जिले का नाम रोशन करने की अटूट क्षमता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य रहे।

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में गांधी स्टेडियम ने सिटी मोंटेसरी को 7-0 , दूसरे में सनराइज स्कूल ने कंपोजिट स्कूल चंदौई को 4-1 , तीसरे में स्वर्गीय सुरेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने सर्वोदय इंटर कॉलेज को 3-1 और चौथे मैच में एसपीएस ने जूनियर हाई स्कूल दियोरी को 3-1 से पराजित किया। सेमीफाइनल में सनराइज क्लब ने सुरेश मेमोरियल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अंततः रोमांचक फाइनल मुकाबले में एसपीएस (SPS) स्कूल की टीम ने सनराइज क्लब को 2-1 से शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मेराज हुसैन, एआर कोऑपरेटिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु और हॉकी संघ के संरक्षक डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए।



पुरस्कृत किए गए खिलाड़ियों संग अतिथि और आयोजक। ● अमृत विचार

- बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने कराई प्रतियोगिता की शुरुआत

आयोजन को सफल बनाने में हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार खींची, संयोजक दीपक सरकार, सचिव जयप्रकाश बघेल, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, भाजपा जिला मंत्री पंकज तिवारी, सभासद रतना शुक्ला, रीना दीक्षित, सुनीता सिंह, जगदीश सक्सेना आदि मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में मुशीर अहमद, प्रमोद, सौरभ सिंह, पूजा कन्नौजिया और कीर्ति सोनकर थे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत,

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील परिसर में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश की अगुवाई में पंचायत की। जिसका संचालन जिलाध्यक्ष पातीराम कश्यप ने किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विदेश सिंह को सौंपा गया। मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने कहा कि तहसील अमरिया के ग्राम पंचायत विलासपुर और कैंचूटांडा के मजरा लक्ष्मीपुर में ग्राम प्रधानों और क्षेत्रीय सचिवों ने शासनादेश के विरुद्ध आवासों का निर्माण कराया है। जांच में दोषी साबित हुए और वसूली तक नहीं कराई जा रही है। मांग की गई कि स्मार्ट मीटर को हटवाया जाए। इस मौके पर सरवन सिंह, राम सिंह, सोहनलाल वर्मा, मदनलाल, लीलाधर, राम बहादुर, सोमपाल, नेतराम, हेतराम, गुलाम नबी, रामस्वरुप, रामश्री, नन्ही देवी, रामवती, कैकई देवी आदि मौजूद रहे।

# हिंदू महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिलसंडा, अमृत विचार:** अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माणाधीन कान्हा गोशाला के संचालन की मांग की गई। कहा कि पांच साल पहले काम शुरू हो चुका था और अधिकांश कार्य तीन साल पहले पूरा भी हो चुका है। मगर अभी तक उसका संचालन न होना गलत है। ग्रामीण परेशान हैं, वहीं छुटटा पशु भी संरक्षित नहीं हो सके हैं। इसे जल्द शुरू कराने की मांग की। इस मौकेपर जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, संजीव मिश्रा, गौरव शर्मा, गंगा प्रकाश मौर्य, रामप्रताप सिंह, यज्ञस्वरुप, रामकुमार, विपिन कुमार, मोहन स्वरुप आदि मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को राहत, मिलेगा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महानिदेशालय ने 49.90 लाख रुपये का बजट किया जारी
- वार्ड ब्वॉय व अन्य कर्मियों के मानदेय भुगतान का रास्ता साफ

**अमृत विचार :** मानदेय न मिलने से परेशान आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मियों को कुछ राहत मिली है। शासन ने आउटसोर्सिंग का मानदेय देने के लिए 49.90 लाख का बजट जारी कर दिया है। 15 मई तक संविदा कर्मियों की लिमिट भी रिलीज होने का आश्वासन दिया है। बजट मिलते ही भुगतान प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। हालांकि संगठन का कहना है कि अगर नियत तिथि तक भुगतान नहीं मिला तो नो पे नो वर्क के आधार पर हड़ताल की जाएगी।

जिले में तैनात करीब 900 एनएचएम संविदाकर्मियों को पिछले दो माह से मानदेय नहीं मिला है, जबकि करीब 100 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को आठ माह से भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक संकट गहराया है। इसको लेकर उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देते हुए परेशान कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए 21 मई से नो पे-नो वर्क की नीति अपनाकर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी। उनका तर्क था कि लंबे समय से वेतन न मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने रोजमर्रा के खर्च पूरे करने तक का संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल की चेतावनी के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल समेत शासन के अधिकारियों तक पहुंचने के बाद स्वास्थ्य महानिदेशालय हरकत में आया। आनन-फानन में आउटसोर्सिंग कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए बजट स्वीकृत करते हुए वित्त नियंत्रक ने ट्रेजरी को 49.90 लाख रुपये जारी करने का आदेश दिया है। इस बजट मिलने के बाद इससे पोस्टमार्टम हाउस, सीएचसी और पीएचसी में तैनात वार्ड ब्वॉय, ऑपरेटर समेत करीब 100 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जल्द भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है। हालांकि एनएचएम संविदा कर्मियों को अभी भी मानदेय के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 15 मई तक उनकी मानदेय लिमिट रिलीज होने की संभावना है। मानदेय न मिलने से अल्प वेतन पाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। बच्चों की फीस, बुजुर्ग माता-पिता की दवाइयों और बैंक किश्तों तक के लिए कर्मचारियों को उधार लेना पड़ रहा था। लंबे समय से भुगतान अटकने से कई परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी संकट में आ गई थी।

# विद्यालय में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया



सम्मानित की गई बच्चों की माताएं। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डॉ.नीतू सिंह, प्रबंधक मुकेश गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। माताओं का स्वागत बच्चों ने तिलक लगाकर और चरण स्पर्श करके किया।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने सभी को लुभाया। माताओं के लिए खेल भी कराए गए। जिसमें शालिनी गुप्ता, आरती शर्मा, आरती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी को पुरस्कृत किया गया। अन्य को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। बच्चों और माताओं की प्रस्तुतियां पर हौसला बढ़ाया गया। प्रधानाचार्या डॉ.नीतू सिंह ने कहा कि चलती-फिरती हुई आंखों से अज़ां देखी है, मैंने जन्नत तो नहीं देखी, मां देखी है। प्रबन्धक मुकेश गुप्ता, डॉ.अनूप बेरी, आशीष गुप्ता ने मां की ममता के महत्व को बताया।

# शहर की तर्ज पर ग्रामीण अंचलों में बनेंगे एफएसटी प्लांट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन ने वित्तीय वर्ष में दो एफएसटीपी बनाने का दिया लक्ष्य
- पूरनपुर ब्लॉक में एक की जगह चिन्हित, दूसरे की तलाश जारी

**अमृत विचार :** शहर की तर्ज पर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित किए जाएंगे। जनपद में चालू वित्तीय वर्ष में दो एफएसटी प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया है। इन दो प्लांट पर करीब 03 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है। इसमें एक एफएसटीपी के लिए पूरनपुर ब्लाक में भूमि चिन्हित की जा चुकी है। जबकि दूसरे प्लांट के लिए भूमि की तलाश जारी है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जनपद की 720 ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए तमाम कार्य किए जा रहे हैं। इसमें प्रत्येक गांव में शौचालय बनाए जा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक सीवेज प्रबंधन की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी और फीकल स्लज अक्सर खुले में या असंगठित तरीके से निस्तारित किया जाता है। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। शासन ने इस समस्या को देखते हुए अब शहर की दर्ज पर ग्रामीण अंचलों में भी एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित करने का निर्णय लिया। इधर शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद में दो एफएसटी प्लांट बनाने का लक्ष्य दिया है। एक एफएसटी प्लांट पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगें। शासन से लक्ष्य मिलने के बाद अब पंचायती राज विभाग ने ब्लाकों में एफसटी प्लांट के लिए भूमि की तलाश शुरू कर दी है। विभागीय अफसरों के मुताबिक इसमें एक एफएसटी प्लांट के लिए पूरनपुर ब्लाक में भूमि चिन्हित की जा चुकी है।

> स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जनपद में दो एफएसटीपी का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए भूमि चिह्नित की जा रही है। दोनों एफएसटीपी के निर्माण में करीब तीन करोड़ खर्च होंगे। जिला स्तर पर सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। – **रोहित भारती**, डीपीआरओ

जबकि दूसरे एफएसटी प्लांट के लिए विभाग भूमि तलाशने में जुटा हुआ है। संभवता जल्द ही दूसरे प्लांट के लिए भी भूमि मिल जाएगी। एसबीएम के डीपीएम अमित कुमार के मुताबिक एफएसटीपी तकनीक के माध्यम से शौचालयों और सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले फीकल स्लज को एकत्र कर उसका शोधन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में ठोस और तरल अपशिष्ट को अलग किया जाता है और जैविक प्रक्रियाओं के जरिए उसे सुरक्षित ओर उपयोगी उत्पाद में बदला जाता है। शोधन के बाद बचा हुआ ठोस पदार्थ खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि तरल भाग को सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाएगा।

### एफएसटीपी निर्माण के यह रहेंगे मानक

एफएसटीपी का निर्माण एक एकड़ भूमि पर कराया जाएगा। मानकों के मुताबिक चिह्नित जगह उस स्थान पर हो, जहां आसानी से वाहन पहुंच सकें और आबादी से उसकी दूरी करीब 250-500 मीटर हो। ताकि दुर्गंध, शोर या संक्रमण की समस्या न हो। जल निकासी का भी उचित प्रबंध हो। बिजली, पानी व अन्य संसाधन प्लांट के पास हो, जिससे वहां काम आसानी से कराया जा सके।

# बीसलपुर में भी मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महाराणा प्रताप की जयंती मनाठ गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान और आत्मसम्मान के अमर प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए संघर्ष का मार्ग नहीं छोड़ा। उनका जीवन प्रत्येक विद्यार्थी को साहस, राष्ट्रप्रेम और आत्मगौरव की प्रेरणा देता है। बच्चों ने भी विचार रखे। इस मौके पर अर्चना चौहान, शशि सौरभ, जनार्दन मिश्रा, रमेश पाल, अशोक पाण्डेय, काशीनाथ, महेन्द्र पाल, भगत सिंह, नारायण सिंह रावत,आलोक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शनिवार को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन को आत्मसात कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष डॉ.पीडी सिंह की अध्यक्षता में हुए समारोह की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ महामंत्री संजय सिंह तोमर ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर किया है। विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि हमें एकता के साथ ही सामूहिक विवाह, छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र सम्मान समेत अन्य सामाजिक क्रियाकलापों में सक्रियता लानी चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधराज सिंह, रेखा सिंह परिहार, धर्मेंद्र सिंह, मनोज तोमर, वीरेंद्र सिंह ध्रुव, महिला विंग जिलाध्यक्ष अनुसुइया सिंह, संतोष सिंह, अर्जुन सिंह ने भी समाज की एकजुटता पर जोर दिया। संचालन महामंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया।



कार्यक्रम की शुरुआत कराते महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- वक्ताओं ने रखे विचार, एकजुटता और सामाजिक क्रियाकलापों में सक्रियता पर दिया जोर

अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर एनपी सिंह, अनिल कुशवाहा, मुनिराज सिंह, एमएस धामी, रितेश सिंह, वीरेंद्र सिंह एडवोकेट, अजीत सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह, कल्यान सिंह, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. एसएन सिंह, कमला चौहान, योगेश्वर सिंह, निर्भय सिंह, डॉ. तेज बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### घर के बाहर गाली-गलौज कर चाकू से किया हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के गांव कैरातीपुरवा निवासी शत्रोहन ने बताया कि शुक्रवार को गांव के ही संजय, रामू, बच्चालाल और फूलन उसके दरवाजे पर पहुंचे। सभी लोग गालियां देने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से पिटाई की और चाकू से हमला किया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। जांच एसआई मोहन सिंह को सौंपी है।

### गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के गांव मितौला निवासी अनिल कुमार ने बताया कि गांव के ही गंगाराम ने शराब के नशे में उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है गाली-गलौज का विरोध करने पर मुक्का-घूंसे से मारपीट कर दी। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच एसआई हरेंद्र कुमार को सौंपी है।

### जमीन पर कब्जे के विरोध पर पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मोहम्मदी कोतवाली के गांव अमीरनगर निवासी रहमत अली ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे पड़ोसी रफुल्ला, उसके बेटे शैबू और लल्ला सहित परिवार की एक महिला ने उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई है। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। आरोप है कि विपक्षी उनकी जमीन और मकान पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और विरोध करने पर गोली मारकर हत्या की धमकी देते हैं।

### ब्राउन शुगर के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर गौरीफंटा पुलिस और एएसबी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नवीन चौधरी निवासी कनरी वार्ड नंबर 15, उपमहानगर पालिका धनगढ़ी, जिला कैलाली, नेपाल राष्ट्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास 4.90 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नवीन चौधरी बनकटी जंगल के नदी घाट क्षेत्र से होकर कच्चे रास्ते से नेपाल जा रहा था।

# समरसेबल डालते समय करंट की चपेट में आए दो भाई, एक की मौत

## दूसरे भाई की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती, हैंडपंप में पाइप डालने के दौरान हादसा

संवाददाता, मितौली



मृतक सुमित।



घायल दूसरे भाई का इलाज कराते परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** मैगलगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को घर में हैंडपंप में समरसेबल डालने के दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया, जिससे दो सगे भाई करंट की चपेट में आ गए। हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से झुलस गया, जिसका उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना मैगलगंज थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी फत्तेपुर के गांव महजीतपुर गांव की है। गांव निवासी सुमित पाल (20) पुत्र नीलकंठ अपने भाई अरविंद पाल के साथ घर में लगे हैंडपंप में समरसेबल डालने का काम कर रहा था। दोनों भाई लोहे का लंबा पाइप हैंडपंप में डाल रहे थे, तभी अचानक पाइप घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। जैसे ही पाइप बिजली लाइन से टकराया, तेज करंट दौड़ गया और दोनों भाई गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़ पड़े। किसी तरह दोनों भाइयों को करंट से अलग किया गया। आनन-फानन में परिजन दोनों को सीएचसी मितौली लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सुमित की हालत बेहद गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे भाई अरविंद पाल का इलाज मितौली सीएचसी में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक सुमित चार भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार का बेहद लाडला था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने हाईटेंशन लाइनों की ऊंचाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आबादी वाले क्षेत्रों में गुजर रही बिजली लाइनें लगातार हादसों का कारण बन रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बिजली सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं।

### दंपती के साथ मारपीट, बाइक लूटने का प्रयास

**पसगवां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में बाइक सवार दंपती के साथ मारपीट और बाइक छीनने के प्रयास का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना में महिला का पैंडिल भी गायब हो गया, जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव जमुका निवासी अंकित अपनी पत्नी अंकिता देवी और बच्चों के साथ किसी निमंत्रण समारोह से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव भोगीपुर मनी के पास पहुंचने पर गांव जीराबोझी निवासी प्रवीण पुत्र जगदीश ने उन्हें आवाज देकर रोक लिया। वहां पहले से एक अज्ञात व्यक्ति भी मौजूद था और सड़क किनारे एक साइकिल पड़ी हुई थी। आरोप है कि बाइक रुकते ही प्रवीण और उसके साथी ने अंकित और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपी बाइक छीनकर ले जाने का प्रयास करने लगे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े तो दोनों आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए।

## उप मुख्यमंत्री की वायरल पोस्ट से महकमे में हड़कंप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



डॉ. गणेश कुमार अधीक्षक सीएचसी।

**अमृत विचार:** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार देर शाम सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति किए जाने की वायरल पोस्ट से हड़कंप मच गया है, हालांकि डॉक्टर गणेश ने इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी न होना बताया है।

नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गणेश 18 अप्रैल 2017 से तैनात हैं। इस दौरान कई बार विवादित रहने के चलते वह सोशल मीडिया, समाचार पत्रों में चर्चित रहे। वर्ष 2024 में तहसील परिसर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के एक कार्यक्रम में ड्यूटी पर गए डॉ गणेश के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया के साथ समाचार पत्रों की सुर्खियां बना। कुछ समय के लिए ने उन्हें गोला सीएचसी से नकहा सीएचसी में अधीक्षक बनाया गया। लेकिन कोर्ट से स्टे लाने के कारण पुनः उन्हें गोला सीएचसी अधीक्षक बने। उन पर दवा की कुछ कंपनियां चलाने, नगर व क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों से साठगांठ आदि का आरोप भी लगा।

जिसकी शिकायत डीएम से लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों तक की गई। उपमुख्यमंत्री ने वायरल पोस्ट में स्पष्ट किया है कि मरीजों की सेवा में लापरवाही या भ्रष्टाचार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. गणेश ने बताया कि शाम से उनके पास कई फोन आए हैं, लेकिन उन्हें अब तक किसी प्रकार की आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि किस मामले को लेकर क्या कार्रवाई की गई है।

### 10 किग्रा गांजा सहित दो तस्कर पकड़े



गांजा सहित गिरफ्तार आरोपी।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फरधान पुलिस और स्वाट टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 10.135 ग्राम गांजा बरामद होने का दावा किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है। सीओ मितौली यादवेंद्र यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विवेक तिवारी निवासी आनंद नगर सलेमपुर कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी और शिवा उर्फ प्रियांशु अवस्थी निवासी चैनपुरवा मजरा अजयपुर थाना तंबौर जनपद सीतापुर बुलेट से गांजा लेकर जा रहे थे। टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया है।

## महिला सशक्तीकरण की मिसाल बना गोला डिपो

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

• 48 महिला परिचालक संभाल रहीं बस संचालन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के गोला डिपो में महिला सशक्तिकरण का एक बेहतरीन उदाहरण देखने को मिल रहा है, जहां 48 महिला परिचालक अन्य पुरुष परिचालकों के साथ मिलकर बस संचालन की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाल रही हैं।

गोला डिपो में इस समय 48 संविदा महिला परिचालक विभिन्न रुटों पर बसों के संचालन में सक्रिय हैं, जो महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुलभ परिवहन सुनिश्चित कर रही हैं। गोला रोडवेज डिपो में कुल 288 परिचालक है, जिनमें 48 महिला परिचालक और 240 पुरुष परिचालक कार्यरत हैं, जो विभिन्न ग्रामीण, नगरीय और सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर, बरेली आदि मार्गों पर बसों के संचालन में भूमिका निभा रहे हैं। गोला डिपो में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश चंद्र कमल के नेतृत्व में बसों की साफ सफाई, तकनीकी व्यवस्था और समयबद्ध संचालन का निरीक्षण किया जाता है। गोला डिपो की बसें गोला से दिल्ली, लखनऊ, बरेली, सीतापुर और पीलीभीत जैसे प्रमुख शहरों के साथ ही उत्तराखंड, राजस्थान राज्य के लिए चलती हैं। डिपो की महिला परिचालक मुख्य रूप से स्थानीय और लंबी दूरी की बसों में सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जो रोडवेज के आधुनिकीकरण और महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ ही लैंगिक समानता की एक शानदार मिसाल पेश कर रही है।

### फकीर बाबा स्थान पर यज्ञशाला निर्माण और वेदी पूजन

**बिझौली, अमृत विचार:** फकीर बाबा जमुनाबाद फार्म पर होने जा रहे श्री रुद्र महायज्ञ समारोह के तहत शनिवार को यज्ञशाला का निर्माण और वेदी पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य पं. लक्ष्मीकांत मिश्रा यज्ञासम्राट पं. ओमवीर तिवारी, पं. एकनाथ शुक्ला, पं. रविकांत मिश्रा, पंडित नितिन के आचार्यत्व में सुबह वेदी की स्थापना कर पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड तैयार किए गए। यज्ञ मंडप को फूल मालाओं से सजाया गया। आयोजक जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेशचन्द्र कनौजिया ने बताया कि वेदी पूजन के साथ यज्ञ की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। रविवार को कलश जल यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद यज्ञशाला में अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित कराकर नौ दिवसीय यज्ञ शुरू होगा। 16 मई तक प्रतिदिन पूजन यज्ञ एवं प्रवचन होंगे।

# महिला को धक्का देने से गोद से गिरा 17 दिन का बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• आपसीरंजिश बनी हादसे की वजह, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**अमृत विचार:** थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव शिवपुर में चली आ रही पुरानी रंजिश ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। विवाद के चलते हुई धक्का मुक्की के दौरान अपनी मां की गोद में बैठा 17 दिन का मासूम बच्चा जमीन पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक है। लोगों में गुस्सा भी है।

शिवपुर गांव निवासी राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उसकी मां फूलमती घर के बाहर 17 दिन के नवजात बेटे को गोद में लेकर खड़ी थीं। इसी दौरान गांव के ही कपिल, कुशमा और छैलू वहां पहुंचे। आरोप है कि चली आ रही पुरानी रंजिश को लेकर तीनों गाली-गलौज करने लगे। परिजनों का कहना है कि जब फूलमती ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें धक्का दे दिया। अचानक धक्का लगने से वह नवजात को गोद में लिए हुए ही जमीन पर गिर पड़ीं। गिरने से बच्चे को गंभीर चोटें आईं और उसकी हालत बिगड़ गई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण मासूम को बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 17 दिन के मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना को लेकर गम और आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि मामूली विवाद में हुई इस घटना ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। सूचना मिलते ही ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गर्भवती महिला पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके शुरू की आरोपियों की तलाश

**अमृत विचार:** थाना खीरी के गांव वैबहा में पिटाई कर रहे हमलावरों से पति को बचाने गई गर्भवती महिला को आरोपियों ने जमकर पीट दिया। आरोप है कि उस पर भी धारदार हथियार और लोहे की रॉड से हमला कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गांव वैबहा निवासी मोहिनी देवी पत्नी सुमित निवासी ने बताया कि वह और उनके पति सुमित आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी मोती, कल्लू और संतू वहां पहुंच गए और उनके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी।

जब उन्होंने बीच-बचाव करते हुए पूछा कि उनके पति को क्यों पीटा जा रहा है, तो आरोपी उन पर भी टूट पड़े। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों से हमला किया और सिर पर धारदार हथियार, हंसिया जैसे औजार से वार कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गईं। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें और उनके पति को लोहे की रॉड से भी मारा।

जान से मारने की धमकी भी दी गई। गर्भवती होने के कारण उसकी तबीयत और अधिक बिगड़ गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक ही रात में तीन घरों से लाखों के जेवर-नकदी उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



घर में बिखरा पड़ा सामान व खाली पड़े बक्से। • अमृत विचार

• लखनापुर गांव में वारदात से ग्रामीणों में दहशत, जांच में जुटी फरधान थाना पुलिस

**अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। फरधान थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बना। चोर दो घरों से लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए, जबकि एक घर में चोरी का प्रयास किया गया। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच एक ही रात में तीन घरों में हुई वारदात से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

गांव लखनापुर निवासी मायाराम पासी ने बताया कि शुक्रवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। आधी रात के बाद चोर उनके घर में घुस आए। चोरों ने दक्षिण दिशा में बने कमरे में रखे बक्से और अलमारी का कुंडा तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान को खंगाल डाला। बदमाश पायल, कमरबंद, सोने का लॉकेट, सोने के झाले समेत अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। रात करीब तीन बजे उनकी आंख खुली तो कमरे का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और बक्सों के ताले टूटे हुए थे। परिवार के लोगों ने जब सामान की जांच की तो सोने-चांदी के जेवर और नकदी गायब मिली। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा कुछ दूरी पर स्थित बसंत के घर में घुसे चोर 30 हजार रुपये की नगदी और करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने गांव के ही इंद्रपाल के घर को भी निशाना बनाया। चोर ग्रिल काटकर घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच खटपट की आवाज सुनकर घर में जाग हो गई। चोरों को देख परिवार वालों ने शोर मचाया। इस पर चोर घटना को अंजाम नहीं दे सके और मौके से भाग निकले। एक ही रात तीन जगहों पर वारदात से आसपास के गांवों में भी दहशत व्याप्त हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत



मृतक गंगाराम।

**बांकेगंज, अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी के संसारपुर तिराहे के पास गुरुवार की शाम को हुई स्कूटी और साइकिल की टक्कर में घायल व्यक्ति की लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गांव लाए गए शव का अंतिम संस्कार किया गया। थाना क्षेत्र के गांव छेदा लालपुर निवासी मृतक गंगाराम के भांजे विनोद कुमार गौतम ने बताया कि गुरुवार को मामा गंगाराम (60) बांकेगंज बाजार गए थे। शाम को जब वह घर वापस आ रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल गए थे।

## कबड्डी और खो-खो में खीरी की महिला और पुरुष टीम विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



महिला टीम को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देते एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय।



कबड्डी में दमखम दिखाती टीम। • अमृत विचार

• एएसपी पश्चिमी अमित राय ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

• लखनऊ जोन कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता 2026 का समापन

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आयोजित लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय महिला एवं पुरुष कबड्डी-खो-खो क्लस्टर प्रतियोगिता 2026 का समापन शानदार मुकाबलों के बीच हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों में लखीमपुर खीरी पुलिस की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत दर्ज कराई और खिताब जीत लिया।

पुरुष कबड्डी वर्ग के फाइनल मुकाबले में लखीमपुर खीरी और रायबरेली की टीम आमने-सामने थीं। मैच के दौरान खीरी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल दिखाते हुए 52 अंक अर्जित किए, जबकि रायबरेली की टीम 18 अंकों पर ही सिमट गई। इस शानदार जीत के साथ खीरी की पुरुष टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। महिला कबड्डी वर्ग में भी खीरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन रेड और मजबूत डिफेंस के दम पर 19 अंक हासिल कर जीत दर्ज कराई। रायबरेली की महिला टीम 12 अंक ही जुटा सकी और उपविजेता रही। खीरी की महिला टीम की जीत पर पुलिस लाइन तालियों से गूंज उठी। खो-खो प्रतियोगिता में भी लखीमपुर खीरी की महिला और पुरुष टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और चल वैजयन्ती पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की फुर्ती, अनुशासन और खेल भावना ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश और टीम भावना देखने लायक रही। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच हुए मुकाबलों में खीरी की टीमों ने शुरुआत से ही विपक्षी टीमों पर दबाव बनाए रखा और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड, पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आरआई पवन कुमार भाटी, एसआई एमटी चन्द्रभूषण साहनी, विभिन्न जनपदों के टीम मैनेजर, निर्णायक मंडल के सदस्य, शिक्षा विभाग एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम लखीमपुर के अधिकारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी दर्शक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम-सीओ ने किया गन हाउस का निरीक्षण

**पलियाकलां। अमृत विचार** : एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार एवं सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार ने पुलिस व राजस्व टीम के साथ नगर की निघासन रोड पर स्थित उस्मानी गन हाउस का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बिक्री किए गए कारतूसों व उपलब्ध खोखा कारतूसों से मिलान कर जांच की। अधिकारियों ने गन हाउस संचालक को निर्देशित किया कि बिना खोखा कारतूस लिए, नए कारतूसों की बिक्री किसी भी हालत में न की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर अधीनस्थ पुलिस व राजस्व विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### विवेकानंद अकादमी में मनाया गया मातृ दिवस



**भानपुर, अमृत विचार** : भीरा कस्बे स्थित विवेकानंद अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के एमडी की माताजी देवेंद्र कौर रहीं। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों के प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। माताओं के लिए कई मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य आकर्षण बेस्ट मॉम कॉन्टेस्ट रहा। स्वाति जैन को बेस्ट मॉम चुना गया, जबकि राधा गुप्ता रनर-अप रहीं। विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंधक अमनदीप सिंह, प्रधानाचार्य जसप्रीत कौर, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शौर्य के प्रतीक थे महाराणा प्रताप: भाटी

**पलियाकलां , अमृत विचार** : नगर के जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में महाराणा प्रताप की मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और शौर्य की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने तत्कालीन मुगल सम्राट अकबर के तमाम प्रलोभनों को ठुकराकर मातृभूमि की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा का मार्ग चुना। विद्यालय की प्रवक्ता अर्चना शुक्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी। इस दौरान प्रियंका चौरसिया, रचना मिश्रा, सुमन गुप्ता आदि रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर सख्ती बढ़ेगी, गुम पिलरों और अतिक्रमण पर बनी रणनीति

## सीमा स्तम्भों के रखरखाव और सर्वे कार्यों को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक

संवाददाता, महंगापुर (खीरी)

**अमृत विचार** : भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सीमा स्तम्भों के रखरखाव, अतिक्रमण रोकने और सर्वे कार्यों में बेहतर समन्वय को लेकर 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के गदनिया पलिया कलां मुख्यालय में भारत और नेपाल के अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सशस्त्र सीमा बल द्वारा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सीमा स्तम्भों की स्थिति, सर्वे कार्यों में आपसी समन्वय तथा सीमा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में क्षतिग्रस्त सीमा स्तम्भों की शीघ्र मरम्मत, गुम (मिसिंग) पिलरों का सर्वे कर रिपोर्ट उच्च मुख्यालय को भेजने, सीमा क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए एलाइनमेंट कार्य कराने तथा अतिक्रमण करने वाले



उच्चस्तरीय बैठक में मौजूद भारत-नेपाल के अधिकारी। ● अमृत विचार

**सीमा सुरक्षा पर बड़ा फोकस**

- गुम सीमा पिलरों की होगी नई पहचान
- अतिक्रमण हटाने को बनेगी संयुक्त रणनीति
- आधुनिक तकनीक से होगा सीमा सर्वे
- भारत-नेपाल अधिकारियों ने बढ़ाया समन्वय
- सीमा सुरक्षा को लेकर दोनों देशों का साझा संकल्प

**बैठक के प्रमुख बिंदु**

- क्षतिग्रस्त सीमा स्तम्भों की जल्द मरम्मत
- अतिक्रमणकारियों के दस्तावेजों की जांच
- दुर्गम क्षेत्रों में हाईटेक सर्वे पर सहमति

लोगों के भूमि और नागरिकता संबंधी दस्तावेजों की जांच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा दुर्गम सीमा क्षेत्रों में सर्वे कार्यों को अधिक प्रभावी और सटीक बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी दोनों देशों के अधिकारियों ने सहमति जताई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा और सर्वे कार्यों में आपसी समन्वय एवं सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

भारत की ओर से सर्वे ऑफ इंडिया के डॉयरेक्टर डीएन पाठक, सर्वेयर ऑफीसर आदर्श राय, आत्रेय ज्ञान, अमित मौर्या, सर्वे ऑफिसर प्रदीप कुमार आर्या, सर्वे ऑफिसर मुकेश कुमार, 39वीं वाहिनी के कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, 49वीं वाहिनी, पीलीभीत के कमांडेंट शेर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी माधव चन्द्र घोष, उप-कमांडेंट (प्रचालन) विजयेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे। वहीं, नेपाल की ओर से सर्वे विभाग नेपाल के डिप्टी डॉयरेक्टर जनरलसुशील दंगल, चीफ सर्वे ऑफिसर रमेश गवाली, चीफ सर्वे ऑफीसर ज्ञानेंद्र कुमार विष्ट, सर्वे ऑफिसर सुमन श्रेष्ठ समेत कई अधिकारी शामिल हुए।

# पलिया-11 ने मुडा-11 को 7 विकेट से रौंदा



मैदान पर खेलती दोनों टीमें। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझगईं

- **डॉ. मोहम्मद हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट, नीरज बने मैन ऑफ द मैच**

**अमृत विचार** : गांव लोधपुरवा में आयोजित डॉ. मोहम्मद हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए पांचवें लीग मुकाबले में पलिया-11 ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुडा बुजुर्ग-11 को 7 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैच में पलिया की टीम मजबूत नजर आई।

सुबह 11 बजे शुरू हुए मुकाबले में पलिया-11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुडा बुजुर्ग-11 की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से धीरेंद्र ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए, जबकि गुड्डू छोटे ने 24 रन का योगदान दिया। हालांकि टीम के तीन बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। ओपनर आदिल 6 रन और अहमद बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। पलिया की ओर से गेंदबाजों में नीरज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 22 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। 100 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पलिया-11 की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 7.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 102 रन बना लिए और जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही तेज रन गति बनाए रखी, जिससे मुडा की टीम दबाव में नजर आई। मैच में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले नीरज को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने गेंदबाजी में 3 विकेट लेने के साथ बल्लेबाजी में भी 7 रन का योगदान दिया। मुडा की ओर से आदिल ने 2 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। कड़ी धूप के बावजूद मैच देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ मैदान पर मौजूद रही। मुकाबले में अखलाक हुसैन ने अंपायर की भूमिका निभाई। इस दौरान निसार अहमद, डॉ. जुबेर, मुईद राजा, अफजल हुसैन सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े घरों के सामने से चोरी हो रहे बकरे

संवाददाता, मझगईं

- **बाइक पर लादकर भाग जाते हैं चोर**
- **हफ्ते भर में दो वारदातों से पशुपालकों में दहशत**

**अमृत विचार**: थाना क्षेत्र के कस्बा मझगईं में इन दिनों बकरा चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। चोर दिनदहाड़े घरों के सामने से बकरे चोरी कर बाइक पर लादकर फरार हो रहे हैं। हफ्ते भर में हुईं दो घटनाओं से पशुपालकों में दहशत का माहौल है।

करीब एक सप्ताह पहले छब्बापुरवा निवासी एवं पूर्व प्रधान लियाकत खां का बकरा घर के सामने चर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार चोर मौके पर पहुंचे और बकरे को बाइक पर लादकर फरार हो गए। हालांकि तीन दिन बाद चोर बकरा छोड़ गए, जिससे लियाकत खां को उनका बकरा वापस मिल गया। इसके कुछ दिन बाद फिर चोरों ने छब्बापुरवा निवासी हुरमत अली को निशाना बनाया। बताया गया कि करीब 25 हजार रुपये कीमत का बकरा घर के सामने से बाइक पर लादकर चोर फरार हो गए। काफी तलाश के बाद भी बकरे का कोई सुराग नहीं लग सका। हुरमत अली ने बताया कि उन्होंने कुर्बानी के लिए बकरा पाल रखा था, जिसे चोर उठा ले गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के पशुपालकों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि चोर दोपहर और दोपहर बाद का समय चुनकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं, जब लोग अपने कामों में व्यस्त रहते हैं और किसी को भनक तक नहीं लगती है।

# संगठन मजबूत करने पर भाजपा का जोर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार**: कस्बे के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमें संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि जिला मंत्री अमित सिंह ने कहा कि भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बूथ सत्यापन अभियान को पूरी गंभीरता से संपन्न करने तथा प्रत्येक बूथ को सक्रिय और मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों



बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **सदस्यता अभियान और बूथ सत्यापन पर बनी रणनीति**

और अभियानों को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने पर जोर दिया। सदस्यता अभियान को तेज करने, नए लोगों को पार्टी से जोड़ने और गांव-गांव संपर्क अभियान चलाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता ने की। मंडल महामंत्री अनिल राठौर एवं अमृतेश अवस्थी ने आगामी योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी, आलोक शुक्ला वेदू, सर्वेश सिंह, रामकुमार गुप्ता, अमरनाथ सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने को सपा का अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **मासिक बैठक में भाजपा सरकार पर साधा निशाना, कार्यकर्ताओं को गांव-गांव पहुंचने का निर्देश**

**अमृत विचार**: समाजवादी पार्टी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। लोहिया भवन में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में बूथ और सेक्टर स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं और नेताओं से जनसंपर्क बढ़ाने व पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ और सेक्टर स्तर पर सक्रिय होकर लोगों से संपर्क स्थापित करें और समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं। कार्यकर्ता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और सरकार की विफलताओं को भी जनता के बीच मजबूती से रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और बिजली स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दों को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से छुटकारा चाहती है और बदलाव का माहौल बन रहा है। बैठक में पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक डॉ. आरए उस्मानी, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व विधायक शमशेर बहादुर शेर, पूर्व प्रत्याशी तरुण चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल और मो. कय्यूम खां सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

# रेडियो स्टेशन खीरी ने टीकाकरण शिविर लगाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लगाए गए टीके, स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी**

**अमृत विचार**: सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रेडियो खीरी की टीम लखीमपुर ब्लॉक के ग्राम बेरिहाडीह पहुंची।

रेडियो खीरी और स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित नियमित टीकाकरण शिविर में टीम ने सहभागिता कर ग्रामीण महिलाओं और अभिभावकों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर एएनएम रोली वर्मा एवं आशा कार्यकर्ता सुधा देवी ने



टीकाकरण शिविर में जागरूक करतीं एएनएम रोली वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

शिविर में पहुंची महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान दो गर्भवती महिलाओं तथा छह बच्चों का टीकाकरण किया गया। रेडियो खीरी की सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में रेडियो खीरी की सदस्य मानसी जायसवाल और रूपांशी वर्मा ने नैरोकास्टिंग के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही लोगों को नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में गांव बेरिहाडीह की पूजा, बिटोला, निर्मला, माधुरी, लता, सुधा, माला, रामरानी, रेखा, रोहिणी, मंजू और अंशिका आदि महिलाएं मौजूद रहीं। एएनएम रोली वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे।

# समारोह में मेधावियों को मेडल व उपहार देकर किया सम्मानित

**संपूर्णानगर, अमृत विचार**: स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा के मेधावी अमनदीप सिंह, रुद्र यादव, अभिनेष वर्मा, गौरव कुमार, रितिक निषाद, लक्ष्मी मणि, इंटरमीडिएट परीक्षा में मेधावी काजल निगम, अनुष्का भारती, गगनदीप सिंह, विरमजीत कौर, सुमन और दिव्यांशी को कॉलेज प्रशासन ने मेडल पहनाकर और उनके अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि युवा जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने मेधावियों को डायरी, पेन और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी, पूर्व शिक्षक वीरेंद्र सिंह वर्मा और कॉलेज प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गोंड को भी अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# व्यापारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



विधायक को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार**: नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने विधायक रोमी साहनी से मुलाकात की। नगर के पुराने बस स्टैंड के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

व्यापारियों ने विधायक को बताया कि सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों, यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दूर-दराज गांवों से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए पुराने बस स्टैंड के पास खाली पड़ी भूमि पर शीघ्र सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए, जिससे व्यापारियों एवं आमजन को राहत मिल सके। साथ ही नगर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो के। विधायक ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जसवीर फ्लोरा, श्याम आनंद, जसपाल गहोनियां, गौरव अग्रवाल, राहुल गुप्ता आदि रहे।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**आवश्यकता है**

प्राचार्य -01 पद बीएड, प्रवक्ता बीएससी जूलॉजी- 01, एमएससी जूलॉजी - 01, बीएससी बॉटनी -01, एमएससी बॉटनी 01, बीएससी केमिस्ट्री - 01, एमएससी केमेस्ट्री - 01, बीएससी फिजिक्स - 01, एमएससी फिजिक्स - 01, बीएससी मैथ्स -01, एमएससी मैथ्स - 01, बीबीए -01, बीसीए -01, बीएससी होम साइंस - 01, इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपने समस्त शैक्षणिक सर्टिफिकेट की फोटोकॉपी (दो सेट में) निम्न पते पर डाक द्वारा प्रेषित करें या ईमेल करें योग्यता- यूजीसी एवं MJPRU, बरेली के मानकानुसार **सिरसा (पी.जी) कॉलेज आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी**, बहेड़ी 8679447027, 8679430519

Email - vikas9621@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्लाट के चैन का मूल बैनामा कचहरी शाहजहांपुर में कहीं खो गया है जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय पुवायां में दिनांक 13.1.2009 पुस्तक संख्या 1 खण्ड संख्या 3722 पेज संख्या 265-300 क्रमांक संख्या 369 पर दर्ज है जो प्लाट ग्राम चककन्हू परगना बड़ागांव तहसील सदर जिला शाहजहांपुर में स्थित है जिस किसी व्यक्ति को उपरोक्त बैनामा प्राप्त हो वह 15 दिवस के अन्दर मुझे (तपेश कुमार पुत्र मुनीश्वर दयाल गुप्ता) को मो.न. 9415489358 पर सूचित करें।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं. 440331127057 में नाम भूलवश बन्टी पुत्र झंडू लाल जन्मतिथि 08.07.1992 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम राजेश कुमार पुत्र झन्डू सिंह तथा जन्मतिथि 08.04.1999 है। भविष्य में मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। **राजेश कुमार पुत्र झन्डू सिंह निवासी ग्राम खैलम देहजागीर, तहसील आवंला जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# नहीं पहुंचे अफसर, इंस्पेक्टर अकेले सुनते रहे फरियाद

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार**:थाने पर आयोजित समाधान दिवस माखौल बनकर रह गया है। यहां तहसील का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा, जिसके चलते लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इस थाना दिवस में अकेले ही प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर फरियादियों की समस्या सुनते रहे। समाधान दिवस सुबह 10 से 2 बजे तक चलता है। निर्धारित समय के बाद थाने के अलावा राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी जब नहीं पहुंचा तो राजस्व संबंधी आने शिकायत कर्ता अधिकांश वापस चले गए। खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की है। बावजूद इसके किसी अधिकारी के न पहुंचने से सरकार की मंशा का मखौल उड़ा रहा है। लोगों का कहना रहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है, लेकिन संबंधित अधिकारियों के मौजूद न रहने से शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया प्रभावित होती है। कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह अपने स्टाफ के साथ पूरे समय मुस्तैद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लेखपाल स्वेता सिंह, विद्योत्मा,उमेश शुक्ला, शिवम् गुप्ता, श्रीनिवासन त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शर्मा, सौरभ वर्मा व कानूनगो शशी प्रकाश तोमर मौजूद रहे।



समाधान दिवस में सुनवाई करते प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर।



थाना फरधान में शिकायतें सुनते डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

### थाना फरधान में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना फरधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच करके निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# खरीद के तीन साल बाद भी नहीं मिला कब्जा

संवाददाता, तिकुनिया

- **दिल्ली की महिला ने लगाया जमीन कब्जाने और धमकी देने का आरोप**

**अमृत विचार**: नई दिल्ली निवासी एक महिला ने अपने परिवार के ही कुछ लोगों पर खरीदी गई जमीन, मकान और बाग पर कब्जा न करने देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नई दिल्ली के महरौली निवासी रेखा रानी पत्नी राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उनके पति राजेन्द्र पाल सिंह ने वर्ष 2023 में इन्दरनगर निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह से जमीन खरीदी थी। इस खरीद में मकान, रास्ता और बाग का हिस्सा भी शामिल था। खरीदारी भूपेन्द्र सिंह के भाई रूपेन्द्र सिंह की सहमति से हुई थी और रूपेन्द्र सिंह ने अलग से धनराशि भी ली थी। इस संबंध में सभी दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। रेखा रानी ने आरोप लगाया कि जमीन खरीदने के बाद से ही रूपेन्द्र सिंह, उसके बेटे अमरदीप सिंह उर्फ चिंटू और हरदीप सिंह उर्फ पिंटू लगातार उनके पति को परेशान कर रहे हैं। जब भी वह अपनी जमीन पर जाते हैं, उनके साथ झगड़ा किया जाता है और जान से मारने की धमकी दी जाती है। उन्होंने बताया कि उनके पति हार्ट के मरीज हैं और पिछले छह वर्षों से उनका इलाज चल रहा है। विवाद सुलझाने के लिए कई बार पंचायत भी कराई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 10 मई 2026

खीरी

न्यूज ब्रीफ

### महिला की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही करने का आरोप, शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी चांद मियां की पत्नी रूबी की मौत हो गई। मृतका के पति चांद मियां ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की दोपहर पत्नी को सीएचसी पर भर्ती कराया था। शाम चार बजे पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया। कुछ देर बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई। फर्रुखाबाद ले जाते समय पत्नी की मौत हो गई। आरोप है कि डॉक्टर व स्टाफ ने लापरवाही की वजह से पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने पति के आरोप पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बैंक मैनेजर पर जाति सूचक गाली-गलौज का आरोप, दी तहरीर

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम अजीजपुर निवासी श्रीकृष्ण थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2012-13 में एक बैंक से 60 हजार रुपये का लोन लिया था, जिसमें से करीब 20 हजार रुपये वह पहले ही जमा कर चुके हैं। 20 दिन पहले बैंक की ओर से 20 हजार रुपये में लोन सेटलमेंट करने की बात कही गई थी, जिस पर वह राजी हो गए थे। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर पौने चार बजे बैंक मैनेजर कार से उनके घर पहुंचे और लोन जमा न करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे। उसका आरोप है कि मैनेजर ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कियात्र मारपीट पर उतारू हो गए और धमकी दी कि "तूने बैंक का पैसा नहीं जमा किया, मैं तुझे जेल करा दूंगा।

### दो पक्षों में मारपीट

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सरथौली निवासी आशीष सिंह ने बताया कि वह खेत पर भूसा लेने जा रहा था, तभी गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना में दोनों तरफ लोगों को चोटें आई हैं, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने और अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद पुलिस ने आशीष की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### नकदी और जेवर चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** हरदोई जिले के थाना पाली के गांव भगवंतापुर निवासी विनोद ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी मायके परा झपसा आई हुई थी। 06 मई को उसके घर के सामने बारात थी। उसकी पत्नी और उसके परिवार वाले बारात देखने लगे। आरोप है कि घर में अज्ञात लोग घुस गए और दस हजार रुपये तथा जेवर चुराकर ले गए।

# प्रशासन जागा, खराब हैंडपंप वॉटर कूलर दुरुस्त

## कुंभी ब्लॉक के एडीओ पंचायत ने लिया संज्ञान, मैकेनिक भेजकर कई स्थानों पर बहाल कराई पेयजल व्यवस्था

अमृत विचार IMPACT

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के विद्यालयों और धार्मिक स्थलों पर लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंपों एवं वॉटर कूलरों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित करना रंग लाया। अमृत विचार में आठ मई को खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और कुंभी ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अवनीश त्रिपाठी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए मैकेनिक भेजकर खराब पेयजल व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

ग्राम पंचायत बेलबा के मजरा मूड़ाविष्णु स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा था। इससे विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा मिड-डे मील बनाने वाली रसोइयों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गर्मी के मौसम में बच्चों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। इसी प्रकार बिलहरी स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर में लगा वॉटर कूलर और हैंडपंप कई महीनों से बंद पड़ा था, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत होती थी। वहीं तेंदुआ गांव के शिव मंदिर परिसर में लगा सरकारी हैंडपंप भी खराब था। मंदिर के पुजारी और दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा था।


तेंदुआ के शिव मंदिर पर हैंडपंप ठीक करता मैकेनिक।


रामजानकी मंदिर पर वॉटर कूलर सही करता मैकेनिक।


ग्रामीण क्षेत्र में हैंडपंप व वॉटर कूलर खराब, कैसे बुझे प्यास
ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारियों की उदासीनता, इंडिया मार्का हैंडपंप और धार्मिक स्थलों पर लगे वॉटर कूलर ठप

अमृत विचार में आठ मई को प्रकाशित खबर।

### कई बार शिकायत करके थक चुके थे ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद अमृत विचार ने जनहित से जुड़ी इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और एडीओ पंचायत अवनीश त्रिपाठी ने तत्काल मैकेनिकों की टीम भेजकर न केवल प्रकाशित स्थलों के हैंडपंपों और वॉटर कूलरों को ठीक कराया, बल्कि आसपास के अन्य खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों की भी मरम्मत करवाई।

### क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल

मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है। रामजानकी मंदिर के पुजारी लालता प्रसाद ने पेयजल व्यवस्था बहाल होने पर अमृत विचार और प्रशासन का आभार जताया। वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भी राहत महसूस करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में पानी की समस्या दूर होना बड़ी राहत है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनसमस्याओं पर इसी तरह त्वरित कार्रवाई होती रहेगी, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

# जीपीडीपी चौपाल में आत्मनिर्भर गांव की बनाई रूपरेखा

संवाददाता, निघासन

- लुधौरी पंचायत भवन में ग्रामीणों ने उठाई सड़क, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं की मांगें

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जीपीडीपी योजना के तहत पंचायत भवन लुधौरी में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। लखनऊ से आए राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों की बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, ग्रामसभा सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव की समस्याओं और विकास संबंधी जरूरतों को सामने रखा।

चौपाल में प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों को पंचायत की आय बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर विकसित करने के कई उपाय बताए। उन्होंने मछली पालन, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मुर्गी पालन, दूध एवं घी उत्पादन, संगीत और गायन जैसे स्वरोजगार आधारित कार्यों को अपनाने पर जोर दिया। ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बिहारी पुरवा में प्राथमिक विद्यालय खोलने, और विजुअल लाइब्रेरी स्थापित करने की मांग की। वहीं अंबेडकर स्थल विरजापुरवा और सहते पुरवा में सोलर लाइट एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की आवश्यकता बताई गई। इसके अलावा नंदापुरवा में बारातघर निर्माण, प्रशिक्षण केंद्र के सामने मिट्टी डलवाकर गड्ढे भरवाने तथा पिंक शौचालय बनवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। महिलाओं ने कहा कि इन सुविधाओं से गांव में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षक वीरेश कुमार त्यागी, दीपेश कुमार, सौरभ जायसवाल शेरु, दयाशंकर पाल, पूरनलाल कश्यप, नबी अहमद, कुसमा देवी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी वीरपाल सिंह, रोजगार सेवक राजू गिरि, संजीव श्रीवास्तव और राजन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बकाया गन्ना भुगतान व यूरिया संकट पर राकिमसं गंभीर, डीसीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- जिला गन्ना अधिकारी से समस्या के समाधान की मांग
- किसान मजबूरन महंगी यूरिया खरीद रहे


जिला गन्ना अधिकारी को ज्ञापन देते राकिमसं जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार:** जिले की बजाज ग्रुप की चीनी मिलों से गन्ने के भुगतान में शिथिलता और गन्ना समितियों के खाद गोदामों पर यूरिया संकट पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने जिला गन्ना अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह को सौपे ज्ञापन में जिलाध्यक्ष ने कहा है कि बजाज ग्रुप की गोला, पलिया, खंभार खेड़ा इकाई की गन्ना मूल्य भुगतान की गति अत्यंत धीमी है। किसानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए फीस, कापी किताब, खेती-किसानी में लगाने के लिए रुपये नहीं हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों को खेतों में डालने के लिए यूरिया भी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे मजबूरन किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है। जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने बताया बजाज की चीनी मिलों को बराबर नोटिस भेजी है और चीनी बिक्री का 85 प्रतिशत भुगतान किसानों के खातों में भेजा जाता था। अब चीनी बिक्री का 90 प्रतिशत गन्ना भुगतान किसानों के खातों में भेजने का प्रयास किया जा रहा है। गन्ना समितियों के सचिवों को यूरिया वितरण के भी निर्देश दिए जा चुके हैं।जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने अन्य कई समस्याओं को लेकर उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र से भी मुलाकात की। किसानों की समस्या के विषय में चर्चा की। इस दौरान ताराचंद शुक्ला, रणजीत मौर्य, राजेंद्र वर्मा, दूलीचंद वर्मा, बालगोविंद वर्मा, श्रवण कुमार यादव आदि प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

# सुरभि को जलाकर मार डालने में ससुर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** शहर में दहेज के लिए सुरभि शुक्ला को जलाकर मार डालने के मामले में पुलिस आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पहले पति को गिरफ्तार करके चालान कर चुकी है।

पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्धाजी निवासी गीता शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसने पुत्री सुरभि शुक्ला की शादी दो साल पहले श्याम मिश्रा निवासी सिंजई कोतवाली के साथ की थी। शादी में करीब 20 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद ससुराल वाले उसकी पुत्री को ताना मारने लगे थे। आरोप है कि दहेज में कार की मांग को लेकर 28 अप्रैल की रात नौ बजे ससुराल वालों ने पेट्रोल डालकर जला दिया था। इलाज के दौरान सुरभि की मौत हो गची। विवाहिता 95 प्रतिशत जल गयी थी।

# हादसों में दो बाइक सवार घायल

संवाददाता, पसगवां


सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे लोग। • अमृत विचार

- थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जंगबहादुरगंज मोहम्मदी मार्ग पर ग्राम नेवादा के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। दूसरा हादसा जंगबहादुरगंज से एक किमी दूर ग्राम उदयपुर के पास हुआ, जिसमें एक अनियंत्रित बाइक के पिकअप में घुसने से एक बाइक सवार घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदोई की कोतवाली पिहानी के ग्राम कुल्हौरा वाजिद नगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र रामेश्वर किसी काम से नयागांव किशोरी गया था। वहां से वापस आ रहा था कि जंगबहादुरगंज मोहम्मदी मार्ग पर ग्राम नेवादा के पास तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रमोद का एक पैर टूट गया, जबकि दूसरे पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोटें आईं। हादसे के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गई। हालांकि उसका चालक सुरक्षित है। पुलिस और आसपास के लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस से सीएचसी पसगवां भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। बोलेरो नरदी निवासी राजीव कुमार की बताई जा रही है। हरदोई की कोतवाली पिहानी के ग्राम कोरिगावां निवासी मदन कुमार (40) पुत्र राम प्रसाद अपने गांव से जंगबहादुरगंज बाजार करने जा रहा था। जब वह उदयपुर के पास पहुंचा तभी उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पीछे से एक पिकअप में घुस गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल की मदद की। पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल मदन को सीएचसी पसगवां भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया।

# माध्यमिक विद्यालयों में बनेगा शक्ति मंच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और अधिकारों को लेकर नई पहल शुरू की जा रही है। जिन विद्यालयों में बालिकाएं अध्ययनरत हैं, वहां शक्ति मंच का गठन किया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में शक्ति मंच को सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा। मंच के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के महत्व, महिला सम्मान, लैंगिक समानता और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए समय-समय पर बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें छात्राएं खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकेंगी। विद्यालयों में शिकायत पेटिका भी स्थापित की जाएगी, ताकि छात्राएं अपनी शिकायतें और समस्याएं गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकें। इन शिकायतों की समीक्षा प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति की महिला सदस्य करेंगी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी जाएगी। साथ ही हेल्पलाइन नंबर को विद्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे जरूरत पड़ने पर छात्राएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। शक्ति मंच के तहत किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और सुरक्षित माहवारी के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। साथ ही स्कूल से बाहर रह गई बालिकाओं की पहचान कर उन्हें दोबारा शिक्षा से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। विद्यालय प्रशासन छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करेगा, ताकि बालिकाएं सुरक्षित और आत्मविश्वास पूर्ण माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर मुठभेड़, गोली लगने से आरोपी घायल

संवाददाता जलालाबाद/शाहजहांपुर

- पत्नी से अवैध संबंध में युवक को गोली मारकर फरार हुआ था तमंचा- बाइक बरामद


पुलिस मुठभेड़ में घायल अवनीश।

**अमृत विचार :** एक युवक को गोली मारकर हत्या के प्रयास में पुलिस की गंगा एक्सप्रेस वे पर आरोपी से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान आरोपी और सिपाही गोली से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों का अस्पताल में इलाज कराया। आरोपी ने ने अपनी पत्नी के कथित प्रेमी को अवैध संबंधों के चलते गोली मारी थी। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव पेहना निवासी दिनेश ने जलालाबाद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 06 मई को शाम साढ़े चार बजे उसके बेटे अमित सिंह को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नियत से गांव टापर से रामपुर जाने वाले मार्ग पर गोली मार दी थी, जिससे उसका बेटा अमित घायल हो गया था। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की विवेचना में अवनीश सिंह निवासी सैदपुर थाना कांट का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। जलालाबाद पुलिस को शनिवार की रात एक बजे सूचना मिली कि आरोपी अवनीश सिंह बाइक से आ रहा है।

गंगा एक्सप्रेस वे पलहरई गांव के सामने पुलिस ने मोटर साइकिल रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर आरोपी ने बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया तो बाइक से नीचे गिर गया। आरोपी अवनीश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के लिए फायर किया। इस दौरान आरोपी अवनीश के एक पैर में गोली लगने से घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ में सिपाही शुभम सैनी के दाहिने हाथ की कोहनी में गोली रगड़ती हुई निकल गयी। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा और कारतूस, दो मोबाइल फोन, एक बुलेट मोटरसाइकिल और नगदी बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी अवनीश ने बताया कि उसकी पत्नी के अमित अवैध संबंध थे। इसलिए अमित को ठिकाने के लिए जान से मारने की नीयत से सिर में गोली मारी थी। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, एसएसआई सकतावत सिंह, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह, गौरव कुमार, पवन कुमार आदि थे। अमित को मरा समझकर भाग गया था। आरोपी अवनीश ने पूछताछ के बाद बताया कि उसकी पत्नी से अमित के अवैध संबंध थे। अमित को ठिकाने के लिए सिर में गोली मारी थी। आरोपी उसे मरा समझकर मोटरसाइकिल से भाग गया था। आरोपी गंगा एक्सप्रेस वे से होकर फरीदाबाद के लिए जा रहा था। आरोपी पर पहले से विभिन्न धाराओं के दो मुकदमे दर्ज है। विवेचना में आया कि पानीपत में काम के दौरान अमित, अवनीश की पत्नी के संपर्क में आया था। उसने अमित को समझाया था और नहीं माना था।

एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने बताया कि अमित को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने घायल का मोबाइल चेक किया तो प्रकाश में आया कि अमित का किसी महिला से प्रेम-प्रसंग था। विवेचना में अवनीश का नाम प्रकाश में आया। पुलिस मुठभेड़ में अवनीश घायल हो गया और साथ ही सिपाही भी घायल हो गया है।

# दो घरों में नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- बंद मकान को बनाया निशाना कस्बा में चोरी की घटनाएं बढ़ीं

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र में चोरी की वारदातें दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बना लिया। चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ दिए और अलमारी तथा बक्से से नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। पुलिस ने दोनों घरों का मौका मुआयना किया।निगोही थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कालोनी निवासी आयुष प्रताप सिंह गुरुवार की शाम मकान में ताला बंद करके परिवार के साथ ननिहाल बीसलपुर गया था। उसकी नानी बीमार थी। चोरों ने रात में उसके मकान का मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया। चोरों ने दो कमरों के ताले तोड़ दिए। चोरों अलमारी में रखा जेवर और नगदी चुराकर चंपत हो गए। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने दरवाजा खुला देखा तो आयुष प्रताप को फोन पर सूचना दी। वह परिवार के साथ नौ बजे घर पर आए तो दोनों कमरों में सामान बिखरा पाया। उन्होंने बताया कि चोर 21 हजार 700 रुपये, सोने का पैंडल तथा एक सोने का ओम चुराकर ले गए। इसी मोहल्ले में चोरों ने बाबूराम के घर को निशाना बनाया है। बाबूराम ने बताया कि गुरुवार की शाम परिवार समेत साढू की लड़की की शादी में गए थे और मकान में ताला बंद था। शुक्रवार की सुबह नौ बजे घर लौटे तो देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ था। साथ ही बक्से का भी ताला टूटा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर 15 हजार रुपये और बहु को जेवर चुराकर ले गए है।

उसकी बहु बेटे के साथ बाहर रहती है। पुलिस ने दोनों घरों का मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिल गयी और जांच की जा रही है।

# नहीं किया मातृभूमि की अस्मिता से समझौता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में महाराणा प्रताप की जयंती मनाते लोग। • अमृत विचार

- महाराणा प्रताप की जयंती पर किया नमन

**अमृत विचार:** उन्नकिसेस कृषि संस्थान के शैक्षणिक हाल में महाराणा प्रताप की जयंती पर उनको नमन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि की मातृभूमि की अस्मिता की रक्षा के लिए उन्होंने घास की रोटियां खाई पर स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं किया।

मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विशिष्ट अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगलों की अधीनता स्वीकार करने के बजाय अरावली के जंगलों में रहना स्वीकार किया। कठिन समय में जब अकबर की सेना ने रसद बंद कर दी थी, तब प्रताप और उनके परिवार ने घास की रोटी खाकर अपना स्वाभिमान और मेवाड़ी अस्मिता की रक्षा की। संचालन कर रहे संस्थान के संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया ने कहा कि मुगलों के सामने न झुकने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, तपस्या और अदम्य साहस का प्रतीक है। संचालक गीता भदौरिया ने अतिथियों का आभार जताया। राजेश्वर सिंह, विमलेश मिश्रा, सुनील बाजपेई, श्रीप्रकाश सिंह, जितेंद्र सिंह, एसपी सिंह, धीरज बाजपेई, उदित प्रताप सिंह, सौरभ सिंह, रविंद्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# टीटी स्टाफ को अर्निंग बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल से सीनियर डीसीएम फ्रेट विपिन शर्मा शनिवार को राज्यरानी एक्सप्रेस से आए। उन्होंने टीटी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सीआईटी से अर्निंग के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा कि अर्निंग कम है और अर्निंग बढ़ाई जाए। किसी दिन निल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पार्सल घर का निरीक्षण किया, यहां भी अर्निंग के बारे में जानकारी की। सीनियर डीसीएम रोजा में साइडिंग में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यापारी और वेंडरों के लिए पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए तथा प्रकाश की व्यवस्था सही होनी चाहिए। निरीक्षण करने के बाद बंदे भारत से शाम को मुरादाबाद चले चले गए। निरीक्षण के समय अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने तुरंतनाथ बाबा मंदिर में किया दर्शन-पूजन


तुरंतनाथ मंदिर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते विधायक व अन्य। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** विधायक अमन गिरि ने शनिवार को कुंभी ब्लॉक के गांव तेंदुआ स्थित तुरंतनाथ बाबा मंदिर में दर्शन, पूजन कर लोक मंगल की कामना की। वहां हो रहे भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। विधायक ने शनिवार को तेंदुआ गांव स्थित तुरंतनाथ बाबा मंदिर में जलाभिषेक कर लोगों से मुलाकात कर मंदिर पर श्र0ालुओं की व्यवस्थाएं देखीं। वहां प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शिक्षक संघ अध्यक्ष विजयपाल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, गिरीश तिवारी, अरुणेश पांडे, राजेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# महिला ने दी आत्मदाह करने की धमकी

**पुवायां, अमृत विचार :** जमीन के विवाद में एक महिला ने आत्मदाह करने की चेतावनी दे डाली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गंगसरा गांव में जमीन विवाद निपटाने पहुंचे तहसीलदार और थाना प्रभारी के सामने एक महिला ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। उसके हाथ में पेट्रोल से भरा डिब्बा था। पुलिस कर्मचारियों ने छीनकर स्थिति संभाल ली थी। गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है, जिस पर भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में किसान धरना दे रहे थे। दूसरे पक्ष की महिलाओं ने बैनामा धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी ने शनिवार को दोनों पक्षों को थाना बुलाकर पंचायत करने की बात कहकर लौट गए।

न्यूज ब्रीफ

### संभल में रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार में 10 दिन पहले हुई कहासुनी ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर मारपीट, लाठी-डंडे और पथराव शुरू हो गया। थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी रामवीर और दूसरे पक्ष के विनोद के बीच करीब 10 दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। शुक्रवार को एक बार फिर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। कुछ ही देर में दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। पुलिस को आता देख दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर मौके पर छोड़कर फरार हो गए। मामले में कांस्टेबल दीपक भाटी की तहरीर के आधार पर असमोली थाने में दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक पक्ष के रामवीर, नागेंद्र सिंह, शीशपाल, किशन, जागन सिंह और चिंतन तथा दूसरे पक्ष के विनोद, बंटी, राजा, विजयपाल, अजीत और ऋषिपाल समेत एक दर्जन लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी है।

### धमकी देकर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। चार बच्चों के हाथ रस्सी से बांधकर उनके सामने तरबूज रख दिए गए और वीडियो बनाकर बच्चों के परिजनों को ब्लैकमेल किया जाने लगा। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की मांग की जा रही है। मामले में एक बच्चे के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उपनगरी सरायतरीन के मोहल्ला नवाबखेल निवासी खलील मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आसान मलिक तीन दिन पहले अपनी नानी के घर गांव रसूलपुर धतरा गया था। इस दौरान वह अन्य बच्चों के साथ साइकिल चलाते हुए खेत की ओर चला गया। आरोप है कि गांव निवासी असीम कुरैशी ने बच्चों को रोक लिया और चार बच्चों के हाथ रस्सी से बांध दिए। इसके बाद बच्चों के साथ मारपीट की गई और उन्हें कथित तौर पर बंधक बनाकर वीडियो बनाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरेली में शोभायात्रा का रास्ता रोका तनातनी के बाद थाने में सुलह

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस के विरोध में अड़े दूसरे पक्ष के लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गांव महेशपुर ठकुरान गांव में महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा से पहले रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। दूसरे के पक्ष की महिलाएं पहले से ही इसके विरोध में अड़ गईं। मौके पर मौजूद पुलिस ने समझा-बुझाकर माहौल गरमाने से बचाया। बाद में दोनों पक्षों के बीच थाने में सुलह होने के बाद शोभायात्रा शांतिपूर्वक निकाली गई। अफसरों ने गांव में अब किसी तरह के विवाद से इंकार किया है।

महेशपुर ठाकुरान गांव में महाराणा प्रताप जयंती का जुलूस शनिवार को शाम के समय निकाला जाना था मगर दूसरे पक्ष के लोगों ने सुबह से ही विरोध का ऐलान कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सड़क पर जमा हो गए और शोभायात्रा को उस रास्ते से नहीं जाने देने की बात कहने लगे। पुलिस की निगरानी गांव में पहले से थी। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि शोभायात्रा निकाल रहे पक्ष ने पूर्व में अंबेडकर जयंती पर निकाले गए जुलूस को अपनी ओर के रास्ते से नहीं निकलने दिया था। ऐसे में वे लोग भी अब अपने रास्ते से शोभायात्रा आगे नहीं जाने देंगे।



सुभाषनगर थाने में बातचीत करते दोनों पक्षों के लोग।

तनातनी का पता होते ही इंस्पेक्टर सुभाषनगर सुभाष नैन फोर्स के साथ गांव पहुंच गए और लोगों से बातचीत की। कुछ लोगों ने तेवर दिखाने की कोशिश की तो थाना प्रभारी ने सख्ती दिखाकर शांत किया। इस वीडियो भी वायरल हुआ है।

शोभायात्रा की तैयारी के बीच दोनों पक्ष सुभाषनगर थाने पहुंच गए, जहां लंबी बातचीत हुई। सीओ और एसीएम की मौजूदगी में देर तक वार्ता जारी रही। इस दौरान आपस में बहस के हालात भी बने मगर दोनों ओर के गणमान्य लोगों ने समझदार का परिचय देते हुए मामला शांत कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों बातचीत के बाद अपने-अपने जुलूस अलग रास्ते से निकालने पर सहमत हो गए। जिसके बाद मामला निपट गया है। इसके बाद शाम को धूमधाम से महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा निकाल गई। सुरक्षा कारणों से पुलिस गांव में मुस्तैद रही। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि महेशपुरा ठाकुरान गांव में रास्ते को लेकर गांव के दो पक्षों में जुलूस निकालने को लेकर मतभेद था। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मतभेद निपटा दिया है। शाम पांच बजे जुलूस निकाला गया और सात बजे शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। कहीं किसी तरह का कोई विवाद नहीं है।

## स्वगणना में चमका बरेली, प्रदेश में दूसरा स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्वगणना अभियान में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे दिन जिले में करीब 30 हजार लोगों ने स्वगणना कराकर प्रशासनिक प्रयासों को मजबूती दी।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में करीब 12 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिदिन 20 घरों का लक्ष्य दिया गया है। गांव से लेकर शहर तक लोगों को स्वगणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है। अधिकारियों का कहना है कि लोगों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बरेली प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है।

# फर्जी आईएएस विप्रा गैंग पर पांच और मुकदमे दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खुद को आईएएस अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार विप्रा और उसकी बहनों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बारादरी थाने में शनिवार को पांच नए मुकदमे दर्ज किए गए। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने नौकरी लगवाने, सरकारी विभागों में नियुक्ति दिलाने और प्रभावशाली पदों पर पहुंचाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया है कि एक विधवा महिला से भी नौकरी दिलाने के नाम पर करीब चार लाख रुपये ठग लिए गए थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रुपये लेने के बाद आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे और बाद में संपर्क बंद कर दिया।

शनिवार को फरीदापुर रामचरन फतेहगंज पश्चिमी निवासी अभिषेक मौर्या ने बारादरी पुलिस को बताया कि ग्रीन पार्क निवासी विप्रा ने उनकी सरकारी नौकरी लगाने के बहाने दो लाख रुपये ले लिए। वहीं पीलीभीत की रहने वाली हिना परवीन से 1.5 लाख रुपये नौकरी के नाम पर ठगे। स्टेडियम रोड स्थित सिटी हार्ट कॉलोनी निवासी दिलप्रीत सिंह को ठग बहनों ने नौकरी के नाम पर 3.50 लाख रुपले ले लिए। परवाना नगर निवासी परहत जहां से चार लाख रुपये ले लिए। उन्होंने बताया कि विधवा है और अकेले कमाने वाली है। भमोरा के सिंघा निवासी अजय सिंह ने बताया कि उनसे नौकरी के नाम पर ठग बहनों ने तीन लाख रुपये ले लिए। इंस्पेक्टर बारादरी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि बारादरी थाने में ठग बहनों के नाम पर अब तक 19 मुकदमे हो गए। सोमवार को उनका इन मुकदमों में रिमांड लिया जाएगा।

# पिता ने दिव्यांग बेटे की हत्या कर शव दफनाया

संवाददाता, बरेली/सिरौली

**अमृत विचार :** बेटे की दिव्यांगता से परेशान व्यक्ति ने बरेली में उसकी जान ही ले ली। कस्बा सिरौली में पिता ने 9 साल के मासूम की हत्या कर दी और शव जमीन में दबा दिया। मारे गए कन्हैया से छोटे भाई-बहनों ने छह दिन बाद पिता का पाप सबके सामने ला दिया। बच्चे की मां की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने शव खराब हालत में बरामद कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बच्चे की बीमारी से मौत का दावा किया है। पूछताछ जारी है।

समाज को दहला देने वाली घटना बरेली में थाना सिरौली के मोहल्ला गढ़ी में सामने आई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अनिल का बेटा कन्हैया दिव्यांग था। काफी इलाज के बाद भी लाभ नहीं हुआ था।



शव बरामद करने के लिए जेसीबी से खुदाई कराती पुलिस। ● अमृत विचार

- 9 साल के बच्चे की दिव्यांगता से परेशान था आरोपी किसान
- छोटे भाई-बहनों ने खोला मासूम कन्हैया की हत्या का राज

इससे पिता परेशान रहता था। इसी परेशान में उसने जघन्य घटना कर डाली। बच्चे की मां संध्या ने पुलिस को बताया कि पति अनिल ने बेटे कन्हैया की गला दबाकर हत्या कर दी और शव तालाब किनारे जमीन खोदकर दबा दिया। कन्हैया से छोटे 4 वर्षीय अनमोल और 6 वर्षीय वंदना ने पुलिस के सामने कहा कि उन्होंने पिता को बड़े भाई का गला दबाते देखा था।

शनिवार शाम नायब तहसीलदार दीपक कुमार, थाना प्रभारी विनोद सिंह ने फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर खुदाई कर शव बरामद कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हिरासत में आरोपी अनिल ने कहा कि बेटे की मौत बीमारी से हो गई थी।

उसने दफना दिया। हालांकि, मां के आरोप और बच्चों के बयान हत्या ने पुलिस को हिला दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मेगा फूड पार्क का डीएम ने किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को तहसील बहेड़ी स्थित निर्माणाधीन मेगा फूड पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

समीक्षा में सामने आया कि परियोजना क्षेत्र में उत्तराखंड के कुछ किसानों की जमीन भी शामिल है।


**सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज गोला गोकर्ण खीरी**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक स्तर सत्र 2026-27 की ऑनलाइन प्रवेश-प्रक्रिया हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट www.cgncollege.in पर उपलब्ध है। इच्छुक एजेंसियां सम्बन्धित कार्य हेतु दिनांक 08.05.2026 से एक सप्ताह के भीतर अपनी निविदा कार्यालय में उपलब्ध करायें।

(प्रो. पंकज सिंह) प्राचार्य (चरनजीत कौर) प्रबन्धक

**कार्यालय प्राचार्य, नेहरू मैमोरियल शिव नारायण दास (पी.जी.) कालेज, बदायूं**

**निविदा सूचना**

ने.मे. शिव नारायण दास कॉलेज, बदायूं में विवरण पत्रिका प्रास्पैक्टस हेतु निम्न विवरण अनुसार दिनांक 16.05.2026 तक संख्या 3500 विवरण पत्रिका के मुद्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

पेपर मैपलीथों 70 जी.एस.एम. ब्लैक एण्ड व्हाइट 40 पृष्ठ, कवर पेज आर्ट कार्ड 300 जी.एस.एम. मल्टी कलर लेमीनेशन तथा अन्दर रंगीन पृष्ठ आर्टपेर 130 जी.एस.एम. 8 पृष्ठ, प्रवेश फार्म, पृष्ठ 1 दोनों साइड प्रिंटिड 70 जी.एस.एम. लीगर साइज, कार्ड शीट 18X22/16 आई कार्ड साइज 300 जी.एस.एम. तथा बुक साइज 21 एम.एम. X27.5

डा. आशीष कुमार सक्सेना प्राचार्य

**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
**व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक, पीलीभीत**
**मुकदमा नं.-टी111242/2025 ई.**

म ई. वादी खलील अहमद आदि बनाम राज्य सरकार बनाम 1. महरूनिशा पत्नी स्व. हफीज अहमद 2. मो. राशिद पुत्र स्व. हफीज अहमद 3. मो. साकिब पुत्र स्व. हफीज अहमद

समस्त नि.गण मो. मोहम्मद यार खाँ कस्बा न्यूरिया हुसैनपुर परगना, तह. व जि. पीलीभीत बाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा 38(2)UPRC दायर की है अत: आप दिनांक 20 माह 05 सन् 2026 वबक्त बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आप व ताईद अपनी जवाबदेही इस्तकदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा।

दिनांक 30 माह 04 सन् 2026 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया।

उपजिलाधिकारी न्यायिक, पीलीभीत

**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
**व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक, पीलीभीत**
**मुकदमा नं.-टी100681/2025 ई.**

वादी खलील अहमद आदि बनाम राज्य सरकार बनाम 1. महरूमनिशा पत्नी स्व. हफीज अहमद 2. मो. राशिद पुत्र स्व. हफीज अहमद 3. मो. साकिब पुत्र स्व. हफीज अहमद समस्त नि.गण मो. मोहम्मद यार खां कस्बा न्यूरिया हुसैनपुर परगना, त. व जि. पीलीभीत

बाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा 38(2) UPPC दायर की है अत: आप दिनांक 20 माह 05 सन् 2026 वबक्त बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपके लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आप व ताईद अपनी जवाबदेही इस्तकदकाल करते चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा।

दिनांक 30 माह 04 सन् 2026 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया।

उपजिलाधिकारी न्यायिक, पीलीभीत

**कार्यालय नगर पंचायत उसावां-बदायूं**

पत्रांक : 40/न.प.उसा./2026-27 दिनांक : 07.05.2026

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (विनिमय और नियंत्रण) नियमावली 2025 लागू की गयी है। नियमावली के बिन्दु 4 में उल्लिखित "पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगह की सूची की तैयारी (1) स्थानीय निकायों द्वारा अपनी-अपनी अधिकारिता क्षेत्र से सम्बन्धित पार्कों, खेल के मैदानों और खुली जगह के सम्बन्ध में सूची तैयार की जायेगी (2) सूची में पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की वार्ड वारक्रम संख्या नाम, अवस्थिति, आकार/क्षेत्रफल तथा अन्य सुसंगत सूचनायें होगी। उक्त नियमावली के क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत उसावां, बदायूं की सीमान्तर्गत आने वाले पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची निम्न विवरण के अनुसार तैयार की गयी है। जिसका निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | वार्ड सं. | पार्क का नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार (ल.Xचौ.) | अनुरक्षण सफाई सौन्दयीकरण आदि के लिए उठाये गये कदम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | 02 | महात्मा बुध पार्क | अविकसित | 0.5020(हे.) | आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत विकसित कराया जायेगा |

अत: उपरोक्तानुसार पार्कों, खेल के मैदानों तथा खुली जगहों की सूची नियमावली के बिन्दु-5 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रकाशित की जा रही है तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन के एक माह के अन्दर उक्त सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उसावां, बदायूं — अध्यक्ष नगर पंचायत उसावां, बदायूं


# टावर पर चढ़ा युवक, एफआईआर वापस लेने की मांग

संवाददाता, सौंधन/कैला देवी

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव का युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक करीब पांच घंटे तक टावर पर चढ़ा रहा, जिससे ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। काफी प्रयासों के बावजूद युवक देर रात तक नीचे नहीं उतरा।

गांव निवासी 28 वर्षीय सोमपाल शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के मुताबिक सोमपाल मानसिक मंदित बताया जा रहा है। करीब पांच वर्ष पहले बीमारी के चलते उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उसकी आठ वर्षीय बेटी राधा उसके साथ रहती है। पत्नी की मौत के बाद से वह अक्सर मानसिक तनाव में रहता था। युवक को नीचे उतारने के लिए उसका भाई लोचन भी टावर पर चढ़ा, लेकिन भाई को अपनी ओर आता देख सोमपाल और ऊपर चढ़ गया।



संभल में युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने के बाद एकत्रित लोग। ● अमृत विचार

- काफी प्रयासों के बावजूद युवक देर शाम तक नीचे नहीं उतरा

ग्रामीणों और परिजनों ने काफी देर तक उसे समझाने का प्रयास किया, मगर वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं हुआ। इस दौरान सोमपाल ने टावर पर लगे तार काटने शुरू कर दिए। इससे गांव में मोबाइल नेटवर्क प्रभावित हो गया और लोगों के मोबाइल फोन ने काम करना बंद कर दिया। बाद में उसने टावर से लोहे की एंगल तोड़कर नेटवर्क माइक्रोवेव उपकरण को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे जियो नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।



मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक।

पुलिसकर्मियों ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास किए। भीड़ अधिक होने के कारण युवक नीचे आने को तैयार नहीं था। इसके बाद पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया ताकि युवक बिना दबाव के नीचे उतर सके, लेकिन इसके बावजूद वह टावर पर ही बैठा रहा। करीब पांच घंटे चले हाईवोल्टेज ड्रामा के दौरान पुलिस और ग्रामीण लगातार युवक को समझाने में जुटे रहे। देर रात तक युवक टावर से नीचे नहीं उतरा था और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए थी।

## लोक निर्माण विभाग ने मारी बाजी

**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना महाअभियान में लोक निर्माण विभाग ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभाग ने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही पोर्टल पर शत-प्रतिशत डेटा अपलोड कर अन्य सरकारी महकमों के सामने अनुशासन और टीम वर्क की एक नई मिसाल पेश की है। विभाग की इस उपलब्धि को अन्य सरकारी विभागों के लिए प्रेरणादायी माना जा रहा है। इसके पीछे पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह की रणनीति और मॉनिटरिंग रही। डीएम अविनाश सिंह के निर्देशों का पालन करते हुए विभाग ने इस अभियान को मिशन मोड में लिया।

# एंबुलेंस नहीं मिली तो ऑटो में शव लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा पिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था की एक बार फिर संवेदनहीन तस्वीर सामने आई है। सरकारी एंबुलेंस समय पर उपलब्ध न होने से एक बेबस पिता को अपने परिजन का शव ऑटो में रखकर मोर्चरी से पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि परिजन लंबे समय तक एंबुलेंस का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हो सकी। मजबूरी में पिता ने निजी ऑटो का सहारा लिया और भारी मन से शव को पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाया। वायरल वीडियो में पिता का दर्द

- जिला अस्पताल से शव को ऑटो में ले जाने का वीडियो हुआ वायरल

और लाचारी साफ दिखाई दे रही है। शव के पास बैठा पिता बार-बार व्यवस्था को कोसता नजर आया, जबकि आसपास मौजूद लोग भी इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे।

परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल में एंबुलेंस व्यवस्था लंबे समय से बदहाल है। उनका कहना है कि कई बार शव को मोर्चरी से पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाने के लिए एंबुलेंस चालक गरीब परिवारों से मनमानी रकम की मांग करते हैं। पैसे न देने पर घंटों इंतजार कराया जाता है। आरोप है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।

# मीरगंज विधायक के भतीजे अंकित वर्मा दूसरे दिन सकुशल मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मीरगंज सीट से भाजपा विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा के लापता भतीजे अंकित वर्मा दूसरे दिन बरेली में सैटेलाइट बस अड्डे के पास सकुशल मिल गए। पूछताछ में पता लगा कि अधूरी रिसर्च की वजह से वह टेंशन में थे और इसी परेशानी में हॉस्टल से निकलकर हरिद्वार की ओर चले गए थे। बाद में खुद ही लौट भी आए। अंकित की सुरक्षित वापसी से वर्मा फैमिली ने राहत की सांस ली है। पुलिस की भी नो टेंशन हो गई है।

विधायक डॉ. डीसी वर्मा के छोटे भाई रामप्रकाश वर्मा पीलीभीत में अमखिरिया बीसलपुर के रहने वाले हैं। रामप्रकाश के पुत्र अंकित

- एम फॉर्मा छात्र अधूरी रिसर्च की उलझन में हॉस्टल से निकलकर हरिद्वार की ओर गया, बाद में खुद बरेली लौटा

वर्मा एसआरएमएस कॉलेज भोजीपुरा में एम फॉर्मा के छात्र हैं। पुलिस की जांच में पता लगा है कि अंकित रिसर्च पूरी नहीं होने की वजह से टेंशन में थे। इसी परेशानी के चलते वह मानसिक शांति के लिए हॉस्टल से निकलकर हरिद्वार रवाना हो गए थे। मोबाइल हॉस्टल में ही छोड़ गए थे।

अंकित के गायब होने से विधायक डॉ. डीसी वर्मा का परिवार परेशान हो गया था। भोजीपुरा थाने में अंकित की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस की कई टीमें खोजबीन में जुटी थीं। रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड सभी जगह तलाश की जा रही थी। दो दिन बाद शनिवार सुबह लापता अंकित वर्मा किसी जानकार को सैटेलाइट बस अड्डे पर नजर आए और परिवार को सूचना दी। उन्हें घर ले जाया गया। अंकुर के सही सलामत मिलने से परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विधायक ने प्रेस को बताया है कि अंकित को फिलहाल गांव भेज दिया गया है, जहां उनके माता-पिता रहते हैं। अंकित ने बताया है कि वह हरिद्वार गए थे। हालांकि वहां जाने की स्पष्ट बात नहीं बताई है। इंस्पेक्टर भोजीपुरा राजीव सिंह ने बताया कि अंकित वापस लौट आए हैं। अभी वह गांव गए हैं। पुलिस बाद में उनसे जानकारी करेगी।


**कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहांपुर**

पत्रांक: 40/न.पं.खुदा./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक: 08.05.2026

**निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहांपुर में 15 वॉं वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु निविदा आमत्रिंत की जाती है। निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित) | बिड सिक्योरिटी (इ.एम.डी.) 02 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2. | 15वां वित्त आयोग | 02 स्थानों पर रेन वाट हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य | 613674.62 | 12273.00 | 613.67+110.46 =724.00 | 01 माह |
| 3. | | मो. रामबाग वार्ड सं. 09 में पप्पू के मकान से पवन प्रताप के मकान तक इण्टरलॉक रोड व नाली निर्माण कार्य। | 743460.43 | 14869.00 | 743.46+133.82 =877.00 | 01 माह |
| 4. | | मो. रामबाग वार्ड सं. 09 में धर्म पाल के मकान से महावीर के घर तक इण्टरलॉक उच्चीकरण व नाली निर्माण कार्य | 577311.97 | 11586.00 | 579.31+104.27 =684.00 | 01 माह |
| 5. | | मो. हनुमान गली वार्ड सं. 08 में नीलू मास्टर के मकान से लाल के घर तक इण्टरलॉक रोड व नाली निर्माण कार्य। | 720130.24 | 14403.00 | 720.13+129.62 =850.00 | 01 माह |
| 6. | राज्य वित्त आयोग | नगर पंचायत कार्यालय के सामने मेन गेट का निर्माण कार्य। | 217092.48 | 4342.00 | 217.09+39.07 =256.00 | 01 माह |

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 09.05.2026 समय 10:00 बजे
2. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान 30.05.2026 समय 11 बजे एवं जिलाधिकारी जनपद शाहजहांपुर
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 30.05.2026 समय अपरान्ह 12 बजे।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर


समय पाय फल होत है,
समय पाय झरि जाय
सदा रहे नहिं एक सी, का
रहीम पछिताए

रहीम दास कहते हैं, सब समय का खेल है। समय आने पर फल पकते हैं और समय आने पर झड़ भी जाते हैं। समय ही हालात को बदलता है। यानी समय सदा एक-सा नहीं रहता, इसलिए पछतावा करने का कोई मतलब नहीं है।



# अमर 'उपभोक्ता' प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा

अमर रहने की महत्वाकांक्षा पुरानी है। पुराणों में हजारों वर्ष जीने वाले पात्रों के उल्लेख हैं। वैदिक ऋषि अमृत्व प्राप्त करने की स्तुतियां करते थे। 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय।' में अमृत्व की प्यास का उल्लेख है। आधुनिक विश्व में सभी देशों के वैज्ञानिक मनुष्य शरीर की उम्र को रोकने की योजना पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था में शरीर की कोशिकाओं का क्षरण होता है। इसी को रोकने के लिए तमाम शोध कार्य जारी हैं। इस बीच रूस से महत्वाकांक्षी सूचनाएं आ रही हैं। रूस मनुष्य शरीर की कोशिकाओं के क्षरण को रोकने पर शोध कर रहा है। सूचना के अनुसार रूस वृद्धावस्था को रोकने के शोध पर काम कर रहा है।

सितंबर 2025 में पुतिन और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मनुष्य शरीर की उम्र 150 साल तक ले जाने की योजना पर शोध की बातें की थीं। पुतिन ने कहा था कि नियमित रूप से कोशिकाओं के क्षरण को रोककर स्वस्थ बने रहने पर वैज्ञानिक शोध संभव हैं। रूसी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि वे वृद्धावस्था रोकने की विश्व की पहली एंटी एजिंग वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। वृद्धावस्था कोशिकाओं के क्षरण का ही परिणाम होता है।

रूस के एक मंत्री डेनिस ने पिछले माह बताया है कि यह प्रायोजित उपचार रेज रिसेप्टर पर जोर देगा। वृद्धावस्था की स्वाभाविक प्रक्रिया को नियंत्रित कर कोशिकाओं को लंबे समय तक युवा बनाए रखा जा सकता है। उनका कहना है कि उनका लक्ष्य दुनिया की पहली जीनथेरेपी दवा बनाना है। इस परियोजना को इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग बायोलॉजी एंड मेडिसिन द्वारा विकसित किया जा रहा है।

रूस के उप प्रधानमंत्री ने कहा था कि रूस की योजना सन 2028 से 2030 के बीच एंटी एजिंग दवा का उत्पादन शुरू करने का है। रिपोर्ट में यह बात बताई गई है कि यह तकनीक अभी फिलहाल शोध की प्रक्रिया से गुजर रही है। इसका बजट 26 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। उनका दावा है कि फिलहाल इस पर शोध जारी है। अगर यह सफल होता है, तो भविष्य में वृद्धावस्था अनिवार्य प्रक्रिया

> लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी।

नहीं रहेगी। यह नियंत्रित की जाने वाली स्थिति बन सकती है।

यह एक आश्चर्यजनक शोध की दिशा में मनुष्य जाति का पहला नियोजित अभियान होगा। मनुष्य की आयु 150 वर्ष तक ले जाने की यह महत्वाकांक्षी योजना आश्चर्यजनक है। दीर्घायु होना सामान्य बात है, लेकिन पूरी आयु में स्वस्थ बने रहना वाकई बड़ी उपलब्धि होगी। ऋग्वेद में 'जीवेत शरदः शतम्' की प्रार्थनाएं हैं। सौ साल जीने की इच्छा पर्याप्त नहीं है, इसलिए आगे कहते हैं कि हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रहें। दीन-हीन न रहें।


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस संसार में बहुत सारे लोग 100 बरस या उससे ज्यादा का जीवन जीते हैं, लेकिन शरीर के क्षरण के कारण यह सभी कष्ट और दुख में रहते हैं, तो क्या यह शोध मनुष्य के सभी अंगों और सोच-विचार के तंत्र को स्वस्थ रखने का महत्वाकांक्षी अभियान बनेगा। इस शोध को लेकर बहुत प्रसन्न होने की आवश्यकता नहीं है। 80-90 वर्ष की आयु वाले वृद्ध परिवार की उपेक्षा के कष्ट भोगते हैं। परिजन बूढ़ों का ध्यान नहीं रखते। इस शोध की सफलता और असफलता पर तमाम तरह के विचार व्यक्त किए जा सकते हैं।

यह एक सांस्कृतिक समस्या है। दुनिया के सभी समाजों में अच्छे मानवीय संबंधों का आधार संस्कृति ही है। यहां जीवन को लंबा करने के प्रयास हैं, लेकिन इसके साथ ही दर्शन और विज्ञान काल की व्याख्या भी करता है। काल का पहिया घूम रहा है। हम सब काल रथ पर बैठे यात्री हैं। अथर्ववेद में भृगु ऋषि का सारवान वक्तव्य है- 'कालरथ पर ज्ञानी ही बैठते हैं।'

मैं कालरथ को देख रहा हूं। उस रथ का घर्घर नाद भी सुनता हूं। वह प्रतिपल हमारे सामने से ही गुजरता है। मैं हाथ उठाता हूं। रुकने की प्रार्थना करता हूं। वह नहीं रुकता। मेरी परवाह नहीं करता। जानता हूं कालरथ में ज्ञानी ही बैठते हैं। हमारे लिए उस रथ में जगह नहीं हो सकती। क्या विज्ञान में काल की समस्या का कोई समाधान है? काल निर्वचन कठिन काम है।

हमारे ग्रंथों में ऋषियों की आयु 100 वर्ष बताई गई है, किंतु उनका मार्ग 'बाहरी रसायनों' का नहीं, बल्कि 'भीतरी रूपांतरण' का था। प्राणायाम की विधियां शरीर की जैविक घड़ी को नियंत्रित करने की प्राचीन तकनीकें थीं। वैज्ञानिक शोध अब मान रहे हैं कि गहरी और लंबी सांसें हमारे जीवन-सूत्रों की रक्षा करती हैं। ऋषियों ने बिना किसी भारी-भरकम वित्तीय सहायता के, केवल अंतर्मुखी होकर उस 'अमृत तत्व' को खोज लिया था।

प्राचीन भारत में 'कायाकल्प' की प्रक्रिया का वर्णन मिलता है, जहां विशेष जड़ी-बूटियों से वृद्ध शरीर को पुनः युवा किया जाता था। रूस का प्रयोग जहां अवरोधकों पर काम करता है, वहीं भारतीय पद्धति पंच तत्वों के संतुलन पर बल देती थी। यदि आधुनिक जीव-विज्ञान के साथ योग को जोड़ दिया जाए, तो दीर्घायु एक पूर्ण स्वास्थ्य का मार्ग बन सकती है।

लंबी आयु का अर्थ अनुभवों का विशाल भंडार भी है। यदि कोई मनीषी एक सौ पचास वर्ष जीता है, तो वह शोध को नई ऊंचाई दे सकता है, लेकिन क्या मानव मस्तिष्क एक शताब्दी से अधिक की स्मृतियों का बोझ सहने के लिए तैयार है? क्या हम विस्मृति जैसे विकारों के बिना इस दीर्घायु का आनंद ले पाएंगे? अक्सर पुरानी पीढ़ी नए विचारों का विरोध करती है। ऐसे में समाज का बौद्धिक जड़त्व बढ़ सकता है। पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा भी इससे अछूती नहीं रहेगी। वैवाहिक संबंधों के स्थायित्व पर नए प्रश्न खड़े होंगे।

माता-पिता और संतान के बीच जब एक सौ वर्ष का अंतर होगा, तो संवाद लगभग समाप्त हो जाएगा। हम एक ऐसे अकेलेपन के युग में प्रवेश कर सकते हैं, जहां शरीर स्वस्थ होगा, पर मन एकाकी। संबंधों में जो ताजगी आज है, वह शायद इस दीर्घ जीवन में न बचे। मनुष्य का अस्तित्व उसके संबंधों से परिभाषित होता है। जब संबंध बोझ बनने लगें, तो लंबी आयु कारावास बन जाती है।

यह प्रयोग वैज्ञानिक जिज्ञासा की पराकाष्ठा है, किंतु इसे विवेक की कसौटी पर कसना अनिवार्य है। केवल आयु का बढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। जैसा कि हमारा दर्शन मानता है, 'जीवेम शरदः शतम' का अर्थ केवल सौ वर्ष जीना नहीं, बल्कि सौ वर्ष तक चैतन्य रहकर योगदान देना है।

रूस का यह शोध यदि मनुष्य को केवल एक अमर 'उपभोक्ता' बनाती है, तो यह प्रकृति के विरुद्ध अपराध होगा, लेकिन यदि यह वृद्धों को पीड़ा से मुक्त कर उन्हें पुनः सृजनशील बनाती है, तो यह विज्ञान का उपहार होगा। साफ बात है कि जीवन की सार्थकता उसकी लंबाई में नहीं होती है बल्कि यह उसकी गहराई और मर्यादा में निहित है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# सपनों के शहरों में संघर्ष करती बस्तियां

भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है। शहरों की अर्थव्यवस्था को चलाने वाले यही प्रवासी मजदूर और उनके परिवार अक्सर उन बस्तियों में रहने को मजबूर होते हैं, जहां न साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था होती है, न पीने के स्वच्छ पानी की उपलब्धता। इन बस्तियों में केवल गरीबी और संघर्षों की कहानियां ही छिपी नहीं होती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता, प्रशासनिक उपेक्षा और विकास के असंतुलित मॉडल का भी आईना होता है।


चंचल
एक्टिविस्ट

इन बस्तियों में साक्षरता की दर भी काफी कम होती है। यहां रहने वाले अधिकांश परिवार देश के तमाम हिस्सों और आसपास के छोटे शहरों से रोजगार की तलाश में आते हैं, जहां शहर ने उन्हें काम तो दिया, लेकिन सम्मानजनक जीवन नहीं। ऐसी बस्ती में गंदगी और जलभराव आम समस्या है। संकरी गलियों में कूड़े के ढेर, खुले नाले और दूषित जल स्रोत बीमारियों को खुला न्योता देते हैं। कई परिवारों को पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं होता, जिसके कारण डायरिया, टाइफाइड और त्वचा संबंधी बीमारियां आम हैं। स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों के बावजूद इन बस्तियों तक सफाई की व्यवस्था प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई है।

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 6.5 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते हैं, जो कुल शहरी आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, इन बस्तियों में रहने वाले करीब 40 प्रतिशत लोगों के पास शुद्ध पेयजल की नियमित सुविधा नहीं है, जबकि लगभग 30 प्रतिशत परिवारों को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट ही नहीं, बल्कि मानव गरिमा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

> भारत के तेजी से शहरीकरण करते परिदृश्य में एक तरफ चमचमाते मॉल, ऊंची इमारतें और स्मार्ट सिटी का सपना है, तो दूसरी ओर उन्हीं शहरों के भीतर ऐसी स्लम बस्तियां भी हैं, जहां जीवन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष का दूसरा नाम बना हुआ है।

इन समस्याओं के बीच सबसे अधिक प्रभावित होते हैं बच्चे। पलायन कर इन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के पास अक्सर वैध दस्तावेज नहीं होते, जैसे कि आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र। इसके अभाव में उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। शिक्षा से वंचित ये बच्चे धीरे-धीरे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई बच्चे नशे की लत का शिकार हो जाते हैं या फिर बाल मजदूरी करने लगते हैं। सड़कों पर काम करते, कूड़ा बीनते या छोटे-मोटे ढाबों पर काम करते बच्चे हमारे समाज की उस सच्चाई को उजागर करते हैं, जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। विशेष रूप से किशोरियों की स्थिति और भी चिंताजनक है। शिक्षा के अभाव और सामाजिक दबाव के कारण इनकी कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है। जल्द ही वे मातृत्व की जिम्मेदारी उठा लेती हैं, लेकिन पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में वे कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# जिम्मेदारियां उसे तोड़ नहीं पातीं

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी मां का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन मां के निःस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है, जो हर जीवन की नींव है। मां वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर मां का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है, इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं।


कृति जैन
लेखिका

जहां शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएं छोटी पड़ जाती हैं, वहीं मां के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही मां के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना— ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में 'माता' वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर मां तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है।

जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब मां की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक मां ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहां मां खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है, इसलिए मां की कोई तुलना संभव नहीं— वह हर उपमा से परे है।

जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब मां का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना— यही मां की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# बच्चों के लिए अनुशासन जुल्म न बन जाए

कानपुर की एक अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले 24 वर्षीय प्रशिक्षु अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। मरने से पहले लिखे गए उनके सुसाइड नोट में आर्थिक संकट, प्रेम प्रसंग या करियर में असफलता का उल्लेख नहीं था। उसमें बार-बार बचपन से महसूस किए गए अपमान, भय, नियंत्रण और भावनात्मक घुटन का जिक्र था, जिसे उन्होंने अपने पिता की कठोरता से जोड़ा, हालांकि सुसाइड नोट में लिखी बातें व्यक्तिगत आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच का विषय है, फिर भी यह घटना भारतीय पैरेंटिंग के उस चेहरे को सामने लाती है, जिस पर समाज लंबे समय से आंखें मूंदे बैठा है।

> माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने। डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे।

अनुशासन के नाम पर अपमान, नियंत्रण और डर को सामान्य मान लिया जाता है। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम पूछें— क्या हम अपने बच्चों को संवार रहे हैं, या अनजाने में तोड़ रहे हैं? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, अनुशासित रहे और जीवन में भटके नहीं।

डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पैरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे। जब हर गलती पर चरित्र पर हमला हो, हर असहमति को बदतमीजी कहा जाए और हर निर्णय भय से मनवाया जाए, तब अनुशासन धीरे-धीरे जुल्म में बदल जाता है। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करना, लगातार शक करना, हर गतिविधि पर नियंत्रण रखना और भावनाओं को महत्वहीन बताना बच्चे को सुधारता नहीं, भीतर से कमजोर करता है।


राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि 'मार-डांट से ही बच्चे बनते हैं।' अनेक माता-पिता अपनी कठोरता को प्रेम और जिम्मेदारी का हिस्सा मानते हैं। उन्हें लगता है कि डर रहेगा, तो बच्चा अनुशासित रहेगा और गलत रास्ते पर नहीं जाएगा। कई बार वे गर्व से कहते हैं, 'हमने भी अपने मां-बाप से मार खाई है, तभी कुछ बन पाए हैं,' लेकिन यह तर्क इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर पीढ़ी की मानसिक और भावनात्मक जरूरतें अलग होती हैं। आज का बच्चा केवल आदेश नहीं, संवाद चाहता है; केवल नियंत्रण नहीं, सम्मान चाहता है।

लगातार डांट, ताने, तुलना और अपमान झेलने वाला बच्चा धीरे-धीरे अपना आत्मविश्वास खोने लगता है। उसे महसूस होने लगता है कि वह कभी पर्याप्त अच्छा नहीं हो पाएगा। वह हर समय गलती के डर में जीता है और अपनी स्वाभाविक अभिव्यक्ति दबाने लगता है। ऐसे बच्चे बाहर से आज्ञाकारी दिख सकते हैं, लेकिन भीतर से लगातार चिंता, आत्मसम्मान की कमी और भावनाओं को दबाकर रखने की प्रवृत्ति से जूझ रहे होते हैं। कुछ बच्चे विद्रोही बन जाते हैं, कुछ पूरी तरह चुप। सबसे खतरनाक स्थिति तब होती है, जब बच्चा अपनी पीड़ा व्यक्त करना ही बंद कर देता है।


भारतीय परिवारों में बच्चों पर करियर, विषय, जीवनशैली और यहां तक कि मित्र चुनने तक का दबाव असामान्य नहीं है। 'हम तुमसे ज्यादा जानते हैं', 'तुम्हारे भले के लिए कह रहे हैं'— इन वाक्यों के पीछे कई बार बच्चे की व्यक्तिगत पहचान दब जाती है। हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या अफसर नहीं बनना चाहता। हर बच्चा एक जैसी क्षमताओं और रुचियों के साथ पैदा नहीं होता। जब उसकी पसंद, क्षमता और व्यक्तित्व की अनदेखी कर सिर्फ अपेक्षाएं थोपी जाती हैं, तो वह अपने ही जीवन से कटने लगता है।

बहुत से माता-पिता यह मानते हैं कि लोगों के सामने डांटने से बच्चा सुधर जाएगा, जबकि मनोविज्ञान बताता है कि सार्वजनिक अपमान बच्चे के आत्मसम्मान पर गहरा प्रहार करता है। घर वह स्थान होना चाहिए, जहां बच्चा सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करे। यदि वहीं उसे बार-बार बेइज्जती मिले, तो उसके लिए दुनिया में कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचता। बच्चों की गलतियां सुधारी जानी चाहिए, लेकिन उनकी गरिमा तोड़े बिना। यह समझना भी जरूरी है कि अधिकतर कठोर माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, सुरक्षित रहे और जीवन में आगे बढ़े। समस्या उनके इरादों में नहीं, तरीकों में होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

माता का दर्जा कितना उच्चकोटि का है कि वाल्मीकि रामायण में 'मित्राणि धन धान्यानि प्रजानां सम्मतानिव, जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' कहा गया है। अर्थात 'मित्र, धन्य, धान्य आदि का संसार में बहुत अधिक सम्मान है, (किंतु) माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यहां जननी का स्थान तो स्पष्ट है कि जन्म देने वाली मां है, लेकिन जन्मभूमि से मतलब गांव या जिला या घर-द्वार नहीं बल्कि मां की कोख है, जिस कोख में शिशु को आकृति मिलती है। इस कोख रूपी भूमि में मां के रक्त-मज्ज़ा से नौ माह बाद शिशु जन्म लेता है। मां की कोख रूपी भूमि से विलग होते समय शिशु रोता है कि जिस भूमि में उसे मां की श्वासों से सुकून मिलता था, उससे वह वंचित होने जा रहा है।

सागर की अथाह गहराइयों जैसी होती है मां के हृदय की ममता की गहराइयां। मां की महत्ता पर धर्मग्रंथों से लेकर साहित्य ही नहीं, इतिहास के पन्ने भरे पड़े हैं। मां को 'मातृदेवो भव' कहकर भगवान के रूप में प्रथम स्थान दिया गया है। जब कभी ईश-वंदना होती है, तो 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव... त्वमेव सर्वं मम देवदेव' श्लोक में माता को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य ने 'कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति' श्लोक अंश में स्पष्ट कर दिया है कि कुपुत्र का होना संभव है, किंतु कहीं भी कुमाता नहीं होती।

धर्मग्रंथों में गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस में भगवान राम ने मां की महत्ता का दृष्टांत पेश किया है। जन्म लेते वे चतुर्भुजी नारायण के रूप में मां कौशल्या को ही दर्शन दिया। श्रीराम ने मां को चतुर्भुजी रूप में दर्शन दिया। श्रीराम को जब वनवास दे दिया गया और वे माता कौशल्या को बताने गए, 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू, जहं सब भांति मोर बड़ काजू' तो माता कौशल्या ने 'जौं केवल पितु आयसु ताता, तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता, जौं पितु मातु कहेऊ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' चौपाई में माता कौशल्या ने कहा कि माता को बड़ी जानकर वन मत जाओ, लेकिन जब माता-पिता दोनों वन जाने को कहें तो वह तुम्हारे लिए वन सैकड़ों अयोध्या के समान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजस्थान में गेहूं की खेती क्यों बनती जा रही महंगा सौदा

राजस्थान में गेहूं पैदा करना अब किसानों के लिए लगातार महंगा सौदा बन गया है। हालात ऐसे हैं कि एक तरफ खेती की लागत तेजी से बढ़ रही है और दूसरी तरफ किसानों की बचत उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रही। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के विपणन अनुमान 2025 के आंकड़ों से इस समस्या की गंभीरता साफ दिखाई देती है। बड़ा सवाल है कि निरंतर बढ़ती लागत को किसान कैसे और कब तक झेल पाएंगे?



आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में एक क्विंटल गेहूं पैदा करने की लागत करीब 1488 रुपये तक पहुंच चुकी है। वहीं पंजाब में यही लागत लगभग 905 रुपये है। यानी राजस्थान का किसान पंजाब के किसान की तुलना में करीब 64 प्रतिशत ज्यादा खर्च करके गेहूं उगा रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों का अंतर नहीं है, बल्कि उन मुश्किल परिस्थितियों की हकीकत है, जिसे झेल कर राजस्थान का किसान खेती कर रहा है।


अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

देश में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी सभी राज्यों के लिए एक समान तय किया जाता है। इस साल गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। सुनने में यह व्यवस्था बराबरी वाली लगती है, लेकिन समस्या इसलिए पैदा होती है, क्योंकि खेती की लागत हर राज्य में अलग-अलग है। पंजाब और हरियाणा में बेहतर सिंचाई व्यवस्था, मजबूत कृषि ढांचा और ज्यादा उत्पादन होने के कारण किसानों की लागत अपेक्षाकृत कम रहती है। वहीं राजस्थान का किसान कम पानी, महंगी सिंचाई और बढ़ती मजदूरी के बीच खेती करने को मजबूर है। ऐसे में समान एमएसपी होने के बावजूद उसकी वास्तविक बचत काफी कम रह जाती है।

राजस्थान में पानी की कमी खेती की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई इलाकों में किसान पूरी तरह ट्यूबवेल और भूमिगत जल पर निर्भर हैं। भूजल लगातार नीचे जा रहा है और सिंचाई के लिए बिजली तथा डीजल पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। गेहूं को समय पर और कई बार सिंचाई चाहिए, बिजली और डीजल के खर्च के कारण यह सिंचाई स्वाभाविक रूप से यहां ज्यादा महंगी पड़ती है। इसके मुकाबले पंजाब में वर्षों से नहरों और भूजल आधारित सिंचाई का मजबूत नेटवर्क किसानों को राहत देता रहा है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के ज्यादातर इलाकों में नहरों का जाल बिछा हुआ है, लेकिन यहां भी फसलों की जरूरत के समय नहर बंदी समस्या पैदा करती है।

खेती की लागत बढ़ने में मजदूरी भी बड़ा कारण बन रही है। पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में कृषि मजदूरी तेजी से बढ़ी है। गांवों से मजदूरों का शहरों की ओर पलायन बढ़ने के कारण खेती के समय मजदूर आसानी से उपलब्ध नहीं होते। मजबूरन, किसानों को ज्यादा दिहाड़ी देकर मजदूर बुलाने पड़ते हैं। छोटे किसानों के लिए यह खर्च और ज्यादा भारी साबित होता है। मशीनों का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य कृषि उपकरणों का किराया पहले की तुलना में काफी महंगा हो चुका है। डीजल के बढ़ते दामों ने इस बोझ को और बढ़ा दिया है। जिन किसानों के पास कम जमीन है, उनके लिए मशीनों की लागत उत्पादन के अनुपात में और ज्यादा पड़ती है।

यही वजह है कि सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि सरसों, चना और जौ जैसी फसलों की लागत भी लगातार ऊपर जा रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना शुरू किया है। यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, क्योंकि इससे किसानों को कुछ आर्थिक सहारा मिलता है, लेकिन जिस तेजी से खेती की लागत बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह राहत कम ही है। कई किसानों का मानना है कि सरकार को बोनस राशि बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक राहत मिल सके। केवल बोनस से समस्या का पूरा समाधान संभव नहीं है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# 89,766 ने दी प्रवक्ता परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रवक्ता संवर्ग के अंतर्गत कुल 18 विषयों की लिखित परीक्षा के क्रम में शनिवार को प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में कुल 9 विषयों की परीक्षा प्रदेश के 17 जनपदों (मंडल मुख्यालयों) में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक कराई गई।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक 278 परीक्षा केंद्रों पर भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:30 बजे से 4:30 बजे तक 269 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की गई। इस दौरान आयोग के सदस्य, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः पारदर्शी, नकलविहीन, सुचितापूर्ण, निर्विघ्न एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न हुई। लिखित परीक्षा में कुल 89,766 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही।

- **परीक्षा केंद्रों पर एआई कैमरों से रखी गई नजर**

# अयोध्या में जल जीवन मिशन का पहला स्किल सेंटर स्थापित

- **महिलाएं भी बनीं पंप ऑपरेटर स्थानीय स्तर पर तैयार हो रहा दक्ष तकनीकी कार्यबल**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और स्थानीय स्तर पर दक्ष तकनीकी कार्यबल तैयार करने के लिए अयोध्या में प्रदेश का पहला स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया गया है। यहां अब तक 550 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर विभिन्न पेयजल योजनाओं में तैनात किया गया है।

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने यह केंद्र अयोध्या के रुदौली विकासखंड स्थित मुजफ्फरपुर-जलालपुर पेयजल योजना परिसर में स्थापित किया है। सक्रिय जलापूर्ति योजना के बीच संचालित इस केंद्र में प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव भी मिल रहा है।

**22 बैच में 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित :** केंद्र में फिटर, प्लंबर, मिस्त्री और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 22 प्रशिक्षण बैच पूरे हो चुके हैं, जिनमें प्रत्येक बैच में 25 प्रतिभागी शामिल रहे। कुल 550 से अधिक कारीगर प्रशिक्षित हो चुके हैं, जिनमें 10 महिलाएं भी शामिल हैं। प्रशिक्षित कारीगरों की सेवाएं अयोध्या के अलावा सुल्तानपुर और देवरिया की जल जीवन मिशन परियोजनाओं में भी ली जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण के बाद पाइप जॉइंटिंग में मानकीकरण से रिसाव की घटनाएं कम हुई हैं, निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर हुई है और सुरक्षा मानकों का पालन बढ़ा है।



**प्रशिक्षित होकर 10 महिलाएं पंप ऑपरेटर के रूप में दे रही सेवाएं :** केंद्र की एक खास उपलब्धि महिला भागीदारी है। अब तक 10 महिलाओं को पंप ऑपरेटर के रूप में प्रशिक्षित कर अयोध्या की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तैनात किया जा चुका है। ये महिला ऑपरेटर अपने गांवों में जलापूर्ति प्रणाली का कुशल संचालन कर रही हैं। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ने के साथ ग्रामीण महिलाओं के लिए तकनीकी रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं।

### बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम, स्थानीय को लाभ

स्थानीय प्रशिक्षित कार्यबल की उपलब्धता से बाहरी श्रमिकों पर निर्भरता कम हुई है तथा परियोजनाओं की गति तेज हुई है। उचित संस्थापन और गुणवत्तापूर्ण कार्य से रखरखाव लागत में कमी, परिसंपत्तियों के जीवनकाल में वृद्धि और जलापूर्ति प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ रही है, जो मिशन के मूल उद्देश्य "हर घर नल से जल" को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश में बनेंगे 165 पांटून पुल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 165 नए पांटून पुल मंजूर किए गए हैं। ये पुल यातायात की सुविधा के लिए विभिन्न नदियों पर बनाए जाएंगे। इनके निर्माण पर 52.70 करोड़ रुपये लागत आएगी। पांटून पुल नदियों को पार करने की अपेक्षाकृत सुरक्षित अस्थाई व्यवस्था होती है, जो सिर्फ मानसून सीजन में हटा ली जाती है। ये पुल उन स्थानों पर बनाए जाते हैं, जहां पक्के पुलों का अभाव है। ये पांटून पुल आगरा, अलीगढ़, अमेठी, औरैया, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फर्रुखाबाद, इटावा, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई और कुशीनगर में बनाए जाएंगे। इसके अलावा लखीमपुर खीरी, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कौशाम्बी, वाराणसी जिलों में भी बनाए जाएंगे। शासन ने इन कार्यों को चालू वित्त वर्ष में ही पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### एक करोड़ कीमत की अवैध हेरोइन बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हरियाणा के सहयोग से एएनटीएफ यूनिट सहारनपुर की टीम ने करनाल के सदर थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 454 ग्राम अवैध हेरोइन व एक मोबाइल फोन मिला है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये के करीब बताई जा रही है। एएनटीएफ सहारनपुर के उपनिरीक्षक नवीन कुमार के बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सहारनपुर जिले के गागलहेडी थाना क्षेत्र स्थित बुढा खेड़ा गांव निवासी वंश यादव पुत्र सुनील यादव बताया।

### अल्पसंख्यक छात्रों के लिए शुरू होगी दंत स्वास्थ्य योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग प्रदेश के अल्पसंख्यक और मदरसा छात्रों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नई पहल करने जा रहा है। विभाग ने कोलगेट-पामोलिव कंपनी के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत विशेष कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मदरसा और अल्पसंख्यक छात्रों के बीच मुख स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नियमित दंत परीक्षण और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई। योजना के तहत छात्रों को निःशुल्क दंत स्वास्थ्य किट दी जाएंगी, जिनमें टूथब्रश, टूथपेस्ट और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल होगी। साथ ही समय-समय पर दंत परीक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना ढाई घंटे होने लगी बिजली कटौती

## यूपीपीसीएल ने सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों के लिए जारी किया आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली संकट को लेकर सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर सामने आया है। उप्र. पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों और नगर पंचायतों में प्रतिदिन 2. 30 घंटे की नियोजित बिजली कटौती का आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। यूपीपीसीएल के आंतरिक आदेश ने राज्य सरकार के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अधीक्षण अभियंता (प्रणाली नियंत्रण), लखनऊ द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटौती सुबह और दोपहर, दो चरणों में की जाएगी। प्रदेश के अलग-अलग एरिया लोड डिस्पैच सेंटर (एएलडीसी), लखनऊ, पनकी, सारनाथ और मोदीपुरम अंतर्गत आने वाले जिलों के लिए अलग-अलग समय-सारिणी जारी की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर इस नियोजित कटौती को उपभोक्ताओं से लाइन फॉल्ट या तकनीकी खराबी बताकर छिपाया जा रहा है। आदेश से यह साफ हो गया है कि मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कटौती का सहारा लिया जा रहा है।



### ग्रिड सुरक्षा के तहत लिया गया फैसला

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सेंट्रल इलेक्ट्रिकसिटी रेगुलरट्री कमीशन) के दिशा-निर्देशों और ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जरूरत पड़ने पर प्रणाली नियंत्रण को अतिरिक्त कटौती करने का अधिकार भी दिया गया है।

**एएलडीसी लखनऊ :** एएलडीसी लखनऊ अंतर्गत 19 जिलों में आंबेडकर नगर, बहराइच, बाराबंकी, बदांयू, गोंडा, लखीमपुरखीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, अमेठी, बलरामपुर, बरेली, अयोध्या, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती और सुल्तानपुर की तहसीलों में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक, दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक व दोपहर में 2 बजे से 3.15 बजे तक तक कटौती जारी रहेगी।

**एएलडीसी सारनाथ :** एएलडीसी सारनाथ अंतर्गत 21 जिलों में प्रयागराज, बलिया, भदोही, देवरिया, गाजीपुर, वाराणसी, कुशीनगर, मऊ, संतकबीर नगर, सोनभद्र, आजमगढ़, बस्ती, चंदौली, फतेहपुर, गोरखपुर, कौशांबी, महाराजगंज, मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर और प्रतापगढ़ जिले शामिल हैं, इनकी तहसीलों में सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक और दोपहर में 12.15 से 1.15 बजे तक कटौती की जा रही है, साथ ही नगर पंचायतों में सुबह 5.45 से 6.45 बजे तक और दोपहर में 1.15 से 2.45 बजे तक कटौती जारी रहेगी।

**एएलडीसी पनकी :** आदेश में एएलडीसी पनकी अंतर्गत 21 जिलों में आगरा, अलीगंढ़, औरैया, चित्रकूट, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, झांसी, कासगंज, महोबा, मथुरा, कानपुर, बांदा, एटा, फर्रूखाबाद, हमीरपरु, जालौन, कानपुर देहात, ललितपुर, मैनपुरी, कन्नौज में सुबह 6.15 से 7.45 बजे तक और दोपहर में 3.30 से 4.30 बजे तक कटौती रहेगी, नगर पंचायत में सुबह सात से आठ बजे तक और दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक रोजाना कटौती की जाएगी।

**एएलडीसी मोदीपुरम :** इसके अलावा मोदीपुरम अंतर्गत 6 जिले, अमरोहा, बिजनौर, सहारनपुर, रामपुर, संभल और मुरादाबाद की तहसीलों में सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक, दोपहर में 3 बजे से 4 बजे तक और नगर पंचायतों में सुबह 6.45 से 7.45 तक, दोपहर में 2.45 से 4.15 बजे तक कटौती की जाएगी।

# बैडमिंटन की तरह युवा अपने सपनों को भी टूटने न दें : योगी

## अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों से कहा कि जैसे बैडमिंटन में खिलाड़ी शटल को जमीन पर नहीं गिरने देते, उसी तरह जीवन में अपने सपनों और हौसलों को भी टूटने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता, संघर्ष और विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की सीख देता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी में द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता (बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस) 2025-26 का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, बैडमिंटन खेला और प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 1,400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**2017 से पहले उपेक्षित थे खिलाड़ीः** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में खेल सुविधाएं सीमित थीं और खिलाड़ी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर रहते थे। अब राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। खेल कोटे के तहत नौकरियों में दो प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 534 खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से यूपी पुलिस और अन्य विभागों में नियुक्ति दी जा चुकी है, जबकि 546 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2021 से अब तक 334 खिलाड़ियों को पदोन्नति दी गई है।



प्रतियोगित के उद्घाटन मौके पर बैडमिंटन में हाथ आजमाते मुख्यमंत्री योगी।

# ऊर्जा क्षेत्र में यूपी की बनी नई पहचान

## ऊर्जा मंत्री बोले- पीक पावर सप्लाई में देश में पहले स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बिजली उत्पादन और वितरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि**

**अमृत विचार :** प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, जिससे प्रदेश देश के प्रमुख ऊर्जा केंद्रों में शामिल हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले छह वर्षों से बिजली दरों में वृद्धि नहीं की गई है। किसानों को निःशुल्क बिजली सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 489 यूनिट थी, जो अब बढ़कर 630 यूनिट तक पहुंच गई है। इसी अवधि में प्रदेश की औसत पीक डिमांड लगभग 13,000 मेगावाट से बढ़कर 30,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष अधिकतम 31,468 मेगावाट और इस वर्ष 28 अप्रैल को 29,475 मेगावाट की मांग की सफलतापूर्वक आपूर्ति की गई। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित प्रबंधन से बिलिंग त्रुटियों में कमी आई है और उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिल रहा है।



ऊर्जा मंत्री एके सिंह।

### तापीय उत्पादन क्षमता हुई दोगुनी

मंत्री एके शर्मा के अनुसार, वर्ष 2017 में प्रदेश की अधिकतम तापीय विद्युत उत्पादन क्षमता 5,160 मेगावाट थी, जो अब बढ़कर 9,120 मेगावाट हो गई है। घाटमपुर परियोजना की 660 मेगावाट इकाई शीघ्र शुरू होने वाली है। इसके अलावा ओबरा-डी, अनपरा-ई, मेजा और मिर्जापुर परियोजनाओं के माध्यम से 10,600 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जा रही है।

# राजस्व सरप्लस राज्य बना यूपीः आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से शनिवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित उच्चस्तरीय ''मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) कॉन्क्लेव'' में देश के दिग्गज कंपनियों के 175 से अधिक सीएफओ और सीएक्सओ शामिल हुए। इनमें से कई शीर्ष अधिकारी पहली बार लखनऊ पहुंचे थे, जिन्होंने राज्य के अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर और नए औद्योगिक परिदृश्य को सराहा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने "राजकोषीय अनुशासन, तीव्र विकासः राज्य की बैलेंस शीट से कॉर्पोरेट फाइनेंस क्या सीख सकता है" विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज राजस्व सरप्लस राज्य है। राज्य में तेजी से विकसित हो रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश-अनुकूल वातावरण और प्रभावी सुधार औद्योगिक विकास को नई गति दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में शामिल लगभग 90 प्रतिशत सीएफओ पहली बार लखनऊ आए थे, जबकि कई प्रतिनिधि एक दशक बाद शहर पहुंचे। सभी ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, शहरी विकास और उद्योग-अनुकूल माहौल में आए व्यापक बदलाव पर आश्चर्य व्यक्त किया, जिसने उत्तर प्रदेश को लेकर उनकी सोच को सकारात्मक रूप से बदल दिया।

प्रमुख सचिव, नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की रणनीति साझा की। उन्होंने बड़े पैमाने पर विकास, निवेश संवर्धन, नवाचार और प्रस्तावित लखनऊ एआई सिटी जैसी नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने उत्तर प्रदेश को घरेलू और वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बताया। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) के चलते उत्तर प्रदेश को बीआरएपी के तहत 'टॉप अचीवर' श्रेणी में है।



सीएफओ कान्क्लेव में उपस्थित कंपनियों के सीएफओ और प्रदेश के अधिकारी।

## सीएफओ कॉन्क्लेव

- **इंफ्रास्ट्रक्चर और नीति सुधारों से प्रदेश बना निवेशकों की पसंद**

# सीवरेज प्लांट से फसल चौपट, किसान ने दी जान, दो साल से नहीं हुई पैदावार

**कानपुर, अमृत विचार।** महाराजपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग ने सुनवाई न होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि पिता सीवरेज प्लांट के कारण तनाव से गुजर रहे थे। दो साल से दो बीघा खते में फसल की कोई पैदावार नहीं हुई। सजारी सीवरेज प्लांट का गंदा और खारा पानी खेत में भरने के कारण बोई फसल बर्बाद हो रही है। इसी तनाव में पिता ने यह कदम उठाया है। दीपपुर निवासी रामआसरे खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी शारदा देवी, बेटा अंकित, दो बेटियां माया व ममता है। बेटे ने बताया कि उनके पास दो बीघा जमीन है। समीप में ही सजारी सीवरेट प्लांट है। जिससे प्लांट से निकलने वाला गंदा पानी खेत में ही भरता है। इससे जमीन बुवाई लायक नहीं रहती है। अगर फसल बो भी दी जाए तो भरने वाला खारा पानी पूरी फसल बर्बाद कर देता है। दो साल से बिल्कुल पैदावार नहीं हुई।

# बिना शोधित कोई नाला नदियों में न जाए : जलशक्ति मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा जल निगम (ग्रामीण) सभागार में की।

जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे परियोजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नाला बिना शोधित हुए नदियों में न जाए। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# मल्टीलेयर चुनाव माफिया से है लड़ाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए समाजवादियों को मल्टीलेयर चुनाव माफियाओं से लड़ना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में कई स्तरों पर चुनाव माफिया सक्रिय हैं और संवैधानिक संस्थाओं की साख बचाने के लिए सभी को मिलकर मुकाबला करना होगा।

सपा प्रमुख पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नकारात्मक और समाज में दरार पैदा करने वाली पार्टी है। सपा की मांग है कि जब अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों में बैलेट पेपर से मतदान होता है तो भारत में भी बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए और वोटों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी मतदाता सूची में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा वोट के साथ जनता के अधिकार भी छीन रही है।



प्रेस कांफ्रेंस करते अखिलेश यादव।

### अखिलेश बोले- मुख्यमंत्री की शक्ति का हो रहा 'कटाव'

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं पर तंज कसते हुए कहा कि 'दिल्ली से पर्ची आ गई क्या?' उनके इस बयान से प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। शनिवार शाम को सोशल मीडिया एक्स पर सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री की शक्ति का 'कटाव-झटाव'' हो रहा है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिनका मंत्रिमंडल है, उनसे भी पूछ लो। साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष की अगल-बगल की जोड़ी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि रील बनाएंगे या कुछ भला-चंगा भी होगा?

# फार्मर रजिस्ट्री में 2.23 करोड़ का पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार करने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत अब तक 2.23 करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। यह केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 77.43 प्रतिशत है। राज्य सरकार ने शेष किसानों का पंजीकरण 6 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 2,88,70,495 किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 5 नवंबर 2024 से शुरू हुए अभियान के तहत 9 मई तक 2,23,54,644 किसानों का नामांकन किया जा चुका है, जबकि करीब 65.15 लाख किसानों का पंजीकरण अभी शेष है।

**उपलब्धि** — प्रदेश में गर्भवती महिलाओं तक औसतन 7 मिनट में पहुंच रही मदद

# 102 एंबुलेंस सेवा से मातृ मृत्यु दर में कमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **रोज 40 हजार से अधिक जच्चा बच्चा हो रहे लाभान्वित**

**अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में 102 एंबुलेंस सेवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सेवा के सुदृढ़ होने से प्रदेश में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) के मुताबिक, वर्ष 2015-17 में उत्तर प्रदेश का मातृ मृत्यु अनुपात 216 प्रति एक लाख जीवित जन्म था, जो वर्ष 2021-23 में घटकर 141 रह गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष के अनुसार, प्रदेश में वर्तमान में 102 सेवा के तहत 2,270 एंबुलेंस संचालित हैं। इनके माध्यम से औसतन प्रतिदिन 40,524 गर्भवती महिलाओं और नवजातों को अस्पताल पहुंचाने तथा अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस का औसत रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट 6 सेकंड रह गया है, जबकि वर्ष 2016 में यह 11 मिनट 28 सेकंड था। कोविड काल के दौरान 2020 और 2021 में यह समय बढ़ा, लेकिन बाद में इसमें तेजी से सुधार हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर नई एंबुलेंस शामिल की गईं। वर्ष 2019 और 2023 में कुल 2,228 पुरानी एंबुलेंस बदली गईं, जबकि सेवा विस्तार के लिए 306 अतिरिक्त एंबुलेंस जोड़ी गईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण तथा एंबुलेंस सेवा की बेहतर निगरानी के कारण गर्भवती महिलाओं को आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल रही है, जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिला है।

### रिस्पांस टाइम सबसे कम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि 102 सेवा के बेहतर संचालन से गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिल रहा है, जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश का 7 मिनट 6 सेकंड का रिस्पांस टाइम देश में सबसे कम है। तुलना में राजस्थान का औसत समय 7 मिनट 57 सेकंड और केरल का 10 मिनट 45 सेकंड है।

## एचएमएसआई ने मोटरसाइकिलें वापस मंगाईं

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिलों की स्वैच्छिक रूप से वापसी की घोषणा की है। यह कदम फ्यूल पाइप फिट करने के तरीके सहित दो तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए उठाया गया है।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 10 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550

**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी :-** द्वारकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के आभूषण 152000, गिन्नी जेवर 148000, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 252000 अनुमानित

## बिजनेस ब्रीफ

### सैमसंग ने शुरू किया नवाचार और शिक्षा का पांचवां संस्करण

**नई दिल्ली।** प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में अपने प्रमुख नवाचार और शिक्षा कार्यक्रम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो' के पांचवें संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2026 के संस्करण में शीर्ष चार विजेता टीमों को दो करोड़ रुपये तक का 'इनक्यूबेशन' अनुदान दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचारों को आगे विकसित कर सकें। इसके लिए आईआईटी दिल्ली में इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की जाएगी। शीर्ष 20 टीमों को 20 लाख रुपये तथा उसके बाद शीर्ष 40 टीमों को आठ लाख रुपये, उपकरण और मेंटरशिप दी जाएगी।

# भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में आईटीसी

अजय दयाल, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बीते साल मार्च में आईटीसी लिमिटेड ने आदित्य बिरला रियल एस्टेट लिमिटेड के अंतर्गत आने वाली लालकुआं (उत्तराखंड) स्थित सेंचुरी पल्प एंड पेपर का अधिग्रहण किया। यह सौदा लगभग लगभग 3,500 करोड़ रुपये में किया गया है। हालांकि अधिग्रहण की औपचारिकताएं अगले माह तक पूरा होने की प्रक्रिया में है। आईटीसी की मौजूदा चारों पेपर इकाइयां दक्षिण भारत (तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना) और पश्चिम बंगाल में हैं। लालकुआं मिल के जरिए अब उत्तर में उनकी सीधी पहुंच और पकड़ मजबूत होगी।

सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा लगभग 32 वर्षों से यहां सेवाएं दे रहे हैं। बीते साल ही वह वाइस प्रेसिडेंट बने। पदोन्नति से पूर्व नरेश चन्द्रा बतौर वरिष्ठ महाप्रबन्धक, मिल की सामाजिक वानिकी, पर्यावरण, जल प्रबन्धन व सामाजिक दायित्व जैसे विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे। सेंचुरी की रणनीति, मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भविष्य को लेकर उनसे 'अमृत विचार' की लंबी बातचीत हुई। **पेश इस बातचीत के कुछ अंश-**

**सवाल:** प्लास्टिक को पर्यावरण का सबसे बड़ा खतरा बताया जाता है। कागज इंडस्ट्री के पास क्या इसका विकल्प है?

**जवाब:** फिलहाल हम भारत की ग्रीन पैकेजिंग की मांग को पूरा करने की तैयारी में हैं। जहां तक सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के प्रयोग की बात है तो इसपर अंकुश लगाने की पहल हर नागरिक को करनी होगी। कुछ देशों में सख्त कानून व जुर्माना है, यह नौबत न आए इसके लिए हमें अपने आचरण को बदलना ही होगा।

**सवाल:** ऐसा नहीं लगता कि हमारे पास पॉलिथीन जैसा सस्ता का विकल्प नहीं है?

**जवाब:** हां, कह सकते हैं कि अभी हमारे पास पॉलीथिन जैसा सस्ता पर्यावरण



सेंचुरी पेपर लालकुआं के वाइस प्रेसिडेंट नरेश चन्द्रा से खास बातचीत

अनूकूल विकल्प नहीं है। लेकिन मोबाइल को हाथ में लेकर चलने की ही तरह हम झोला हाथ में लेकर चलने को आदत क्यों नहीं बना सकते।

**सवाल:** फिर ग्रीन पैकिजिंग से क्या है?

**जवाब:** पर्यावरण नियमों और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के कारण कागज आधारित टिकाऊ पैकेजिंग की मांग बढ़ रही है। हम ई-कॉमर्स, फार्मा, और फूड डिलीवरी जैसे क्षेत्रों के लिए ईको-फ्रेंडली पैकेजिंग समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारी आईटीसी नेक्स्ट रणनीति के तहत होगा।

**सवाल:** क्या इसके लिए कोई लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है?

**जवाब:** कंपनी का लक्ष्य 2028 तक अपनी 100 प्रतिशत पैकेजिंग को रिसाइकिल या कंपोस्टेबल बनाना है। साथ ही, पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय में तेजी से विस्तार करने का इरादा है।

**सवाल:** एक ओर पेपर लेस कल्चर को बढ़ावा, दूसरी ओर पेपर इंडस्ट्री को बूस्ट करने की योजना है, कैसे संभव है?

**जवाब:** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मुख्य रूप से राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर, कॉपियर पेपर, टिशू पेपर और पैकेजिंग बोर्ड्स का निर्माण करता है। आने वाले समय हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

**सवाल:** सबसे बड़ी चुनौती क्या है?

**जवाब:** स्वाभाविक है लकड़ी आधारित अन्य उद्योग हमारे सामने चुनौती हैं। उदाहरण के तौर पर कागज व रेडीमेड फर्नीचर दोनों ही उद्योगों में रॉ मैटेरियल यानि उपयोग किए जाने वाले पेड़ों (लकड़ियों) की मांग है। कागज उद्योग मुख्य रूप से जिन वृक्षों पर निर्भर है। फर्नीचर उद्योग द्वारा इन लकड़ियों की सीधी खरीद ने कागज मिलों के लिए कई संकट पैदा कर दिए हैं।

**सवाल:** बगास (गन्ने की खोई) का उपयोग तो आप बेहतर कर रहे हैं लेकिन क्या पराली का भी सदुपयोग है?

**जवाब:** हमने प्रयास किया लेकिन पराली से परिणाम नहीं मिल सके। इससे कागज का निर्माण करने में सर्वाधिक उपयोगी गोंद की कमी रही।

**सवाल:** सेचुरी पेपर के बिजनेस का भविष्य क्या है?

**जवाब :** हमारा इरादा पेपर और पेपरबोर्ड व्यवसाय से पीछे हटने का नहीं, बल्कि इसमें तेजी से विस्तार करने का है। हम भारत के पेपरबोर्ड और स्पेशियलिटी पेपर क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को और अधिक मजबूत कर लेंगे।

## 2015 से अब तक 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजीजीबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) ने अब तक करीब 25,160 करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है। सीतारमण ने बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक सस्ती वित्तीय सुरक्षा पहुंचाना है। ये तीनों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नौ मई 2015 को शुरू की गई थीं। बताया कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत क्रमशः 27 करोड़, 58 करोड़ और 9 करोड़ से अधिक नामांकन किए गए हैं।

# श्रम सुधार: लागू हुआ चार नई संहिताओं वाला कानून

## पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद सरकार ने जारी की अधिसूचना

नयी दिल्ली, एजेंसी

पांच साल से अधिक के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने नियमों को अधिसूचित कर चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह से लागू कर दिया है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा तय करना है।

चार श्रम संहिताओं में वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता, 2020 शामिल हैं।

ये सभी 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गई थीं। इन संहिताओं को 29 मौजूदा श्रम कानूनों को एकीकृत कर एक सरल और आधुनिक ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब इन चारों संहिताओं के तहत नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है और इसके साथ ही इनके पूर्ण क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि श्रम संहिताएं 21 नवंबर, 2025 को कानून बन गई थीं, लेकिन नियमों के अभाव में कुछ प्रावधान स्पष्ट नहीं हो पाए थे। मसौदा नियम 30 दिसंबर, 2025 को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए जारी किए गए थे, जिन्हें विधिक जांच के बाद अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया गया।

इन नियमों का प्रकाशन संहिताओं को पूरी तरह लागू करने के लिए आवश्यक था। चार संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को समेटने का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही जटिलताओं को दूर करना और प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाना है।

इसका उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता बढ़ाना, रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना तथा प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



**नये श्रम कानून की ये हैं चार नई संहिताएं**

1- वेतन संहिता-2019
2- औद्योगिक संबंध संहिता 2020
3-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और
4-व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता 2020

## आरबीआई अफसरों ने की गवर्नर से पदोन्नति नीति में सुधार को हस्तक्षेप की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों के संगठन ने गवर्नर संजय मल्होत्रा को पत्र लिखकर पदोन्नति नीति में संशोधन के लिए हस्तक्षेप करने और समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली बहाल करने की मांग की है।

आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और मुंबई स्थित केंद्रीय मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों ने शुक्रवार को नई पदोन्नति नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। नई नीति में पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता से जोड़ा गया है, जबकि पहले समयबद्ध पदोन्नति प्रणाली लागू थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आठ मई के पत्र में कहा कि केंद्रीय बैंक ने उनकी गंभीर चिंताओं, आपत्तियों और रचनात्मक सुझावों पर पर्याप्त विचार किए बिना संशोधित पदोन्नति नीति को लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिकारी समुदाय में व्यापक असंतोष, निराशा और मनोबल में गिरावट आई है।

## गुजरात ने विकसित किया 870 मेगावाट बैटरी भंडारण नेटवर्क

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने के लिए राज्य में पांच स्थानों पर कुल 870 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की शुरुआत की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली को संग्रहित करने के लिए जरूरी मानी जाती है। इससे अतिरिक्त बिजली भार का प्रबंधन करने और ग्रिड की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, गुजरात ने अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, पाटन और कच्छ जिलों में अतिरिक्त बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए 13 परियोजनाएं भी पंजीकृत की हैं।

### निवेश की पाठशाला

## अटल पेंशन योजना : हर माह 210 करें निवेश, 5000 पेंशन

कारोबार डेस्क

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को आज यानी 9 मई को 11 साल पूरे हो गए हैं। मोदी सरकार ने यह योजना मई 2015 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत निवेश करने वाले व्यक्ति को 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए तक की पेंशन मिलती है। बस, आपको न्यूनतम राशि निवेश करनी होती है। यहां हम आपको अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि इससे जुड़कर आप लाभान्वित हो सकें-




### टैक्सपेयर को नहीं मिलता लाभ

वास्तव में अटल पेंशन योजना टैक्सपेयर्स के लिए नहीं है। अर्थात यदि आप इनकम टैक्स चुकाते हैं तो इस योजना में अकाउंट नहीं खोल सकेंगे। सरकार ने ये नियम पहली अक्टूबर 2022 से लागू किया है। इसमें 18 लेकर 40 तक आयु के व्यक्ति के लिए निवेश और पेंशन की जानकारी इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पेंशन के हिसाब से तय होगी निवेश की धनराशि

- यदि आपकी आयु 18 वर्ष है तो आपको कितनी राशि का निवेश करना होगा, यह इस पर निर्भर करेगा कि कितनी पेंशन चाहते हैं। एक से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए आपको 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा।
- यदि कोई सब्स्क्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा।

### कितने पैसे जमा करने पर मिलेगी कितनी पेंशन?

- अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 84 रुपए जमा करने पर 2000 रुपए पेंशन।
- 126 रुपए जमा करने पर 3000 रुपए पेंशन।
- 168 रुपए जमा करने पर 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 210 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

- अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपए जमा करेगा, तो उसे 60 का होने के बाद हर महीने 1000 रुपए पेंशन मिलेगी।
- 582 रुपए जमा करे, तो 2000 रुपए पेंशन।
- 873 रुपए जमा करे, तो 3000 रुपए पेंशन।
- 1164 रुपए जमा करे, तो 4000 रुपए पेंशन।
- इसी तरह 1454 रुपए प्रतिमाह जमा करने पर उसे हर महीने 5000 रुपए पेंशन मिलेगी।

### अपनी सुविधा के हिसाब से दे सकते हैं किस्त

- इस योजना के तहत इन्वेस्टर्स मंथली, क्वाटरली या सेमी-एनुअल यानी 6 माह की अवधि में निवेश कर सकते हैं। कॉन्ट्रीब्यूशन ऑटो-डेबिट हो जाएगा, यानी आपके अकाउंट से तय राशि अपने आप कट जाएगी और आपके पेंशन खाते में जमा हो जाएगी।

### ग्राहक की मृत्यु के बाद जीवनसाथी को मिलेगी पेंशन

- सब्सक्राइबर यानि योजना में नामित व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके स्पाउस (जीवनसाथी) को समान पेंशन का भुगतान किया जाएगा और सबस्क्राइबर और स्पाउस दोनों के निधन पर 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी।
- वहीं 60 साल से पहले ग्राहक की मृत्यु होने पर उसका जीवनसाथी (एपीवाई) खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक के पति या पत्नी को वही पेंशन मिलेगी जो ग्राहक को मिलनी थी। अगर वो चाहे तो ऐसा न करके खाते में जमा पूरा पैसा निकाल भी सकता है।

# उद्योग जगत को उम्मीद- पश्चिम बंगाल में वृद्धि को गति देंगे अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

- उद्योग जगत के दिग्गजों ने मुख्यमंत्री बनने पर दी शुभेंदु अधिकारी को बधाई

उद्योग जगत के दिग्गजों ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य में विकास और वृद्धि के नए दौर की उम्मीद जताई। आरपीजी समूह के चेयरमैन संजीव गोयनका ने इसे पश्चिम बंगाल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि राज्य को शुभेंदु अधिकारी से काफी उम्मीदें हैं। गोयनका ने कहा कि उनका पश्चिम बंगाल से भावनात्मक जुड़ाव है और वह राज्य के विकास में हरसंभव योगदान देने के इच्छुक हैं।

आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने भी शुभेंदु अधिकारी और नवगठित मंत्रिपरिषद को शुभकामनाएं दीं। पुरी ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में राज्य वृद्धि और समृद्धि के नए दौर का साक्षी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र का विकसित भारत का दृष्टिकोण राज्य की प्रगति के लिए प्रेरणा का काम करेगा। कोलकाता मुख्यालय वाले एक भारतीय समूह के रूप में आईटीसी पिछले एक सदी से अधिक समय से राज्य से जुड़ा हुआ है। कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में अपनी बढ़ती मौजूदगी के जरिए कंपनी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की यात्रा में साझेदार बनने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने शपथ ग्रहण को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं बल्कि बंगाल की प्रगति, समृद्धि, स्थिरता और नए विश्वास की दिशा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। चुनावी जनादेश उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने विकास, पारदर्शी शासन, औद्योगिक पुनरुत्थान, रोजगार सृजन और सामाजिक सौहार्द पर आधारित भविष्य में विश्वास जताया है।



# हत्या या मदद के आरोपी को विरासत में नहीं मिल सकती पीड़ित की संपत्ति: न्यायालय


नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जो व्यक्ति किसी की हत्या करता है या हत्या में मदद करता है, तो उसे मृतक की संपत्ति पर अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि कानून ऐसे व्यक्ति को विरासत पाने से रोकता है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति पर हत्या करने या हत्या के लिए उकसाने का आरोप है, तो वह मृतक की संपत्ति नहीं पा सकता। यह तब भी लागू होगा जब मृतक ने वसीयत नहीं छोड़ी हो और तब भी, जब वसीयत बनाई हो।

मुकदमा जारी रहने पर भी यह रोक लागू रहेगी। बिना वसीयत के उत्तराधिकार व्यक्तिगत कानून के नियमों के अनुसार होता है, जबकि वसीयत के माध्यम से उत्तराधिकार तब लागू होता है, जब संपत्ति एक उत्तराधिकार के माध्यम से दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर उस इंसान की हत्या का आरोप हो, जिसकी संपत्ति में वह हिस्सा मांग रहा है, तो उसे संपत्ति पर अधिकार जताने का हक नहीं मिलेगा।

यह रोक केवल हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 25 के कारण ही नहीं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और नैतिक समानता के सिद्धांतों के आधार पर भी लागू होती है। यह फैसला कर्नाटकहाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आया, जिसमें संपत्ति के उत्तराधिकार से संबंधित बेंगलुरु की सिविल अदालत के फैसले को रद्द कर दिया गया था।



- मृतक ने बसीयत बनाई हो या नहीं, ये प्रतिबंध लागू रहेगा

## सारा जहां हमारा ...



कोलकाता में भाजपा के पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ इस तरह जनता का अभिवादन किया..मानों घोषणा कर रहे हों केवल बंगाल ही नहीं सारा जहां हमारा है।

# प्रधानमंत्री मोदी और शाह ने तृणमूल कांग्रेस के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बीते कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस के हमलों में मारे गए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को शनिवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके बलिदान को शक्ति के स्रोत के रूप में याद किया जाएगा।

'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में मंच के पास भाजपा के उन कार्यकर्ताओं की याद में एक अस्थायी स्मारक बनाया गया, जिनकी हत्या कर दी गई थी। इसी मैदान पर शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने शपथ ली। स्मारक में एक बड़े 'बोर्ड' पर 'शहीदों' के नाम और उनके जिले लिखे गए थे। मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि साहसी भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि!' उन्होंने कहा कि उनका त्याग पार्टी की यात्रा में सदैव अमिट रूप से अंकित रहेगा। मोदी ने कहा-उनका साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा और शक्ति का स्रोत बना रहेगा। शाह ने भी कहा कि यह स्मारक शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर उपस्थित प्रत्येक कार्यकर्ता के हृदय में गहरी भावनाएं जगा रहा है।

### शपथ लेकर शुभेंदु ने की राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद भी उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री शुभेंदु ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के संचालन के बारे में भी जानकारी ली और मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि योजनाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रहें।

## विधानसभा से हटाई गई ममता की कुर्सी नये सीएम शुभेंदु करेंगे दूसरी कुर्सी का उपयोग

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पिछले 15 वर्षों से राज्य विधानसभा में इस्तेमाल की जा रही कुर्सी को राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नेता प्रतिपक्ष के कमरे में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री की कुर्सी का उपयोग नहीं करेंगे और मुख्यमंत्री कक्ष में उनके लिए एक अलग कुर्सी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को दिन में अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन : मांगा पुनर्वास नीति और रोजगार पैकेज

**जम्मू, एजेंसी।** घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने शनिवार को जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय को दोबारा घाटी में बसाने के लिए एक व्यापक पुनर्वास नीति तैयार करने और उसे लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने साथ ही प्रधानमंत्री के विशेष पैकेज के तहत 15,000 शिक्षित विस्थापित युवाओं के लिए एक नए रोजगार पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की।

# खरगे, राहुल ने केरल के कांग्रेस नेताओं संग की चर्चा, सीएम का फैसला 'बहुत जल्द'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेतृत्व ने केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर शनिवार को पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की और इस संदर्भ में 'बहुत जल्द' अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई बैठक में खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, वी डी सतीशन तथा कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक एवं प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी शामिल हुए। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी नेताओं से एक साथ विचार-विमर्श करने के साथ ही उनसे अलग-अलग भी बात की। वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। दीपा दासमुंशी ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज खरगे जी और राहुल गांधी जी से हमारी लंबी चर्चा हुई... हममें से हर किसी ने खरगे जी और राहुल जी के सामने अपनी बात रखी। हमने व्यक्तिगत रूप से भी बात की और उन्होंने हमें अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आलाकमान द्वारा अंतिम निर्णय किया जाएगा।

# ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमला, भारी तनाव के बीच युद्धविराम पर संशय

## अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं, समयसीमा के दबाव में काम नहीं करेंगे : ईरान

**दुबई/मनामा, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के दो तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच प्रस्तावित युद्धविराम पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक वीडियो में लड़ाकू विमानों को उन टैंकरों की चिमनियों और पतवार पर हमला करते दिखाया गया है, जो कथित तौर पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच, एक मालवाहक जहाज पर आग लगने से कम से कम एक नाविक की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह जहाज उन्हीं दो टैंकरों में से एक है जिन पर अमेरिका ने हमला करने का दावा किया है।

इस सैन्य कार्रवाई से कुछ घंटे पहले अमेरिकी नौसेना ने अपने तीन पोतों पर हुए हमलों को नाकाम करने और जवाबी कार्रवाई में ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही थी। तनाव के इस माहौल में बहरीन के गृह मंत्रालय ने ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' से जुड़े होने के आरोप में 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मानवाधिकार समूहों का आरोप है कि बहरीन सरकार युद्ध की आड़ में घरेलू राजनीतिक विरोध को दबा रही है।

राजनयिक मोर्चे पर, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा है कि तेहरान अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है और वह किसी 'समयसीमा' के दबाव में काम नहीं करेगा। दूसरी ओर, ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने इन दावों को खारिज किया कि सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अस्वस्थ हैं, उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस युद्ध को रोकने की कोशिशें जारी हैं। रूस और सऊदी अरब के विदेश मंत्रालयों ने एक स्थायी और दीर्घकालिक समझौते के लिए निरंतर राजनयिक प्रयासों का आह्वान किया है। मिस्र और कतर के शीर्ष राजनयिकों ने भी दोहराया है कि केवल कूटनीति के माध्यम से ही इस संकट का समाधान निकाला जा सकता है। ज्ञात हो कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान द्वारा जलमार्ग अवरुद्ध किए जाने के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।



### अगले हफ्ते हो सकती है वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वार्ता फिर शुरू हो सकती है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक महीने की वार्ता प्रक्रिया के लिए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं। इस प्रस्तावित रूपरेखा में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम करने और यूरेनियम भंडार को तीसरे देश में स्थानांतरित करने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, ईरान पर लगे प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है।

## होर्मुज पर नियंत्रण की कोशिशों पर संरा सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाएगा अमेरिका

**रोम।** अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण स्थापित करने की ईरानी कोशिशों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इटली में पत्रकारों से कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग पर ईरान का दावा 'अवैध और अस्वीकार्य' है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान को बारूदी सुरंगें बिछाने या जलमार्ग नियंत्रित करने की अनुमति दी गई, तो यह दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन जाएगी। रुबियो ने स्पष्ट किया कि इस प्रस्ताव के जरिए रूस और चीन की स्थिति भी दुनिया के सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई देश इसे वीटो करता है, तो स्पष्ट हो जाएगा कि समाधान में बाधा कौन है। विदेश मंत्री ने फारस की खाड़ी में फंसी बड़ी मात्रा में मानवीय सहायता को बाहर निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए रुबियो ने कहा कि अभियान समाप्त होने के बावजूद अमेरिका अपने जहाजों पर हमलों का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि हमारे जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल दागे जाएंगे, तो आत्मरक्षा में कदम उठाना अनिवार्य है। ईरान के लिए अमेरिकी 'रेड लाइन' को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि वे अमेरिकियों को धमकी देंगे, तो उन्हें उड़ा दिया जाएगा।

# ये कैसी शुद्धता की सनक

### प्यास बुझ रही है लेकिन शरीर मिनरल्स के लिए तरस रहा

अक्सर हम पड़ोसी या रिश्तेदार के घर नया वाटर प्यूरीफायर देखकर अपने घर में भी आरओ लगवा लेते हैं। लेकिन यह 'स्टेटस सिंबल' आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। क्योंकि वाटर प्यूरीफायर कंपनियों के विज्ञापनों ने आपकी सेहत पर जो 'भ्रम का पर्दा' डाला है, उसे हटाने का वक्त आ गया है। अगर आपका सर्विस इंजीनियर कहता है कि पानी का टीडीएस 30 कर दिया है, अब यह एकदम शुद्ध है,₹ तो संभल जाइए! वह आपके लिए शुद्ध पानी नहीं, बल्कि 'मृत पानी' (Dead Water) तैयार कर रहा है। 'मृत पानी' इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसमें जीवन के लिए जरूरी प्राकृतिक गुण और खनिज खत्म हो चुके होते हैं।

न्यूज डिकोडर



### क्या है 300 का 'मैजिक नंबर'?

- विज्ञान बहुत सीधा है : अगर आपके घर के पानी का टीडीएस 300 से कम है, तो आपको महंगे RO (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम की कोई जरूरत नहीं है।
- डब्लूएचओ का मंत्र : विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि 300 टीडीएस तक का पानी 'एक्सीलेंट' है। इसमें शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम का सही संतुलन होता है।
- आरओ का खेल : आरओ असल में खारे पानी (500+ टीडीएस) के लिए बना था। जब आप इसे 300 से कम वाले पानी पर चलाते हैं, तो यह पानी को इतना निचोड़ देता है कि वह 'डेड वाटर' बन जाता है।

### स्मार्ट चॉइस

### क्या करें?

टीडीएस चेक करें : टीडीएस मीटर लें। अगर रीडिंग 300 से कम है, तो आरओ को 'बाय-बाय' कहें और सिर्फ UV+UF फिल्टर लगाएं। यह कीटाणु मारेगा, मिनरल्स नहीं।

एडजस्ट करवाएं : आरओ मजबूरी है, तो मैकेनिक से कहकर टीडीएस को 150 से अधिक सेट करवाएं।

मिट्टी का घड़ा : शोध यह भी कहते हैं कि फिल्टर किए पानी को मिट्टी के घड़े में रखने से उसका pH लेवल फिर से संतुलित हो जाता है।

डिकोडर बॉटमलाइन : पानी सिर्फ H2O नहीं है, यह खनिजों का खजाना है। इसे इतना साफ मत कीजिए कि यह सिर्फ प्यास बुझाए, शरीर को पोषण देना भूल जाए।

### वैज्ञानिकों की चेतावनी: डेड वाटर का खतरा

- दुनियाभर के शोध, जिसमें चेक गणराज्य का मशहूर अध्ययन और डब्लूएचओ की 'डीमिनरलाइज्ड वाटर' रिपोर्ट शामिल है, एक डरावनी सच्चाई बताते हैं। बहुत कम टीडीएस (30-50) वाला पानी 'प्यास' तो बुझाता है, लेकिन शरीर के साथ 'धोखा' करता है :
- दिल पर वार : शोध बताते हैं कि पानी में मैग्नीशियम की कमी सीधे हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।
- मिनरल्स की चोरी : वैज्ञानिकों ने इसे 'हंग्री वाटर' इसलिए कहा है क्योंकि इसमें खुद के खनिज नहीं होते। जैसे ही यह आपके शरीर में जाता है, यह आपकी हड्डियों और कोशिकाओं से कैल्शियम और मैग्नीशियम 'चुराने' लगता है।
- एसिडिक हमला : कम टीडीएस वाला पानी अम्लीय हो जाता है, जो आपके डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म की धज्जियां उड़ा सकता है।

### एनजीटी का हंटर: कंपनियां चुप क्यों?

एनजीटी ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद कहा था कि टीडीएस 500 से कम है तो आरओ की जरूरत नहीं है। आरओ से सेहत खराब हो रही है, बल्कि 1 लीटर पानी के लिए 3 लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

### पानी में जरूरी मिनरल्स

भारतीय मानक ब्यूरो के अनुसार, पानी में इन मिनरल्स का होना आवश्यक है। ● **कैल्शियम** : हड्डियों और दांतों की मजबूती, रक्त के थक्के जमने और मांसपेशियों के कार्य के लिए जरूरी है। ● **मैग्नीशियम** : हृदय स्वास्थ्य, नर्वस सिस्टम के सही संचालन और 300 से अधिक मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। ● **पोटेशियम :** शरीर में तरल पदार्थ का संतुलन बनाए रखने और हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने में मदद करता है। ● **सोडियम :** तंत्रिका संकेतों को भेजने और मांसपेशियों के संकुचन के लिए महत्वपूर्ण है।

● टीडीएस का पूरा नाम Total Dissolved Solids (कुल घुलनशील ठोस पदार्थ) है। यह पानी में घुले हुए सभी अकार्बनिक लवणों और कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा को मापता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा: दंपति की हत्या में भारतीय मूल के तीन लोग दोषी

**एबोट्सफोर्ड।** कनाडा की एक अदालत ने मई 2022 में एबोट्सफोर्ड में आर्नोल्ड और जोआन डी जोंग दंपति की हत्या के मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को दोषी करार दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश ब्रेंडा ब्राउन ने शुक्रवार को गुरकरण सिंह, अभिजीत सिंह और खुशवीर तूर को हत्या और लूट का दोषी पाया। दोषियों ने जोंग के घर से क्रेडिट कार्ड, चेक और एक पावर वॉशर चुराने के लिए उनकी हत्या की योजना बनाई थी। अदालत 28 मई को दोषियों को सजा सुनाएगी।

### शेख हसीना ने शुभेंदु अधिकारी को दी बधाई

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना ने शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में सुश्री हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत और श्री अधिकारी के मुख्यमंत्री पद संभालने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का यह फैसला उनके नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास का प्रमाण है। शेख हसीना ने अपनी और बांग्लादेश की जनता की ओर से नए मुख्यमंत्री को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### सीबीआई ने पुर्तगाल से गैंगस्टर अभय राणा का प्रत्यर्पण कराया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को पुर्तगाल से वांछित गैंगस्टर अभय राणा उर्फ अभय के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। हरियाणा पुलिस को जबरन वसूली, हत्या के प्रयास, आपराधिक धमकी और संगठित अपराध गिरोह चलाने जैसे गंभीर मामलों में राणा की लंबे समय से तलाश थी।सीबीआई प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इंटरपोल द्वारा रेड नोटिस जारी किया गया था। इस अभियान के लिए सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय किया। शनिवार को आरोपी को भारत लाया गया, जहां हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की टीम ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया।

### भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 को

**नई दिल्ली।** भारत 31 मई को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे 'भारत-अफ्रीका फोरम समिट' के दौरान अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पेश करेगा। इस शिखर सम्मेलन में कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था, व्यापार, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यह बैठक ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और जलवायु परिवर्तन जैसे साझा हितों पर केंद्रित होगी।

## ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● **अमेरिकी सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप**

अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क और उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने वाले संस्थानों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन संस्थानों पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के विरुद्ध ईरानी हमलों में तकनीकी सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने का आरोप है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह तस्वीरें प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की तकनीकी सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी वित्त विभाग ने 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जो ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए कच्चा माल और हथियार प्राप्त करने में मदद कर रहे थे। प्रतिबंधित संस्थानों में मुख्य रूप से चीन स्थित कंपनियाँ शामिल हैं। इनमें 'मीनट्रॉपी टेक्नोलॉजी' और 'द अर्थ आई' पर ईरानी सैन्य उपयोग के लिए डेटा उपलब्ध कराने का आरोप है। वहीं, 'चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड' पर आरोप है कि उसने अमेरिकी सैन्य स्थलों की तस्वीरें एकत्र कर पहले से प्रतिबंधित हूतियों को डेटा प्रदान किया था।

यह कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद ईरान की सैन्य आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने के अमेरिकी अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद उठाया गया है।

## रूस ने मनाई विजय दिवस की 81वीं वर्षगांठ

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने शनिवार को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की 81वीं वर्षगांठ 'विजय दिवस' के रूप में मनाई। इस अवसर पर मॉस्को के रेड स्क्वायर में भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया और देशभर में छोटे सैन्य जुलूस निकाले गए। इस युद्ध में जान गंवाने वाले लगभग 2.7 करोड़ सोवियत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

रूस में यह दिवस हर साल 9 मई को मनाया जाता है, क्योंकि 1945 में जर्मनी के आत्मसमर्पण के समय मॉस्को में 9 मई की तारीख हो चुकी थी। समारोह के दौरान रूस ने दो दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी, हालांकि यूक्रेन ने इसे स्वीकार नहीं किया। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि कीव 9 से 11 मई तक युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है।यूक्रेन संघर्ष के कारण इस वर्ष पश्चिमी देशों में सोवियत प्रतीकों पर प्रतिबंधों का असर भी आयोजनों पर देखने को मिला।

### रूस-यूक्रेन में कैदियों की अदला-बदली पर सहमति

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विजय दिवस के अवसर पर रूस और यूक्रेन के बीच 9 से 11 मई तक तीन दिनों के युद्धविराम की घोषणा की है। इस समझौते के तहत दोनों देश 'हजार के बदले हजार' के अनुपात में कैदियों की अदला-बदली भी करेंगे, जो चार साल से जारी संघर्ष के दौरान अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि यह समझौता राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता के बाद संभव हुआ है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध में दोनों देश सहयोगी थे। श्री उशाकोव के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन इस प्रक्रिया में यूक्रेन के साथ भी निरंतर संपर्क में था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी पुष्टि की है कि यूक्रेन इस युद्धविराम का पालन करेगा और यह अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे शांति प्रयासों का हिस्सा है।यह घोषणा पिछले कई दिनों से जारी भारी तनाव और एक-दूसरे पर हमलों के आरोपों के बीच हुई है। इससे पहले रूस ने 9 मई के लिए एकतरफा युद्धविराम की बात कही थी, जबकि यूक्रेन का दावा था कि उसने 6 मई से ही व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था जिसे रूस ने नजरअंदाज कर दिया।सुरक्षा कारणों और यूक्रेन द्वारा संभावित हमलों की आशंका के चलते लगभग दो दशकों में पहली बार रूस की विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया गया। अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और मॉस्को व सेंट पीटर्सबर्ग जैसे शहरों में मोबाइल इंटरनेट सुविधाओं पर प्रतिबंध की चेतावनी दी गई है। इस वर्ष रेड स्क्वायर की सैन्य परेड का पैमाना भी काफी छोटा रखा गया है, जिसमें केवल बेलारूस, मलेशिया, लाओस और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के ही शामिल होने की उम्मीद है।

### तपती गर्मी और टाइगर का टशन



**जयपुर।** राजस्थान की मरूधरा पर सूरज इन दिनों आग उगल रहा है और पारा आसमान छू रहा है। जब इंसान बेहाल हैं, तो जंगल के राजा को गर्मी कैसे न सताए? जयपुर के मशहूर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से एक बेहद सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई है।पार्क के 'महाराज' यानी हमारे टाइगर को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए वनकर्मियों ने खास इंतज़ाम किया। शनिवार को जब गर्मी अपने शबाब पर थी, तब वन विभाग के एक जांबाज कर्मचारी ने पाइप उठाकर टाइगर को 'शाही स्नान' कराया। ठंडे पानी की फुहारें जैसे ही बाघ के बदन को छुईं, उसकी सारी थकान और गर्मी काफूर हो गई। पार्क प्रशासन का कहना है कि ये 'शाही शॉवर' सिर्फ शौक नहीं, बल्कि ज़रूरत है। ● एजेंसी

## अमेरिका का एच1बी वीजा धारकों को काम पर रखने के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने H-1B वीजा कार्यक्रम के तहत विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन सीमा में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। अमेरिकी श्रम विभाग द्वारा 'अमेरिका में विदेशी नागरिकों के अस्थायी और स्थायी रोजगार के लिए वेतन सुरक्षा में सुधार' शीर्षक से पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य स्थानीय अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना और विदेशी कर्मचारियों द्वारा उनके वेतन स्तर को कम करने की संभावना को रोकना है।विभाग के अनुसार, मौजूदा वेतन स्तर लगभग 20 साल पुराने हैं और वर्तमान आर्थिक स्थिति के अनुरूप नहीं हैं।

प्रस्तावित परिवर्तनों का सीधा असर H-1B के साथ-साथ H-1B1, E-3 और PERM श्रम प्रमाणन कार्यक्रमों पर भी पड़ेगा। प्रस्ताव पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। जहाँ अधिकारी इसे स्थानीय रोजगार सुरक्षा के लिए जरूरी मान रहे हैं, वहीं विरोधियों का कहना है कि वेतन में अचानक इतनी बड़ी वृद्धि से छोटी कंपनियाँ नए और प्रवेश स्तर के कर्मचारियों को नियुक्त नहीं कर पाएंगी। श्रम विभाग ने इस नियम पर 26 मई तक सार्वजनिक सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद प्रतिक्रियाओं की समीक्षा कर अंतिम नियम अधिसूचित किया जाएगा।

### भारत पर संभावित प्रभाव

आईटी कंपनियों पर वित्तीय बोझ : टीसीएस (TCS), इंफोसिस और विप्रो जैसी भारतीय कंपनियों के लिए परिचालन लागत बढ़ जाएगी। चूंकि 70% से अधिक H-1B वीजा भारतीयों को मिलते हैं, इसलिए वेतन में 30-33% की वृद्धि से कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन पर सीधा असर पड़ेगा।

जूनियर पेशेवरों के लिए मुश्किल : प्रवेश स्तर (Level-1) के वेतन में भारी बढ़ोतरी के कारण अब कंपनियां कम अनुभवी इंजीनियरों को अमेरिका भेजने के बजाय अनुभवी पेशेवरों को प्राथमिकता देंगी। इससे नए युवाओं के लिए अमेरिका जाकर काम करने के अवसर कम हो सकते हैं।

ऑफशोरिंग में वृद्धि : उच्च लागत से बचने के लिए अमेरिकी कंपनियां काम को भारत (Offshore) स्थानांतरित कर सकती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार ट्रांसफर हो सकता है।

**वृष** – आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है।

**कर्क** – आज आप नया व्यवसाय आरंभ करने के विचार में हैं। घर में साज-सजावट करेंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** – आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बच्चों पर अपनी मर्जी को न थोपें। शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**तुला** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** – आज आपके कार्य की गति कुछ धीमी रहेगी। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में परेशानी हो सकती है।


**मकर** – आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे।

**कुंभ** – आज क्रोध के कारण संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। शांतचित्त के लोगों के साथ समय बिताएं। नकारात्मक बातें हावी हो सकती हैं।

**मीन** – आज शुभ कार्यों पर आप अत्यधिक धन खर्च करेंगे। आपकी मनोस्थिति मजबूत रहेगी। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अष्टमी 15 .06 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-धनिष्ठा 11 मई 00 .50 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### सुडोकू - 144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

उपलब्धि

डॉ . एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का चीरा सीना

# अग्नि : भारत ने भरी महाशक्ति बनने की उड़ान



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली**

भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और ऊंची छलांग लगाते हुए दुनिया को अपनी ताकत का लोहा मनवा दिया है। शनिवार को रक्षा मंत्रालय ने उस गौरवशाली पल की तस्वीर साझा की, जब डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम द्वीप से आधुनिक 'अग्नि' मिसाइल ने धुआं उगलते हुए आसमान का सीना चीर दिया।

इस मिसाइल की सबसे बड़ी खूबी इसका MIRV (मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल) सिस्टम है। आसान भाषा में कहें तो यह एक ऐसी 'स्मार्ट' मिसाइल है जो अंतरिक्ष में जाने के बाद एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर सटीक निशाना साध सकती है। यानी एक तीर, और कई निशाने!शुक्रवार, 8 मई को हुआ यह परीक्षण न केवल भारत की तकनीकी महारत को दर्शाता है, बल्कि हिंद महासागर से लेकर पूरे क्षेत्र में देश की सुरक्षा दीवार को अभेद्य बनाता है। यह 'अग्नि' का नया अवतार दुश्मनों के लिए एक साफ संदेश है कि भारत की सरहदें अब पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और ताकतवर हाथों में हैं।

### अग्नि : क्यों है खास

अग्नि मिसाइल की यह नई तकनीक भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करती है जिनके पास MIRV (बहु-लक्ष्यीय स्वतंत्र रूप से लक्षित) क्षमता है।

**एक साथ कई शिकार:** इस तकनीक की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एक ही मिसाइल के ऊपर कई 'वॉरहेड' (बम) लगाए जा सकते हैं। हवा में एक निश्चित ऊंचाई पर पहुँचने के बाद, यह मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में अपने वॉरहेड्स को छोड़ सकती है, जो अलग-अलग शहरों या ठिकानों को एक साथ निशाना बना सकते हैं।

**मिसाइल डिफेंस को चकमा:** दुश्मन के रडार और मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक मिसाइल को रोकना आसान होता है, लेकिन जब एक ही मिसाइल से अचानक 3-4 वॉरहेड अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते हैं, तो उन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

**स्वदेशी तकनीक का दम:** अग्नि-5 और इसके उन्नत संस्करणों को DRDO ने भारत में तैयार किया है। मारक क्षमता 5,000 से 7,000 किमी तक है, जिसका मतलब है लगभग पूरा एशिया और यूरोप का एक बड़ा हिस्सा ।

**डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि:** यह परीक्षण उसी द्वीप (व्हीलर आइलैंड) से किया गया जिसका नाम भारत के 'मिसाइल मैन' डॉ. कलाम के नाम पर रखा गया है।



> आईपीएल से पहले टीम के अंदर हुए एक अभ्यास मैच के दौरान श्रेयस भाई ने मुझसे कहा था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और मुझे ज्यादा सोचना नहीं चाहिए। अगर मैं उन चीजों के बारे में सोचता जो मेरे नियंत्रण में नहीं थीं तो मैं उस स्थिति में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता।।
> –सूर्यांश शेडगे


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 10 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स

समय - शाम 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

### हाईलाइट



लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान महिला सेमीफाइनल में जर्मनी की यिंग हान के खिलाफ सर्विस करतीं जापान की मिवा हरिमोटो। एजेंसी

### फुटबॉल विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा



टोरंटो। बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13 :30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा। यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिसेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रयेज़, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिंस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

### मेसी ने वर्ल्ड कप में नेमार की वापसी का किया समर्थन

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी का मानना है कि नेमार अभी भी फुटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्राजील का यह फॉरवर्ड अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए समय पर वापसी कर लेगा। ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी नेमार ने अक्टूबर 2023 के बाद से अपने देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है। उस समय उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच के दौरान उनके घुटने का लिगामेंट टूट गया था। अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद से उनकी चोटों की समस्याएं जारी रही हैं। इस वजह से इस साल सभी प्रतियोगिताओं में वह सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं, जबकि 2025 में 28 मैच खेले थे।

# राजस्थान को रौंदकर गुजरात ने बढ़ाया प्लेऑफ की तरफ कदम

## आईपीएल-2026 : गिल की विस्फोटक पारी के बाद राशिद ने झटके चार विकेट

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन के शानदार अर्धशतक के बाद राशिद खान (33 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के अहम मुकाबले में शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 77 रन से शिकस्त देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया।

टाइटंस ने मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर चार विकेट पर 229 रन बनाने के बाद रॉयल्स की पारी को 16.3 ओवर में 152 रन पर समेटकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस बड़ी जीत से टाइटंस की टीम अपना नेट रन रेट सुधारने में सफल रही। टीम की यह 11 मैचों में सातवीं जीत है और वह 14 अंक के साथ तालिका में पांचवें से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रॉयल्स इतने ही मैचों में पांचवीं हार के बाद 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

राशिद को गेंदबाजी में जेसन होल्डर (12 रन पर तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (33 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 55 रन लुटाए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी का अहम विकेट चटकाया। रॉयल्स के लिए रविंद्र जडेजा ने 25 गेंदों में 38, वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में 36 और ध्रुव जुरेल ने 10 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया।



जीत का जश्न मनाते गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (दाएं) व राशिद खान।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर गिल ने बाएं पैर में परेशानी के बावजूद 44 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से तेजतर्रार 84 रन बनाए।

सुदर्शन ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की सहायता से 55 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। पारी के अंतिम ओवरों में वॉशिंगटन सुंदर ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए, जबकि राहुल तेवतिया ने चार गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। तेवतिया ने आखिरी ओवर में दो छक्के जड़े, जिससे टीम ने 21 रन बटोरे और मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 47 रन देकर दो विकेट झटके। इसके अलावा यश राज पुंजा और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने शुरुआती दो ओवरों में सिराज और रबाडा के खिलाफ छक्के जड़कर रॉयल्स को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने सिराज के खिलाफ तीसरे ओवर में भी तीन चौके जड़े, लेकिन इस अनुभवी गेंदबाज की बाउंसर पर हवा में शॉट खेल बैठे और अरशद खान ने आसान कैच पूरा किया।

### गुजरात टाइटंस

**229/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का आर्चर बो यश राज | 55 |
| शुभमन गिल का देशपांडे बो बृजेश | 84 |
| जोस बटलर का फरेरा बो जडेजा | 13 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 37 |
| जेसन होल्डर का जायसवाल बो बृजेश | 07 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 14 |

अतिरिक्त: 19, विकेट पतन: 1-118, 2-150, 3-185, 4-205, गेंदबाजी : आर्चर 3-0-46-0, देशपांडे 4-0-52-0, बृजेश 4-0-47-2, यश राज 4-0-37-1, जडेजा 4-0-34-1, फरेरा 1-0-11-0

### राजस्थान रॉयल्स

**152/10** (16.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का सिंधू बो रबाडा | 03 |
| वैभव सूर्यवंशी का अरशद बो सिराज | 36 |
| ध्रुव जुरेल बो राशिद | 24 |
| शिमरोन हेटमायर का होल्डर बो रबाडा | 06 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा राशिद | 38 |
| डोनोवन फरेरा बो राशिद | 04 |
| शुभमन दुबे बो राशिद | 15 |
| दासून शनाका का गिल बो होल्डर | 16 |
| जोफ्रा आर्चर का बटलर बो होल्डर | 05 |
| तुषार देशपांडे का वाशिंगटन बो होल्डर | 01 |
| बृजेश शर्मा नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 03, विकेट पतन: 1-38, 2-40, 3-68, 4-87, 5-91, 6-115, 7-136, 8-141, 9-151, गेंदबाजी: सिराज 4-0-55-1, रबाडा 3-0-33-2, साई किशोर 1-0-8-0, राशिद 4-0-33-4, वाशिंगटन 2-0-10-0, होल्डर 2.3-0-12-3

**77** रनों के विशाल अंतर से हराकर तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंचा गुजरात टाइटंस

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.228 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 5. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 8. | दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 4 | 7 | 0 | 8 | -1.154 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप






- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

### पर्पल कैप






- कागिसो रबाडा गुजरात-18 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट

### प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगा चेन्नई

चेन्नई। अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को यहां सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है। लखनऊ की टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।

### मुंबई के खिलाफ आरसीबी को करना होगा दमदार प्रदर्शन

रायपुर। पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

# तीरंदाजी विश्व कप में जाधव ने लगाया कांस्य पदक पर निशाना

शंघाई, एजेंसी




विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।

भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत होगी।

जाधव पहले सेट के बाद एक अंक से पीछे चल रहे थे क्योंकि 40 वर्षीय डैम्सबो ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में परफेक्ट 30 का स्कोर बनाया जबकि डैम्सबो 27 का स्कोर ही बना पाए। इससे जाधव को कुल 59-57 की बढ़त हासिल करने में मदद मिली। इसके बाद जाधव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने अंतिम नौ तीरों में से केवल दो अंक गंवाकर तीन अंक की यादगार जीत हासिल की।

जाधव ने पहले दौर में हमवतन अभिषेक वर्मा को, प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के रूवेन फ्लुस को और क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के 2022 के विश्व चैंपियन निको विएनर को शूट-ऑफ में हराया था। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें फ्रांस के मौजूदा विश्व चैंपियन निकोलस गिरार्ड से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा था।

# विनेश के नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती में शामिल होने पर रोक

- प्रतियोगिता से एक दिन पहले विनेश फोगाट को बड़ा झटका
- डब्लूएफआई ने कारण बताओ नोटिस देकर मांगा जवाब

संवाददाता गोंडा




अमृत विचार। जिले के नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय नेशनल ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से ठीक 24 घंटे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट को बड़ा झटका लगा है। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने से फिलहाल रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

शनिवार दोपहर जारी किऑ गए इस नोटिस में विनेश फोगाट से कई गंभीर आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डब्लूएफआई ने साफ किया है कि जवाब मिलने के बाद ही उनके प्रतियोगिता में भाग लेने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

विनेश को 14 दिनों के भीतर अपना जवाब देना होगा। भारतीय कुश्ती संघ की ओर से नोटिस उनके पंजीकृत पते, ईमेल आईडी और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है, ताकि बाद में नोटिस न मिलने का विवाद न हो सके। भारतीय कुश्ती संघ की तरफ से जारी नोटिस में विनेश फोगाट पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें संन्यास की घोषणा करने के बाद दोबारा वापसी, अनुशासनहीनता और भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला आचरण शामिल है। संघ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में निर्धारित वजन सीमा तक नहीं पहुंच पाने के मामले को भी नोटिस में शामिल किया है। डब्लूएफआई का कहना है कि इससे भारतीय कुश्ती को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। इसके अलावा भारतीय कुश्ती संघ के संविधान और नियमों के बार-बार उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। नोटिस में डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन का मामला भी शामिल है।

भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह के हस्ताक्षर से जारी इस नोटिस में कहा गया है कि विनेश फोगाट ने 18 दिसंबर 2025 को एक अनिवार्य टेस्ट मिस किया गया था, जिसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने 4 मई 2026 को भेजे गए पत्र के माध्यम से दी थी। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि 11 मार्च 2024 को एनआईएस पटियाला में आयोजित चयन ट्रायल में उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों वर्गों में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता नियमों का उल्लंघन किया।

### गोंडा में आयोजित प्रतियोगिता को लेकर लगाया था आरोप

गोंडा। गोंडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर विनेश फोगाट पहले भी भारतीय कुश्ती संघ पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पंजीकरण में बाधा डाली जा रही है। हालांकि डब्लूएफआई ने दावा किया था कि आरोप लगाने से पहले ही उनका पंजीकरण हो चुका था। इसके बाद विनेश ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि "बृजभूषण के इलाके में कुश्ती हो रही है, वहां मैं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती। अगर मेरे साथ कुछ होता है तो सरकार जिम्मेदार होगी।" भारतीय कुश्ती संघ ने उस समय उनके आरोपों को खारिज कर दिया था। वहीं अब शो कॉज नोटिस जारी होने के बाद मामला और गरमा गया है।

**आईपीएल** | देर रात तफरीह करने के आ रहे थे वीडियो, बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने खिलाड़ियों समेत पूरे स्टाफ को किया आगाह

# प्रतिबंधित जगहों पर रील बनाना बोर्ड के कड़े रुख की वजह

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रतिबंधित जगहों पर रील्स बनाना, सुरक्षा मंजूरी के बिना तफरीह करना और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से खिलाड़ियों की निकटता ऐसी वजहें रही जिनके कारण बीसीसीआई को कड़े परामर्श जारी करने पड़े और अब आईपीएल टीमें निजता से समझौता किए बिना इनका पालन करने की कोशिश में जुटी हैं।

बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत मेहमानों को लेकर चेताया और यह भी आगाह किया कि यह 'हनी ट्रैप' हो सकता है। नतीजतन बीसीसीआई ने परामर्श जारी किया जिसमें मेहमानों पर प्रतिबंध के साथ खिलाड़ियों को अपनी गतिविधियों के बारे में सुरक्षा अधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन के प्रमुख मामलों में खिलाड़ियों की इंफ्लुएंसर्स से निकटता है जिनकी सेवायें प्रतिभागी टीमों के लिये सोशल मीडिया कंटेट तैयार करने के मकसद से अल्प अवधि के लिये ली जाती हैं। एक घटना में टीम के युवा खिलाड़ियों में से एक ने कंटेट टीम के नये सदस्य से रील्स बनाने, वीडियो और तस्वीरें लेने में उनकी मदद करने के लिए कहा जो उनके निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने के लिये था। किसी खिलाड़ी के लिए नियो-मीडिया कंटेंट बनाने के लिए बाहर से मदद लेना कोई नयी बात नहीं है लेकिन इस खास मामले में ब्लॉगर ने ''ट्रैक्शन'' पाने के लिए अपने प्राइवेट अकाउंट पर कुछ वीडियो और तस्वीरों का इस्तेमाल किया। यह शूट सीमारेखा के भीतर किया गया जिसमें टीम के अभ्यास और अन्य मैदानी गतिविधियों के दृश्य हैं। बाद में खिलाड़ी के होटल के कमरे के भी दृश्य इसमें हैं।

एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने पीटीआई से कहा हमें बीसीसीआई से नये नियमों के निर्देश मिले हैं और उनका पालन कराने के उपाय किये जा रहे हैं। नये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और यह आधुनिक ट्रेंड है जिसे स्वीकार करना होगा लेकिन बीसीसीआई द्वारा तय सीमा के भीतर ही किया जाना चाहिए। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं है। यह एक मसला है। हम खिलाड़ियों और कंटेंट टीमों को बीसीसीआई के नियमों और उन्हें तोड़ने के परिणामों से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा हम कंटेट टीम के सदस्यों की संख्या भी कम कर रहे हैं खासकर उनकी जिन्हें आईपीएल सत्र के दौरान दो तीन महीने के लिये नियुक्त किया जाता है। सीनियर खिलाड़ियों को नियमों के बारे में पता है और यह भी पता है कि उनका पालन कैसे करना है। पहली बार आईपीएल खेल रहे क्रिकेटरों को हालात की गंभीरता के बारे में पता नहीं है।



### अनाधिकृत आगंतुकों को लेकर गहराई चिंता

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के कमरों में अनधिकृत आगंतुकों को लेकर बोर्ड की चिंता गहरा गई जब हाल ही में एक और खिलाड़ी अक्सर देर रात तक अपने कमरे में कुछ लोगों की मेजबानी करता पाया गया। बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी ने टीम मैनेजर को समन किया लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं था। मैनेजर ने टीम में खिलाड़ी की वरिष्ठता का हवाला देकर उसका बचाव करने की कोशिश की। आईपीएल में बतौर टीम मैनेजर लंबे समय तक काम कर चुके एक पूर्व अधिकारी ने कहा मैं हैरान नहीं हूं। कई बार खिलाड़ी अपने कद का फायदा उठाकर नियमों को ताक पर रख देते हैं।

# इटालवी ओपन के दूसरे दौर में डिनो से हारकर नोवाक जोकोविच बाहर

रोम, एजेंसी



छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटालवी ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज़मिक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए, जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, एलेना रायबाकिना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुँच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोकोविच और प्रिजमिक के बीच यह पहली भिड़ंत थी।

जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली। छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक ज़ोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिज़मिक ने जोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेज़ी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पाँचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, हालाँकि उन्होंने यह माना कि वे आधा कदम पीछे रह गए।